रांची, सोमवार
15.07.2024
वर्ष : 9, अंक : 224 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988




## संक्षिप्त खबरें

### रांची में 21 जुलाई के बाद स्मार्ट मीटर होंगे प्रीपेड

**रांची।** राजधानी रांची के उपभोक्ताओं के घरों में लगे स्मार्ट मीटर 21 जुलाई के बाद से प्रीपेड होने लगेंगे। इसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जायेगा। इसके लिए दिशा-निर्देश जारी किया जाएगा। इस संबंध में झारखंड ऊर्जा संचरण निगम (जेयूएसएनएल) के एमडी केके वर्मा ने बताया कि जिनका मोबाइल नंबर टैग नहीं हुआ है वह संबंधित बिजली ऑफिस जाकर कंज्यूमर नंबर के साथ अपना मोबाइल नंबर टैग करा लें, ताकि वाट्सएप पर भी सेवा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से बिजली राजस्व का काम देख रही एचसीएल की सेवा अब समाप्त कर दी गयी है। अब जेबीवीएनएल राजस्व के सारे काम को अपने हाथ में ले रहा है। इसी कड़ी में रांची में लगे स्मार्ट मीटर को प्रीपेड किया जायेगा। इसे डिवीजन वाइज अलग-अलग चरणों में किया जायेगा। रांची में अब तक 2.5 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। लक्ष्य 3.5 लाख घरों का है। अबक 25 हजार उपभोक्ताओं के मीटर प्रीपेड किये जा चुके हैं। अगस्त तक सबका मीटर प्रीपेड किया जाना है।

### कुपवाड़ा सेक्टर में सेना और आतंकियों के बीच एनकाउंटर, तीन आतंकी ढेर

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा सेक्टर में सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। जानकारी के मुताबिक, इस एनकाउंटर में सेना के जवानों ने तीन आतंकियों को ढेर कर दिया। बता दें कि जम्मू के कठुआ में सेना की गाड़ी पर घात लगाकर किए गए हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के विभिन्न इलाकों में सेना सर्च ऑपरेशन चला रही है। सेना ने पिछले एक हफ्ते में करीब 10 आतंकियों ढेर किया है। घुसपैठियों के एक समूह को सेना ने रोकने की कोशिश की जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई। जानकारी के मुताबिक सेना ने घुसपैठ का प्रयास कर रहे तीन आतंकियों को मार गिराया जिनके शव बरामद किए जा रहे हैं। ऑपरेशन अभी भी चल रहा है।

### कांग्रेस नेता गौरव गोगोई लोकसभा में होंगे पार्टी के उप नेता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता गौरव गोगोई लोकसभा में पार्टी के उप नेता की भूमिका निभाएंगे। इस संबंध में कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष को जानकारी देते हुए पत्र लिखा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि कांग्रेस संसदीय दल के नेता सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर पार्टी के उप नेता, मुख्य सचेतक और दो सहायक सहित सचेतकों की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सांसद कोडिकुन्निल सुरेश पार्टी के मुख्य सचेतक होंगे। सांसद मणिकम टैगोर और सांसद मोहम्मद जावेद लोकसभा में पार्टी के सचेतक होंगे।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना





बिभा संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को बनारस (वाराणसी) पहुंचे। यहां उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा विश्वनाथ से झारखंडवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री काल भैरव के मंदिर पहुंचे और वहां भी प्रार्थना की। इस दौरान हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन भी मौजूद रहीं।

इससे पहले मुख्यमंत्री बनारस की गलियों में घूमे। उन्होंने कहा कि बनारस की गलियों में दुनिया का सार छिपा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर बनारस की सारी तस्वीरें साझा की है। पहले पोस्ट में मुख्यमंत्री बनारस की गलियों में घूमते नजर आ रहे हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा कि बनारस की गलियों में दुनिया का सार छिपा है। दूसरे पोस्ट में हेमंत ने चार तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वो बाबा विश्वनाथ की पूजा-अर्चना करते नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्ट में भी हेमंत ने चार फोटोज शेयर किया है। इसमें दोनों पति-पत्नी काल भैरव को हाथ जोड़कर प्रणाम कर रहे हैं।

हेमंत सोरेन शनिवार को ही वाराणसी पहुंचे हैं। वे वहां एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे हैं।

## मुख्यमंत्री सोरेन ने सपत्नीक किए मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन

**मीरजापुर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के साथ रविवार को मां विन्ध्यवासिनी के दर्शन किए। दर्शन-पूजन के बाद सोरेन ने कहा कि जगत का पालन करने वाली माता बड़ी दयालु हैं। मां का आशीर्वाद लेने यहां आया हूं। यह वह परम पावन धाम है जहां से कोई हाथ खाली नहीं जाता। मुख्यमंत्री सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ पुराने वीआईपी मार्ग से मंदिर के गर्भगृह में पहुंच वेदपाठ व पौराणिक मंत्रों के साथ मां विंध्यवासिनी का पूजन-अर्चन किया। दर्शन-पूजन के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में सोरेन ने कहा कि वे छह माह जेल में रहे।



न्याय प्रक्रिया के तहत बाहर आया। मां के आशीर्वाद से ही बल मिलता है। हमारा जो संकल्प है उसे जारी रखेंगे। देश की जनता का निर्णय है। हम लोग जरूरतमंद लोगों के लिए समर्पित रहते हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपनी-अपनी बातें रखते हैं। जनता को जो समझ आता है। उसके अनुरूप हमें परिणाम भी मिलते हैं। जनता का आशीर्वाद हमारी बड़ी ताकत है।

# कांग्रेस-जेएमएम झूठ बोलने की मशीन, सेट करते हैं गलत नैरेटिव : शिवराज

बिभा संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस को ऐसा लग रहा है कि 99 सीटें प्राप्त कर उनने बड़ा तीर मार लिया है। राहुल को चिंदी मिल गयी तो बजाज बन गये। शिवराज सिंह ने कहा कि हमारी 243 और एनडीए के साथ 293 सीटें आई। लोकसभा में जब अध्यक्ष के चुनाव की बारी आयी तो पूरा इंडी गठबंधन कांग्रेस और उनके साथी मैदान छोड़कर भाग गये। उनको पता था कि बहुत बुरा हारेंगे। क्योंकि, लोकसभा में भारी बहुमत नरेन्द्र मोदी को प्राप्त हुआ है।

शिवराज सिंह चौहान रविवार को राजधानी रांची के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और जेएमएम झूठ बोलने की मशीन हैं। वे गलत नैरेटिव सेट करते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। राहुल कभी अग्निवीर के बारे में झूठ बोलते हैं तो कभी झूठ बोलते हैं कि किसानों को एमएसपी नहीं दे रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां होगी वहां गड़बड़ होती होगी। हमारी सरकारें सब जगह दे रही हैं।




### झामुमो ने कोई वादा पूरा नहीं किया

शिवराज ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कितने वादे किये थे। इनके निश्चय पत्र पर सैंकड़ों वादे लिखे हैं। आज मैं जवाब मांग रहा हूं। हेमंत सोरेन हों, कांग्रेस हो या गठबंधन के लोग बताओ कौन सा वादा पूरा किया है। नौजवानों को कहा था, सरकारी नौकरी देंगे। नौकरी नहीं दी तो पांच हजार रुपये स्नातक को और सात हजार रुपये स्नातकोत्तर को बेरोजगारी भत्ता देंगे। बताओ किसी एक को भी बेरोजगारी भत्ता दिया है? नौकरियां मिल रही हैं? कितने बड़े झूठे हैं ये। बहनों से भी कई वादे किये थे कि घर खर्च के लिए दो हजार रुपये महीना देंगे। मैं पढ़कर बता देता हूं, इनने लिखा है कि पूरे राज्य में महिला बैंक की स्थापना की जायेगी। हर गरीब महिला को अपनी आकस्मिक जरूरतों के लिए 50 हजार का कर्ज.बिना किसी गारंटी के आधार कार्ड पर देंगे। बताओ किसी को मिला क्या? मैं नौजवानों से कहता हूं कि जाओ और मांगों पांच हजार रुपये और सात हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता।


### महिलाओं का सम्मान सुरक्षित नहीं

शिवराज ने कहा कि ये कैसी सरकार है? जहां माता, बेटी, बहन की इज्जत सुरक्षित नहीं है। सम्मान सुरक्षित नहीं है। घुसपैठिए खुलकर छेड़ रहे हैं। वो भारत का नहीं है, वो झारखंड का नहीं है। वो आते हैं बांग्लादेश से और वोटों के लालच में आईडी से लेकर आधार बनवाते हैं। जेएमएम और कांग्रेस को कोई चिंता नहीं है। चाहे देश चला जाये लेकिन वोट मिल जाये। वोट के भूखों झारखंड को तबाह और बर्बाद तो मत करो। बाहर से आओ शादी कर लो और उनके नाम से जमीन खरीद लो। उनको चुनाव लडा दो। पंचायतों पर कब्जा कर लो। ये खेल झारखंड को तबाह और बर्बाद कर देगा।

राहुल गांधी द्वारा सदन में दिये गये बयान पर शिवराज ने कहा कि राहुल गांधी को हिंदू के बारे में पता नहीं है। राहुल कहते हैं कि हिंदू हिंसक हैं। राहुल बाबा हिंदुत्व की पहचान तुम क्या जानो? ये मेरा है, ये तेरा है। ये सोच छोटे दिल वालों की होती है। जो विशाल हृदय के होते हैं वो कहते हैं सारी दुनिया ही एक परिवार है। ये हिंदुत्व है। धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो ये हिंदुत्व है और केवल मनुष्य में नहीं प्राणियों में सद्भावना हो ये हिंदुत्व है। सब सुखी हों, सब निरोग हों, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो ये हिंदुत्व है और ये भारत की हजारों साल पुरानी परंपरा है।

शिवराज ने कहा कि मैं केवल सरकार की बात नहीं करता। रोज हत्याएं हो रही हैं। आम आदमी की सुरक्षित नहीं है और मदमस्त सरकार मस्ती में चूर है। उन्होंने कहा कि यदि पांच साल इनकी सरकार और रह गई तो बचाने को कुछ बचेगा नहीं। इसलिए संकल्प लो चाहे कुछ हो जाए। झारखंड की इस पवित्र धरती से लुटेरे और बेईमानों को सरकार हरा के रहोगे। भाजपा की सरकार लाकर रहोगे।

# ट्रम्प की हत्या का प्रयास, हमलावर मारा गया



एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार को पेंसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में भाषण के दौरान जानलेना हमला हुआ। पूर्व राष्ट्रपति हालांकि इस हमले में बाल-बाल बच गये।

इस हमले में दर्शक दीर्घा बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गयी और रिपब्लिकन सांसद के संबंधी समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार श्री ट्रम्प पेंसिल्वेनिया के बटलर में कल शाम लगभग सवा छह बजे अज्ञात बंदूकधारी की गोलीबारी में घायल हो गए। पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा में तैनात गुप्त सेवा के कर्मियों ने हमलावर को मार गिराया।

गुप्त सेवा ने कहा, एक बंदूकधारी और कम से कम एक दर्शक की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में श्री ट्रंप के कान से खून बहता देखा जा सकता है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, हमने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पूर्व राष्ट्रपति की हत्या के प्रयास की जांच की जा रही है। बटलर काउंटी के जिला अटॉर्नी रिचर्ड गोल्डिंगर ने कहा, संदिग्ध बंदूकधारी को मार गिराया गया है। गुप्त सेवा के प्रवक्ता एंथनी गुग्लिल्मी ने एक बयान में कहा,पिट्सबर्ग से लगभग 30 मील उत्तर बटलर में शाम करीब सवा छह रैली स्थल से बाहर ऊंचे स्थान से अचानक गोलियां दागी गयीं। इस दौरान ट्रम्प ने अपना हाथ अपने दाहिने कान पर रखा लिया और पोडियम पर झुक गये। सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया और मंच से नीचे ले गए। पूर्व राष्ट्रपति का चेहरा खून से लथपथ था।

## एनटीए का बड़ा फैसला: 19 को दोबारा आयोजित होगी सीयूईटी-यूजी परीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सीयूईटी-यूजी के 1000 से अधिक अभ्यर्थियों के लिए 19 जुलाई को दोबारा परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है। एनटीए ने 7 जुलाई को साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-यूजी 2024 की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी की थी और घोषणा की थी कि यदि परीक्षा के संचालन के बारे में छात्रों द्वारा उठायी गई कोई शिकायत सही पायी जाती है तो वह 15 से 19 जुलाई के बीच सीयूईटी-यूजी अभ्यर्थियों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करेगा। एजेंसी ने रविवार को पुनः परीक्षा कार्यक्रम की अधिसूचना तो जारी कर दी, लेकिन परिणाम की घोषणा पर चुप्पी साधे रखी, जिसमें पहले ही दो सप्ताह से अधिक की देरी हो चुकी है और अंतिम उत्तर कुंजी अभी तक अधिसूचित नहीं की गई है।

सीयूईटी-यूजी परिणाम में देरी ऐसे समय में हुई है, जब नीट और नेट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विवाद जारी है। एनटीए सूत्रों के अनुसार, अभ्यर्थियों द्वारा चुनी गई भाषा से इतर भाषा में प्रश्नपत्रों का वितरण दोबारा परीक्षा का एक कारण है और लगभग 1000 अभ्यर्थी छह राज्यों में फैले हुए हैं। एक सूत्र ने कहा, ₹कुछ शिकायतों में गलत प्रश्नपत्र वितरित होने के कारण समय की हानि शामिल है।₹ एनटीए जिन 1,000 सीयूईटी-यूजी अभ्यर्थियों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित कर रहा है, उनमें से कुल 250 अभ्यर्थी हजारीबाग के ओएसिस पब्लिक स्कूल से हैं, जो नीट-यूजी प्रश्नपत्र के कथित लीक के लिए भी जांच के दायरे में है। रविवार को जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, सीयूईटी (यूजी) 2024 परीक्षा के संबंध में 30 जून, 2024 तक अभ्यर्थियों से प्राप्त शिकायतों के साथ-साथ 7-9 जुलाई (शाम 05:00 बजे से पहले) के बीच आनलाइन भेजी गई शिकायतों की समीक्षा की गई है।

अधिसूचना में कहा गया है, ₹इन शिकायतों के आधार पर, प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए 19 जुलाई, 2024 को कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) मोड में दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। पांच मई को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा के दौरान भी गलत प्रश्नपत्र वितरित किया गया था, जिसके कारण एनटीए ने समय की हानि के कारण कृपांक प्रदान किए थे।

## मोदी के एक्स पर रिकॉर्ड 10 करोड़ फॉलोअर्स हुए

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोशल मीडिया पर देश और दुनिया में लोकप्रियता निरंतर बढ रही है और सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उनके फॉलोअर्स की संख्या 100 मिलियन यानी दस करोड़ हो गयी है जिससे वह दुनिया में ऐसी हस्ती के रूप में उभरे हैं जिसके सबसे अधिक फॉलोअर्स हैं।

एक्स पर श्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या विपक्षी इंडिया गठबंधन के 11 प्रमुख नेताओं के फॉलोअर्स की कुल संख्या से भी अधिक है। विपक्षी गठबंधन के नेताओं के कुल फॉलोअर्स की संख्या 9 करोड़ 50 लाख है जबकि श्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या 10 करोड़ है।



इसी तरह श्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या कई यूरोपीय देशों की जनसंख्या से भी कई गुणा अधिक है। श्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या न्यूजीलैंड की आबादी का 18 गुणा, कनाड़ा की आबादी का ढाई गुणा, ब्रिटेन की आबादी का 1.4 गुणा, जर्मनी की आबादी का 1.2 गुणा, इटली की आबादी का ढाई गुणा और आस्ट्रेलिया की आबादी का 3.7 गुणा है।

इसी तरह श्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या दुनिया के कई बड़े नेताओं अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन, कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी तथा कई अन्य बड़े नेताओं से कहीं अधिक है।

# 46 साल के बाद खोला गया पुरी जगन्नाथ का रत्न भंडार

एजेंसी

**ओडिशा :** ओडिशा सरकार ने सुप्रसिद्ध पुरी जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार 46 साल के लंबे इंतजार के बाद रविवार दोपहर को खोल दिया गया है। यहां सांपों की मौजूदगी की आशंका को लेकर स्नेक हेल्पलाइन के साथ ही मेडिकल टीम भी मौजूद थी। खजाने में प्रवेश करने वालों में ओडिशा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बिश्वनाथ रथ, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, एएसआई अधीक्षक डीबी गडनायक और पुरी के नाममात्र के राजा 'गजपति महाराजा' के प्रतिनिधि शामिल हैं।इससे पहले यह साल 1978 में खोला गया था। राज्य सरकार की तरफ से गठित 16 सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति ने रत्न भंडार को 14 जुलाई को खोलने की सिफारिश की थी।

राज्य सरकार ने मंदिर प्रबंध समिति के लिए एसओपी जारी की है। जिसमें खजाना खोलने सहित सभी कार्यों के लिए प्रक्रिया तय की गई है। इस दौरान रिजर्व बैंक और पुरातत्व विभाग के प्रतिनिधि मौजूद थे। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि दुनियाभर में रह रहे भगवान जगन्नाथ के भक्तों को काफी समय से इस पल का इंतजार था। पिछली इखऊसरकार ने अपने 24 साल के शासन के दौरान कभी रत्न भंडार नहीं खोला था। भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के एक महीने के भीतर इसे खोलने का फैसला किया है। हमने प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए इसे भगवान जगन्नाथ पर छोड़ दिया है। हरिचंदन ने कहा कि मंदिर का रत्न भंडार खोलने के बाद जेवरातों व कीमती चीजों की सूची तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम आभूषणों की जांच करेंगे और कीमती सामानों का वजन करेंगे। आपको बता दें कि मंदिर प्रबंध समिति ने एसओपी में कुछ बदलावों के साथ उड़ीसा त्नउ के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिस्वनाथ की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति के प्रस्तावों को मंजूरी के लिए भेजा। वहीं अब विभिन्न पहलुओं की जांच के बाद एसओपी को सरकार की मंजूरी दे दी गई है। मंदिर के खजाने को खोलने और इन्वेंट्री के लिए हर कार्य पूरा करने के लिए सभी प्रक्रियाएं तय की चुकी हैं। जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह भी कहा जा रहा है कि खजाने के आभूषणों की डिजिटल फोटोग्राफी कराई जाएगी। वहीं कानून मंत्री ने आगे कहा कि जेवरात की सूची को लेकर पारदर्शिता रखने के लिए हम फ्इक की मदद ले रहे हैं। सूची बनाए जाने के दौरान फ्इक के प्रतिनिधि वहां मौजूद रहेंगे। साथ ही प्रबंध समिति द्वारा गठित टीम के साथ काम करेंगे। हर कार्य के लिए अलग टीमें हैं। यहां पर सांपों के होने की संभावनाएं जताई जा रही है जिस वजह से एक मेडिकल टीम भी मौजूद कर दी गई है। मंदिर का खजाना आज शुभ मुहूर्त में खोला जाएगा। सबसे पहले पुरी जिला प्रशासन के पास मौजूद डुप्लिकेट चाबी के साथ खजाना खोलने की कोशिश होगी अगर ताला डुप्लिकेट चाबी से नहीं खुलता है तो मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ताले को तोड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य से न तो अनुष्ठान और न ही दर्शन प्रभावित होंगे। इस बार हमारी टीम तकनीक की मदद से कम समय में यह काम पूरा करने की कोशिश करेगी।

## इंदौर अब ग्रीन सिटी के नाम से भी जाना जाएगा: अमित शाह

एजेंसी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर रविवार को इंदौर पहुंचे केंद्रीय गृह अमित शाह ने यहां पौधरोपण अभियान में शामिल होकर मां के नाम पर एक पेड़ लगाया। इस अवसर पर उन्होंने रेवती रेंज में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इंदौर अब ग्रीन सिटी के नाम से भी जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना आसान है। उसे पाल कर बड़ा करना चुनौतीपूर्ण है।

अमित शाह तय समय से आधा घंटा विलंब से दोपहर 12.30 बजे विशेष विमान से इंदौर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले पितृ पर्वत पहुंचकर पितरेश्वर हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे वहां से रेवती रेंज स्थित बीएसएफ ग्राउंड पहुंचे और यहां मां के नाम पौधा रोपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। अमित शाह ने रेवती रेंज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आह्वान एक नारा बन जाएगा, यह किसी ने भी नहीं सोचा था। इंदौर देशभर में स्वाद, स्वच्छता, सुशासन, सहयोग और सहभागिता के लिए जाना जाता है। आज से इंदौर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण के नाम से भी जाना जाएगा। ये दुनिया में मिसाल बनेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया



**रांची(बिभा)।** चान्हो प्रखंड के सोंस पंचायत अंतर्गत दो स्थानों में रविवार को कलवट निर्माण शिलान्यास किया गया है। यह कलवट निर्माण सोंस पंचायत के ओम प्रकाश साहू के घर के नजदीक और दूसरा सोंस मस्जिद से लेकर महली टोला के पास निर्माण होगा । यह कलवट निर्माण 15 वें वित्त आयोग झारखंड सरकार द्वारा पारित किया गया है। कलवट का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य चान्हो मो आदिल अजीम के कर कमलों द्वारा किया गया। वहीं रोल पंचायत के गुटुवा में नाली निर्माण का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने किया। मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास का काम निरंतर चलता रहेगा। जनता की परेशानियों का हल करने की भरपूर कोशिश करूंगा। वहीं चान्हो पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने कहा कि मस्जिद के पास नाली की पानी के कारण आने जाने वालो को बहुत परेशानी हो रही थी। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता है कि अपने छेत्र में हर वो कार्य करना जिससे मेरे क्षेत्र के लोगो को दिक्कत नहीं हो। मौके पर चान्हो प्रखंड प्रमुख होलिका देवी, जयनाथ राम तिवारी, पुरुषोत्तम दुबे, चम्पा उरांव, मुन्ना पांडे, मो गयास, मंजर अकील, मो फिरदौस, मो नसीम, शमीम राय, नौशाद आलम, ब्रज नंदन साहू, भरत महली, मो इम्तियाज सहित अन्य उपस्थित थे।

### बकरी चराने गए दो सगे भाई-बहन की कुएं में डूबने से मौत

**मांडर(बिभा)।** बकरी चराने गए दो सगे भाई बहन की कुएं में से मौत हो गई। घटना रविवार शाम थाना क्षेत्र के लोयो पंचायत अंतर्गत सकरा गांव की है। बताया जाता है बिगा उरांव के बारह वर्षीय पुत्री खुशी उरांव और नव वर्षीय पुत्र निखिल उरांव दोनों भाई-बहन दोपहर में बकरी चराने घर से थोड़ी दूर खेतों में गए थे। बकरी चराते हुए एक कच्चा कुएं के निकट जा पहुंचे उसी दौरान निखिल खेलते हुए कुएं में जा गिरा उसे कुएं में डूबता देख बहन से रहा नही गया और खुशी भी बचाने के लिए कुएं में कूद गई। वहीं थोड़ी दूर में काम कर रहे लोगो को इसकी जानकारी मिली तो तत्काल दोनों को बचाने का प्रयास करने लगे। पर जब तक दोनों भाई-बहन को कुएं से बाहर निकाला गया तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद से जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं पूरे गांव में लोग घटना को लेकर सदमें में थे। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी मांडर पुलिस मिली तभी गांव पहुंच कर पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गाय।

### नबालिको ने फ्रिज तोड़ कोल्ड्रिंक की चोरी



**खलारी(बिभा)।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत धुर्वा मोड़ के पास अज्ञात नबालिको ने किराना दुकान में आधी रात में फ्रिज तोड़ कोल्ड ड्रिंक्स की चोरी कर बड़े ही सफाई से घटना को अंजाम दिया। जनकारी के अनुसार घटना लगभग 11 बजे रात्रि की बताया जाता है।दुकानदार के अनुसार रोजाना की तरह रात्रि 9:30 बजे दुकान बंद करके आराम करने चला गया। जिसके बाद दुकान के बाहर रखा कोल्ड फ्रिज को तोड़ कर बड़े ही आराम से कोल्ड ड्रिंक्स व अन्य खाने का सामान निकाल कर ले गए। चोर अपने साथ एक बोरा भी लाए थे।जिसमें कोल्ड ड्रिंक्स और खाने पीने का समान भर कर ले गए। जिसमें एक चोर ने दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरा पर नजर पड़ गया। जिसके बाद से चोरों ने कैमरा को क्षतिग्रस्त कर दिया। दुकानदार ने बताया कि बीते 10 दिनों के अंदर यह दूसरा घटना है।चोरी किया गया समान व फ्रिज का नुकसान लगभग 40 हजार तक का अनुमान है। सभी नाबालिक चोर 8 की संख्या में थे,जो की सीसीटीवी कैमरा में साफ साफ दिख रहे है। चोरी की घटना की सूचना दुकानदार के द्वारा पुलिस को दिया गया। मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी नाबालिक चोरों की पहचान कर और उन पर कारवाई कर रहे है।

### 11 सूत्री मांगो को लेकर चान्हो प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष झारखंड आंदोलनकारियों का प्रदर्शन 23 को



**खलारी(बिभा)।** झारखंड आंदोलनकारियों की चामा स्थित वीर बुधु भगत भवन में रविवार को एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता यहमाले नेता किशोर खंडित ने की और संचालन आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के चान्हो प्रखण्ड अध्यक्ष सिकंदर राम ने किया। बैठक में उपस्थित झारखंड आंदोलनकारियों ने सरकार से मांग किया की आंदोलनकारियों को मान सम्मान के साथ साथ रोजगार दिया जाए। साथ ही आंदोलनकारियों की मान्यता के लिए उनके जेल जाने की बाध्यता को भी खत्म किया जाए। वहीं बैठक में 23 जुलाई को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले चान्हो प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष 11 सूत्री मांगो को लेकर प्रदर्शन करने एवं बीडीओ को मांगो से संबंधित मांग पत्र सौंपने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संतोष राम,एतवारी देवी,हन्ना मिंज, सोमे उरांव,चुंदा उरांव,सुखी उरांव, रंका उरांव,भांगा उरांव,प्रभु उरांव,आबिद अंसारी,तेजू उरांव,महेंद्र लोहरा,महावीर उरांव, महावीर गंझू आदि उपस्थित थे।

### बेटी की शादी के लिए समाज सेवी ने की आर्थिक सहायता



**सिल्ली(बिभा) :** समाजसेवी अनिल सिंह मुण्डा ने रविवार को सिल्ली के उरांग गाड़ा छोटामुरी निवासी कमल मुंडा की बेटी सुषमा कुमारी की शादी के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया, ताकि उसकी शादी में कुछ मदद हो सकें। विदित हो कि श्री मुण्डा ने क्षेत्र में कई गरीब एवं असहाय परिवार की लड़कियों के शादी तथा कई असहाय परिवार के श्राद्ध कर्म के लिए फरिश्ता बन कर सहयोग कर चुके है। मुंडा का कहना है गरीब असहाय परिवार को सहायता करने पर मन को सुकून मिलता है।

# राज्य की खोयी अस्मिता को लौटाना ही हमारा राजनीतिक दायित्व : सुदेश महतो

बिभा संवाददाता



**रांची/ईचागढ़।** राज्य की खोयी अस्मिता को लौटाने और जनता के साथ विश्वास के संबंध को मजबूत बनाना ही हमारा राजनीतिक दायित्व है। आजसू पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता अपने दायित्वों के निर्वहन में दिन-रात मेहनत करें।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने भादुडीह चांडिल में आयोजित ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह में कही। मौके पर उपस्थित सभी चूल्हा प्रमुखों ने शपथ ग्रहण किया। चुल्हा प्रमुख हर एक परिवार की आवश्यकताओं को नेतृत्व प्रदान करने का काम करेगा। इस दौरान क्षेत्र के कई समाजसेवियों और युवाओं ने पार्टी का दामन थामा।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हम मिशन 2024 की शुरूआत आज ईचागढ़ से कर रहे हैं। आने वाले दिनों में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगे।

उन्होंने कहा कि राजनीति और जनादेश हमें दायित्व का बोध कराता है। पार्टी कार्यकर्ता अपने दायित्वों को समझें और जनता के बीच रहकर जमीनी स्तर पर काम करें।

उन्होंने राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल करार देते हुए कहा कि निशुल्क बिजली का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार निर्बाध बिजली देने में असफल है। गांव के लोग बिजली व्यवस्था से त्रस्त हैं। ट्रांसफॉर्मर खराब होने पर उसे बदलने में महिनों लग जाते हैं। यह राज्य में व्याप्त कुव्यवस्था का एक नजारा है। झारखंड को बिगड़े हालात से निकालना हम सबकी प्रतिबद्धता है।

मौके पर पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि राज्य की मौजूदा परिस्थिति से समाज का हर एक वर्ग हताश और निराश है। इस परिस्थिति को बदलने और राज्यवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा।

मौके पर उपस्थित सभी चूल्हा प्रमुखों को संबोधित करते हुए पार्टी के महासचिव हरेलाल महतो ने कहा कि चूल्हा प्रमुख पार्टी के मजबूत पिलर हैं। आने वाले चुनाव में हम सभी पूरी मजबूती के साथ चुनाव में जाएंगे और ईचागढ़ में बदलाव की पटकथा लिखेंगे।

इस अवसर पर पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहीस, महासचिव हरेलाल महतो, रविशंकर मौर्य, सचिव सुनिल सिंह, सत्यानारायण महतो, शुषेण महतो, मांझी साव (अशोक), सचिन महतो, आरती सिंह, अशित सिंह पातर, कुलक सतपति, गोपेश महतो, मनोरंजन ठाकुर, बादल महतो, चांडिल प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप,कुकरू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, कल्लु अंसारी , जिला महासचिव बुधेस्वर महतो, बैद्यनाथ महतो, योगेंद्र महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

**इन्होंने ली सदस्यता :**

प्रफुल्य गोप, निरंजन गोप, नरेन गोप, सुभाष तंतुवाई, श्याम पदों तंतुवाई, विश्वजीत गोप, सुमन गोप, मनोज गोप, शंकर गोप, गणेश गोराई, प्रकाश गोप, धर्मराज गोप, मोहित गोप, राधेश्याम गोप, अरूप गोप, विश्वनाथ गोप, निमाई गोप, धनंजय गोप, रोहित गोप, मालखान गोप, विशाल गोप, रविन्द्र गोप, सुमित गोप, शिला महतो, रोमनी बेसरा, रेखा हंसदा, सरस्वती देवी, चाँदमनी हंसदा, सुशिल सिंह मुंडा, रजनी मछुआ, शिला मछुआ, पूजा मछुआ, बीना मछुआ समेत कई युवाओं और समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## राष्ट्रीय सूड़ी समाज महिला मोर्चा के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

बिभा संवाददाता



**धनबाद ।** कोलाकुसमा के मंडल मार्केट में रविवार को राष्ट्रीय सूड़ी समाज महिला मोर्चा के कार्यालय का उद्घाटन जिला अध्यक्ष सोनाली मंडल, जिला उपाध्यक्ष महुआ मंडल और जिला महामंत्री कल्पना मंडल ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काट कर किया गया। जिला अध्यक्ष सोनाली मंडल ने कहा कि महिलाओं के मजबूती और सशक्तिकरण के लिए कार्यालय खोला गया है। धनबाद जिला में 11000 पेड़ लगाने का संकल्प लिया, इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक रणबीर मंडल, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश मंडल, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रामू मंडल, प्रदेश विधि प्रमुख सागर मंडल, प्रदेश मंत्री विकास मंडल उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सूड़ी समाज के राष्ट्रीय संयोजक रणबीर मंडल ने कहा कि झारखंड प्रदेश में सूड़ी जाती को अनुसूचित जाति घोषित न किये जाने से हमारा हक मारा जा रहा है और अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र न मिलने से सरकारी नौकरियों में छूट से वंचित हो जा रहें है।

मौके पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु मंडल, जिला महामंत्री नाविक मंडल, जिला उपाध्यक्ष माथुर मंडल, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश मंडल, जिला प्रवक्ता अजय मंडल, राजा मंडल, जिला कोषाध्यक्ष विकास मंडल, जिला मंत्री रूप मंडल, नगर अध्यक्ष कल्पना मंडल, मोनिका मंडल, बूलू मंडल, जिला कार्य समिति सदस्य सुबल मंडल, विमल मंडल, शुभंकर मंडल अशोक मंडल, सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित हुए।

## सेल सैटेलाइट टाउनशिप में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



बिभा संवाददाता

**रांची :** सीईटी, सेल ने सेल सैटेलाइट टाउनशिप में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर श्री एस.के. वर्मा, ईडी (सीईटी), रांची ने उपस्थित होकर सेल रांची इकाइयों के परिवार के सदस्यों को रक्तदान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। सेल रांची इकाइयों से कुल 27 लोगों ने रक्तदान किया, जिसमें कुछ अतिथि भी शामिल थे। यह रक्त सदर अस्पताल, रांची को दान किया गया। एकत्रित रक्त और दान की गई इकाइयों का उपयोग सदर अस्पताल में थैलेसीमिया और सिकल सेल रोगियों के लिए किया जाएगा। लाइफ सेवर्स, रांची के स्वयंसेवक और रक्तदान के लिए सक्रिय प्रचारक श्री अतुल गेरा ने शिविर के सफल आयोजन के लिए पूरा सहयोग दिया।

## चान्हो के सोनचिपी स्थित ललमटिया मेला 17 जुलाई को : जुल्फान अंसारी

बिभा संवाददाता



**चान्हो :** मोहर्रम मेला इस बार चान्हो के संचीपी स्थित ललमटिया मैदान में 17 जुलाई को मनाया जाएगा। 17 जुलाई को होने वाली मोहर्रम पर्व को लेकर रविवार को जुल्फान अंसारी की अध्यक्षता बैठक की गयी। बैठक को संबोधित करते हुवे जुल्फान अंसारी ने कहा कि सामाजिक सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने से भाई चारगी बना रहता है. शांतिपूर्ण माहौल स्थापित करना हम सब की जिम्मेदारी है. कहा कि प्रशासन भी शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने को लेकर पूरी तरह से अलर्ट है. नशापान कर ताजिया के जुलूस में भाग लेने वाले लोगों पर कार्रवाई की जायेगी. डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है. रण क्षेत्र से अतिक्रमण हटाया जाएगा। आपको बता दे कि इस मेला में 84 गांव के अखाड़े धारी अपने-अपने जुलूस के साथ मेला में शामिल होते हैं यहां भीड़ भी काफी होती है प्रशासन भी हम लोगों के सहयोग में हमेशा तात्पर्य रहने का आश्वासन दिए हैं साथी हम लोगों से 50 वॉलिंटियर और मोबाईल नम्बर भी देने को कहा गया है जिनकी पहचान थाना प्रभारी देंगे।

इस बीच महासचिव सरफूल हक महबूब अंसारी मियाजान अंसारी हदीश अंसारी कयूम अंसारी फिरोज अंसारी साजीद अंसारी अहमद अंसारी इस्माइल अंसारी असलम अंसारी सिद्दिक अंसारी मुस्तफा अंसारी जुल्फेकार अली और 84 गांव के मुजावर उपस्थित थे।

संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी का प्रखण्ड स्तरीय बैठक, प्रदेश अध्यक्ष शिव उरांव ने कार्यकर्ताओं में भरी जोश

## पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को उनका हक दिलाना : शिव उरांव

बिभा संवाददाता



**मांडर।** प्रखण्ड स्थित तिग्गा कॉम्प्लेक्स में संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी का प्रखण्ड स्तरीय बैठक रविवार को किया गया। मौके पर बोलते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष शिव उरांव ने पार्टी की विचारधारा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को उनका हक दिलाना है। शिक्षा पर पार्टी का विषेश जोर है। शिक्षा से ही समाज और देश का विकास हो सकता है। पार्टी पूरे झारखंड में अपने कार्यकताओं के साथ चुनाव के मैदान में उतरेगी। पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में अच्छे शिक्षाविद्, समाजसेवी और बुद्धिजीवी लोग शामिल हो रहे हैं। राष्ट्रीय पार्टियां ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र के लोगों की समास्याओं को नहीं समझ पाते हैं और ना ही उनका समाधान करते हैं। ये पार्टियां हमारे झारखण्ड को चारागाह बना दिया है। यहां की समस्या को स्थानीय नेता ही समाधान कर सकते हैं। इसमें सभी जाति समुदाय के लोग जुड़े हुए हैं। ये सबका पार्टी है। पार्टी चाहती है कि सबका विकास हो। उसके लिए सत्ता में हमारी भागीदारी सुनिश्चित हो। इसके लिए आपलोगों को पार्टी की विचारधारा को आमजनों तक लेकर जाना है। मांडर विधानसभा में पार्टी पांच सौ एक्टिव कार्यकर्त्ता तैयार करेगी। आज मांडर विधानसभा में समास्याओं का अंबार है। हमारे सांसद, विधायक को हमारी समस्या से कोई मतलब नहीं है। इसलिए आज जरुरत है योग्य इंसान को विधानसभा भेजने का काम करें। बैठक में हरीराम करमाली समेत अन्य लोगों ने भी अपने अपने विचार रखा। संचालन त्रिपुरारी तिवारी ने किया। आगामी बैठक 21 जुलाई को तिग्गा काम्प्लेक्स बॉम्बे में होगी। मौके पर सुनील सिंह, अख़्तर अंसारी, सरवर खान, हरिराम करमाली, परवेज अंसारी, प्रदीप उरांव, नीलांबर सिंह, अंकित सिंह, आजम अंसारी, इसराफुल अंसारी ,प्रदीप कुजूर,हसबुल अंसारी,इस्लाम अंसारी,विकान्त सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

उपायुक्त ने निरीक्षण कर श्रावणी मेला को लेकर चल रही विभिन्न तैयारियों को 18 जुलाई तक पूर्ण करने का दिया निर्देश

## आस्था और सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप निर्माण कार्य को करे पूर्ण : उपायुक्त

बिभा संवाददाता



**देवघर :** राजकीय श्रावणी मेला, 2024 को।लेकर चल रही विभिन्न तैयारियों के अलावा श्रद्धालुओं के सुगम व सुलभ जलार्पण को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री विशाल सागर ने आज दिनांक 14.07.2024 को किए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने जलसार पार्क से पैदल निरीक्षण करते हुए बीएड कॉलेज, तिवारी चौक, शिवराम झा चौक, बरमसिया चौक, कालीबाड़ी मोड़, नंदन पहाड़, नंदन पहाड़ सर्किल अंतर्गत चल रहे विभिन्न विभागों के कार्यों का जायजा लिया। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारियों, कार्यपालक अभियंता व एजेंसी को चल रहे कार्यों को 18 जुलाई तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावे निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त श्री विशाल सागर ने रुटलाइन निरीक्षण क्रम में नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि रुटलाइन के साथ-साथ इसके आसपास भी साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाय। साथ ही रुटलाइन में अतिक्रमण, साफ-सफाई के अलावा विद्युत खंभों, ट्रांसफार्मर को इंसुलेटर से ढ़कने का निर्देश संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया। आगे रुटलाइन में अवैध पार्किंग करने वालो को चिन्हित करते हुए कारवाई करने का निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिया। साथ ही रुटलाइन में शौचालय, शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के अलावा पथ में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बने शेडों को पूर्ण रूप से तय समय में दुरूस्त करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। आगे उपायुक्त ने रुटलाइन में अवलोकन के क्रम में संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में स्पष्ट निदेशित किया कि सभी अपने-अपने कार्यों को तय समय से तय समयानुसार पुरा कर लें, ताकि तेवतुल्य श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। वहीं सम्पूर्ण कांवरिया पथ में लाईटिंग, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय एवं स्नानागार के अलावे बैनर-पोस्टर के माध्यम से श्रद्धालुओं को सभी प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

निरीक्षण के क्रम में श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर उपायुक्त श्री विशाल सागर ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यो की गुणवत्ता व कार्यों की बारीकियों को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालुओं की किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही रुटलाइन में श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर किए जा रहे कार्यों जैसे पेयजल, विद्युत व्यवस्था, शौचालय, स्नानगृह, स्वास्थ्य शिविर और सुरक्षित तरीके से बेरिकेड के कार्यों को तय समय अनुसार पूर्ण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को दिया।

## मैक्लुस्कीगंज थाना में मुहर्रम को लेकर की गई शांति समिति की बैठक



बिभा संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना परिसर में मुहर्रम त्यौहार को लेकर क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए रविवार को शांति समिति की बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह व संचालन पुअनि दीपक कुमार साहू ने किया।बैठक में मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में मुहर्रम त्यौहार धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। वही पुअनि दीपक साहू ने कहा कि त्यौहार में कोई भी हुड़दंगई करते हुए पाया गया।उसे बक्सा नही जायेगा।राज्य सरकार के गार्डलाइंस के हिसाब से त्यौहार मनाया जाय। त्यौहार में दारू पीकर हुड़दंगई,बाइक राइडिंग,सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट पर पूरी नजर रहेगा।शांति समिति में उपस्थित लोगों से भी कहा गया कि असामाजिक व्यक्तियों की पहचान कर थाना को सूचित करें।सूचना देने वालो का नाम गोपनीय रखा जाएगा।मौके पर लपरा पंचायत के मुखिया पुतुल देवी,मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो,हुटाप मुखिया शिवरत मुंडा,पंसस मनीषा देवी,जनप्रतिनिधि जितेंद्र नाथ पांडेय,विजय गुप्ता,श्याम सुंदर सिंह,हुसैन खान,उमेश लोहरा,अमृत भोगता,कुबरक अंसारी,सबिक अंसारी,दानिश खान,रामेश्वर भोगता सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्थाई समायोजन को लेकर मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से मिलेंगे स्वास्थ्य कर्मी



**रांची(बिभा) :** झारखण्ड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ का बैठक मत्स्य विभाग के महासंघ भवन डोरंडा में बिनोद तिग्गा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि स्थाई समायोजन के लिए मुख्यमंत्री,स्वास्थ्य मंत्री से वार्ता करने पर विचार बना। 2150 अस्थायी नवसृजित पद को स्थायी स्वीकृति पद कराने पर सहमती बनी। साथ ही साथ सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन अभी नहीं करेगी। जिसमें बिमल टोपनो,कार्तिक उरांव, रोशन टोप्पो,पप्पू कुमार,विकाश कुमार यादव,मनाहेम्म खेस,नरेश महतो,सूरज लकड़ा,अवधेश कुमार,अमीत टोप्पो,फकरुद्दीन अंसारी,शशी कांत एक्का, पुरोस्त्म कुमार,पंचानंद मुर्मू सीताराम कुमार,महासंघ से महेश कुमार सिंह,श्याम लाल चौधारी आदि उपस्थित हुए।

### भाजपा नेत्री आशा सोनी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ जदयू का थामा दमन



**रांची(बिभा) :** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शराबबंदी और विकास एवं महिला सुरक्षा कारोल मॉडल से प्रभावित होकर झारखंड जदयू को मजबूती देने के लिए पार्टी में शामिल हुई। झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद खीरू महतो के हाथों से सदस्यता ग्रहण की खीरू महतो ने पार्टी में शामिल करते हुए अपने वक्तव्य में कहें कि नीतीश कुमार जी के काम का सराहना पूरे भारत में हो रही है और आने वाला समय में झारखंड मैं भी एनडीए का सरकार बनेगी और भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड निर्माण होगा झारखंड में पूरी मजबूती के साथ लड़ेंगे विधानसभा चुनाव किंग मेकर बनेगी जनता दल यूनाइटेड जिस तरीके से केंद्र के सरकार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है इस तरीके से झारखंड में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार प्रदेश महासचिव सह प्रभारी सरवन कुमार प्रदेश महिला अध्यक्ष आशा शर्मा पूर्व मंत्री व विधायक सुधा चौधरी पूर्व विधायक कामेश्वर दास प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिवेणी वर्मा प्रदेश महासचिव संतोष कुमार सोनी युवा प्रदेश अध्यक्ष राजपूत निर्मल सिंह प्रदेश महामंत्री संजय सिंह आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे

### फिजियोथैरेपी सेंटर की नई शुरूआत: श्री माहेश्वरी सभा



**रांची(बिभा) :** समाजसेवी संस्थानों में से एक नाम है श्री माहेश्वरी सभा , जो हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हैं चाहे वह अन्न सेवा हो या नर सेवा हर जरूरतमंद के लिए अग्रसर। श्री माहेश्वरी सभा की और से आज एक नए ऊंचे पायदान की ओर आगे बढ़ते हुए मुफ्त फिजियोथैरेपी सेंटर की शुरूआत की गई फिजियोथैरेपी कैंप हर रविवार दोपहर 3:00 बजे से 5:00 बजे तक लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास श्री माहेश्वरी सभा द्वारा संचालित एक्यूप्रेशर सेन्टर में आरोग्यं फिजियोथेरेपी एंड न्योरो रिहैबिलिटेशन सेंटर के डा.शिखा, डा.आदर्श , डा.सूरज की टीम के द्वारा किया जायेगा। उद्घाटन सभा अध्यक्ष श्री किसन कुमार साबू एवं डा.शिखा ने किया साथ में सचिव श्री नरेन्द्र लाखोटिया, एक्यूप्रेशर सेन्टर के संयोजक श्री गौतम राठी, श्रीप्रकाश साबू , श्रीमती सरोज राठी, श्रीमती अंकिता राठी और गणमान्य की उपस्थिति में 11 से अधिक लोगों ने आज पहले दिन इस सेवा का लाभ उठाया।

### विद्यार्थियों को तनाव से उबरने के लिए मिले टिप्स



**रांची(बिभा) :** संत जेवियर्स कॉलेज रांची की एनएसएस इकाई ने आईक्यूएसी और आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से 13 जुलाई 2024 को फादर सी. डिब्रावर सभागार में परीक्षा संबंधी तनाव विषय पर वार्ता कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के बर्सर फादर रवि हेमंत कुजूर एसजे और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिर्बान गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में झारखंड प्रांत के हेड उज्जवल भास्कर ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव से उबरने के लिए कुछ टिप्स देते हुए बताया कि तनाव में शांत चित रहकर उसे घटाया जा सकता है और विषय को समझने में रूचि बढ़ जाती है कार्यक्रम में छात्रों को कुछ प्राणयाम भी सिखाए गए जिससे तनाव को दूर किया जा सकता है कार्यक्रम में बोलते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा एस.जे. ने परीक्षा संबंधी तनाव के समाधान की आवश्यकता का उल्लेख किया। इस कार्यक्रम में एनएसएस छात्र प्रतिनिधि जैसे सिदरा, रिमशाह, सिमियन, उर्वी और एनएसएस के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे

# जोधपुर जा रही 4018 किग्रा डोडा जब्त, चालक गिरफ्तार

बिभा संवाददाता



**रांची।** रांची पुलिस ने भारी मात्रा में डोडा के साथ राजस्थान के डोडा तस्कर राकेश बिश्नोई को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर राजस्थान के जोधपुर जिले के भोपालगढ़ थाना स्थित अरटिया खुर्द गांव का रहनेवाला है। इसके पास से डोडा 4018 किलोग्राम, कन्टेनर ट्रक-01 (एचआर 38एस 4743), दो मोबाईल और चावल से संबंधित फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए हैं। डीएसपी अमर कुमार पांडे ने रविवार को बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को एनएच-33 मुख्य सड़क के रास्ते तमाड़ की ओर से नामकुम की ओर एक अफीम डोडा लदा कन्टेनर आने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामकुम थाना के रामपुर स्थित टाटा रोड पंजाबी ढाबा के पास वाहन चेकिंग लगाकर कन्टेनर ट्रक को पकड़ा । वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसके द्वारा वाहन में चावल लदे होने की बात कही गयी।

मां दीवारी राइस मिल प्राइवेट लिमिटेड और लुधियाना ट्रांसपोर्ट का दस्तावेज प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने से संबंधित कागजात चावल से संबंधित होना पाया गया, लेकिन वाहन का भौतिक निरीक्षण करने पर ट्रक में डोडा से भरा हुआ 198 प्लास्टिक बोरा पाया गया। छापेमारी टीम को स्पष्ट हो गया कि डोडा आपूर्तिकताओं और तस्करों के जरिये षडयंत्र पूर्वक चावल का फर्जी कागजात बनाकर उसके स्थान पर अफीम डोडा का अवैध व्यापार, परिवहन और तस्करी किया जा रहा है। मामले में तस्कर राकेश बिश्नोई को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में तस्कर ने पुलिस को बताया कि डोडा को सरायकेला- खरसावां के दलभंगा-कुचाई से डोडा आपूर्तिकर्ता के जरिये लोड कर चावल का फजी कागजात तैयार कर रांची होते हुए राजस्थान ले जाया जा रहा था।

### एसएसपी चंदन सिन्हा ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को दिए दिशा-निर्देश

**रांची।** कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसएसपी चंदन सिन्हा ने ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को कई दिशा-निर्देश दिये। साथ ही एसएसपी ने ट्रैफिक पुलिस के जवानों के बीच रेनकोट का वितरण किया, ताकि बरसात में बिना भींगे सभी ड्यूटी कर सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसएसपी कहा कि राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और लोगों को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए बेहतर तरीके से ड्यूटी करनी होगी। एसएसपी ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था तभी बेहतर होगी जब कर्मी स्वस्थ रहेंगे।

## सड़कों पर मौत बनकर घूम रहे हैं बाइकर्स गैंग

**ग्रामीणों ने रफ्तार लगाने और स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग**

मुकेश रंजन ब्यूरो प्रमुख



**रांची ।** जिले के कांके थाना क्षेत्र के बुकरु गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बुकरु निवासी पवन मुंडा (15 वर्ष) पिता संतोष मुंडा की मौत हो गयी। सड़क हादसे में मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने बुकरु चौक के समीप रांची-पतरातू मार्ग लगभग 5 घंटे जाम रखा। इससे करीब 5 किलोमीटर तक सड़क जाम रही। स्थानीय ने घटना के बारे में बताया कि पवन मुंडा बाढू से पेट्रोल भराकर घर लौट रहा था। इसी दौरान वह सड़क पार कर रहा था तभी तेज गति से आ रही बाइक राइडर्स के ग्रुप में से एक बाइक (जेएच 24 ई 4864) ने पवन की बाइक को टक्कर मार दी. पीछे से आ रही दूसरे बाइक राइडर की बाइक (जेएच 01ईवी 6405) ने भी उसे टक्कर मार दी। जिससे पवन मुंडा की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। इधर बताया जाता है कि सड़क हादसे में दोनों बाइक राइडर्स भी गंभीर रूप से घायल हो गये। सड़क हादसे में मौत की सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों बाइक राइडर्स को बंधक बना लिया गया था। खबर है कि सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें गुप्त स्थान भेजा गया।

## पिठोरिया थाना के एसआई को महिलाओं ने लाश के साथ बीच रोड में बैठाया



**रांची/कांके।** थाना क्षेत्र के बुकरू में आज एक सड़क दुर्घटना हुई है। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया है। इस दौरान ग्रामीणों की पुलिस के साथ झड़प हुई है। कांके थाना के एसआई मोबिन खान के साथ ग्रामीण महिलाओं ने धक्का-मुक्की भी की है। और उन्हें वहां पड़े शव के पास बैठा दिया। बताया गया कि पुलिस को यह सूचना मिली थी कि बुकरू में पवन मुंडा नामक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया है। दरोगा मोबिन खान अपनी टीम के साथ वहां पहुंचकर स्थानीय लोगों को समझा कर जाम हटाने की कोशिश कर रहे थे। तभी वहां मौजूद ग्रामीण और महिलाएं आक्रोशित हो गईं और पुलिस से ही उलझ गईं। मोबिन खान को वहां से जाने नहीं देने लगी और वहीं शव के पास जमीन पर बैठा दिया। स्थानीय लोग मांग कर रहे थे कि पकडे गए राइडरों को ग्रामीणों के सामने लाया जाये। जब तक उसे नहीं लाया जाता तब तक जाम नहीं हटाया जायेगा। घटना के लगभग 5 घंटे बाद पिठोरिया मुख्य मार्ग जाम हटाया गया। जाम हटाने में बीडीओ ,थाना प्रभारी सहित और कई बड़े अधिकारी पहुंचे हुए थे। इलाके में काफी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया था। सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग सड़क पर मौजूद थे ।

## 10 वर्षों से अवैध रूप से रह रहे लोगों को नियमित करेगा आवास बोर्ड



बिभा संवाददाता

**रांची :** झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अधीन 10 वर्षों से अवैध रूप से रह रहे लोगों को अब नियमित किया जाएगा। यह निर्णय बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक मेंलिया गया है। नियमितीकरण से पहले बोर्ड सर्वे का काम शुरू करेगा। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर नियमितीकरण के प्रस्ताव पर कैबिनेट की स्वीकृति ली जाएगी।

बोर्ड से मिली जानकारी के मुताबिक राज्य में 500 से अधिक ऐसे परिवार हैं, जिन्हे इसका लाभ मिलेगा। इसके साथ ही आवासीय मकान एवं भूखंडों का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग करनेवाले 194 आबंटियों का आवंटन रद्द किया जाएगा। अवैध रूप से आवासीय मकान या फ्लैट्स पर सख्ती से निष्कासन वाद का निपटारा करने का निर्देश बोर्ड के सक्षम पदाधिकारी व भू-संपदा पदाधिकारी को दिया गया।

अध्यक्ष ने बताया कि बोर्ड आम लोगों की समस्याओं को लेकर काफी गंभीर है। निर्णय हुआ है कि बोर्ड से संबंधित जन शिकायत का निवारण अब जनसुनवाई कैंप लगाकर किया जाएगा। वहीं, प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में बुधवार के दिन बोर्ड की समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष ने निर्देश दिया है कि बोर्ड के पदाधिकारी समय-समय पर सभी प्रमंडलों के स्थलों का दौरा कर निरीक्षण करेंगे और इसकी पूरी रिपोर्ट अध्यक्ष को सौपेंगे। बैठक में मुख्य अभियंता प्रवीण भेंगरा, सचिव विनय लकड़ा, राजस्व पदाधिकारी गौरव कुमार, विधि पदाधिकारी मनोज चौबे, कार्यपालक अभियंता सुबोध तिर्की, सहायक अभियंता ओम प्रकाश उरांव, मुख्य लेखा अरविंद सिंह, लेखा प्रकाश कुमार, सहायक अभियंता राजेश महतो उपस्थित थे।

### सामाजिक संस्था की पहल पर दिव्यांग जोड़ों की शादी



**रांची/कांके।** रविवार का सूरज जब उगा, तो यह केवल धरती पर ही नहीं उगा बल्कि कुछ दिव्यांगों के जीवन में भी उदित हुआ। यह सूरज इनके जीवन में उत्सवी उल्लास और उजाला लेकर आया। बिरसा ब्लेसिंग सेंटर के दिव्यांग कि संस्था ने दिव्यांग जोड़े का विवाह करवाया ये कन्या ऐसी रहीं जो दिव्यांग, निर्धन, बेसहारा हैं । आयोजक बिरसा विकलांग उत्थान एवं कल्याण समिति धुर्वा के द्वारा संचालित बिरसा ब्लेसिंग सेंटर के प्रांगण में विवाहोत्सव संपन्न कराया गया । संस्था के सचिव-राजु कुमार सिंह ने बताया- इस समारोह में दिल को छू लेने वाली बात यह रही कि सहृदय सभी लोग सहयोग मिला। गणमान्य व्यक्तियों का भी सहयोग है। विवाहोत्सव हमारी संस्था के लिए बेहद गर्व की बात है। दिव्यांग जोड़े में वर हैं मंटू टोप्पो जिनका सहारा अब तक व्हील चेयर रहा, किंतु अब चेयर के साथ-साथ पत्नी छोटी कुमारी भी सहारा होंगे।

### बीजेपी छोड़ एलएपी में शामिल हुए राजकुमार भगत



बिभा संवाददाता

**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड प्रदेश कार्यालय रांची में गोड्डा जिला से राजकुमार भगत अपने मुख्य समर्थक दुलाल मंडल और रामप्रसाद शर्मा के साथ बीजेपी छोड़कर एलएपी में शामिल हुए। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू , प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू , प्रधान महासचिव मो. अजहर आलम , प्रदेश सचिव दिलीप कुमार साह , जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता , खिरोद साह एवं कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक ने माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि लोकसभा चुनाव उपरांत पार्टी विचारधारा से प्रभावित होकर अपने क्षेत्र के प्रभावशाली लोग एक एक कर लोकहित अधिकार पार्टी में लगातार शामिल हो रहे हैं ।5 जुलाई को दुमका लोकसभा से महाशन मुर्मू , 7 जुलाई को कोडरमा लोकसभा से सुरेन्द्र अग्रवाल भी पार्टी में शामिल हो चुके हैं।

### सोना चांदी व्यवसायी समिति ने रांची के सीनियर एसपी, सिटी एसपी एवं डीएसपी के साथ की बैठक

बिभा संवाददाता



**रांची :** आज रांची के सिनियर एसपी, सिटी एसपी एवं डी एसपी के साथ सोना चांदी व्यवसायी समिति के सदस्यो के साथ बैठक हुई जिसमें व्यवसायों की सुरक्षा एवं खरीद बिक्री पर कुछ सुझाव दिये जैसे कि सभी व्यवसायों को अपने दुकान में हुटर लगाना, सीसीटीवी कैमरा लगाना एवं सोना चांदी खरीद पर ग्राहक की अच्छी तरह जांच पड़ताल कर बेचने वाले का आधार कार्ड का फोटो एवं बिक्री करने वाले का फोटो, मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से लेकर कर ही खरीद करने का निर्देश दिया गया तथा ग्राहक को पेमेंट ऑनलाइन या चेक से भुगतान किया जाए! यह बैठक बहुत ही सोहार्द पुर्वक रहा और अभी हाल के दिनों में जो घटनाएं हुई है उसपर भी उद्धेदन का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, अमित कुमार डब्बू, जीतेन्द्र कुमार वर्मा, अजय कुमार वर्मा, अरुण कुमार, अरविन्द कुमार, दीपू डे, प्रताप राव, प्रकाश सामंता,गोविंद वर्मा,रवि कुमार,अन्नू कुमार, सुनील कुमार,शशि प्रकाश वर्मा, दिलीप सोनी, प्रवीण लोहिया,विजय पाठक, रूपेश कुमार बर्मन, मनीष कुमार बर्मन,भोला सोनी, संतोष सोनी,सचित बर्मन,शैलेंद्र कुमार गुड्डू आदि मुख्य रूप से इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित थे।

### रांची में करंट लगने से एक की मौत

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित योद्धा सत्संग आश्रम के पास रविवार को करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। बताया जाता है कि कचरा चुनकर जीवनयापन करने वाले व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गयी। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शिनाख्त करा रही है।

## डीलिस्टिंग को लेकर पोस्टकार्ड लेखन जारी

बिहान भारत संवाददाता



**रांची।** डीलिस्टिंग के मुद्दे पर जनजाति सुरक्षा मंच की प्रमुख लोगों की बैठक वृंदावन कॉलोनी के वन श्री हाल में हुआ। बैठक में जनजाति सुरक्षा मंच झारखंड प्रांत के कार्यकर्ता, झारखंड के जिलों के जिला संयोजक गण, सभी प्रखंड के संयोजक गण इस बैठक में मौजूद थे। बैठक कि अध्यक्षता मीडिया प्रभारी सोमा उरांव ने किया। अध्यक्षता कर रहे श्री सोमा ने कहा कि सभी जनजातियों से दो महिला और चार पुरुष एक जाति से लगभग छह लोग दिल्ली जाने के लिए तैयार करना है। और झारखंड राज्य से लगभग जनजातियों की संख्या एक लाख लोग, और पूरे भारत से कहे तो लगभग 10 लाख लोगों को दिल्ली कुछ करना है, दिल्ली के जंतर मंतर के मैदान में धरना देने का कार्य जनजाति सुरक्षा मंच के द्वारा किया जाएगा।

इस बैठक में जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ राज किशोर हसदा जी शामिल होकर बैठक के निर्णयों की जानकारी दी। बैठक में कहा गया कि प्रखंड टोली, जिला टोली, खंड टोली को मजबूत करना, देश के सभी राज्यों से भारत के प्रधानमंत्री को डीलिस्टिंग के मुद्दे पर पोस्टकार्ड लिखा जा रहा है। यह अहम मुद्दा है। इसके अतिरिक्त नवंबर को दिल्ली चलो का आह्वान भी किया गया है। जनजाति सुरक्षा मंच की मांग पूरा नहीं किया गया तो दिल्ली में सड़क से संसद भवन का घेराव होगा। सड़क मार्ग जाम, रेल रोको जैसे विषय शामिल है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनजाति सुरक्षा मंच के लोग गांव-गांव में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। बैठक में मंच के झारखंड और बिहार के क्षेत्रीय संयोजक संदीप - उरांव, प्रांत के सह संयोजक - हिंदुवा उरांव, क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव, संगठन मंत्री देवनंदन सिंह, मेघा उराव, डॉ. बिरसा उरांव, डॉ. प्रदीप मुंडा, भूटन महली, सुनील फकीरा कच्छप, पिंकी खाया, नकुल तिर्की,जगन्नाथ भगत, रवि प्रकाश उरांव, प्रदीप लकड़ा, प्रदीप उरांव, साजन मुंडा, विकास उरांव, सोमरा मुंडा, अजय भोक्ता, दुर्गा उरांव, राजू उरांव कुली प्रखंड से संदीप लकड़ा, अजय उरांव, मनु उरांव,रामदेव वेदिया,अंकित वेदिया, संजय कुमार वेदिया, दिनेश कुजूर, संतोष चिक बाईक, इसके साथ में काफी संख्या में जनजाति सुरक्षा मंच के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### अग्रवाल युवा सभा एवं आईआईएम रांची द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम में 400 पेड़ लगाए गए



बिभा संवाददाता

**रांची :** अग्रवाल युवा सभा एवं आईआईएम रांची के संयुक्त तत्वधान में आईआईएम पूंदाग के कैंपस में वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत वहाँ के विद्यार्थियों के संग 400 पेड़ लगाने का आयोजन किया गया। समाज को प्रकृति के प्रति जागरूकता का संदेश एवं वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा भरा बनाने का संकल्प लेते हुए सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने संस्थान के डायरेक्टर डॉ० दीपक कुमार श्रीवास्तव के साथ मिलकर पौधारोपण कार्यक्रम में अपना योगदान दिया।आईआईएम द्वारा इस वृक्षारोपण कार्यक्रम को गेटवे ऑफ विसडम के नाम से नवाजा गया। साथ ही उन्होंने हर दो विद्यार्थियों को एक पौधे की देखभाल करने एवं उसका नामकरण कर उसकी रक्षा करने के लिए भी प्रेरित किया। संस्था द्वारा आईआईएम के डायरेक्टर एवं अन्य पदाधिकारीगणों को शॉल उढ़ाकर कर सम्मानित किया गया। साथ ही आईआईएम राँची को एक प्रतीक चिन्ह भेंट स्वरूप की गई। कार्यक्रम संयोजक गौरव परशरामपुरिया, सौरव कटारुका, मयुर बुधिया, विनायक पोद्दार एवं पर्यावरण प्रभारी विशाल महलका, आलोक बजाज के साथ अध्यक्ष सौरव बजाज, सचिव रौनक झुनझुनवाला, कोषाध्यक्ष दीपक गोयनका, आशीष अग्रवाल, रोहित सरावगी, अनीश सरावगी, मयूर पोद्दार, यश सुरेका, तरुण सर्राफ, निशान अग्रवाल, गौरव मुरारका, कन्हैया भालोटिया, तरंग बुधिया, उत्सव गोयल, सौरभ गोयल, सक्षम अग्रवाल, तुषित बुधिया, रवि अग्रवाल, प्रदीप महानसरिया, प्रिया बुधिया के साथ अन्य सदस्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मेडिप्लस हेल्थ सेंटर में लगा निशुल्क डेंटल जांच शिविर, 62 मरीज जांच से हुए लाभान्वित



**बोकारो(बिभा):** कॉपरेटिव कॉलोनी स्थित मेडिप्लस हेल्थ केयर सेंटर में रविवार को निशुल्क डेंटल जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में 62 मरीजों का उपचार किया गया। डेंटिस्ट द्वेय डॉक्टर स्वेता मिंज और डॉक्टर सुमित ने सभी मरीजों की सिलसिलेवार जांच की और उन्हें उचित दवा और सलाह दी। इस अवसर पर मेडिप्लस सेंटर के रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हर रविवार की निशुल्क डेंटल जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा पैथेलॉजिकल जांच में संस्थान बीस प्रतिशत तक की छूट भी दे रही है। यहां पर ईएनटी, आर्थो, न्यूरो,शिशु रोग, मनोचिकित्सा, पेड्रिएक्टिक, स्त्री व प्रसूति, चर्म रोग के स्पेशलिस्ट डॉक्टर भी बैठते हैं। इस अवसर पर सुधांशु सिंह, अनूप सिंह, के एन सिंह, बी एन सिंह, मदन सिंह, अरविंद सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### चिरा चास में निशुल्क चिकित्सा शिविर, 500 लोगों ने कराया जांच



**बोकारो(बिभा) :** चिरा चास स्थित पांडा मल्टी स्पेशियल्टी हॉस्पीटल के प्रांगन में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में आए 500 से अधिक रोगियों का मुफ्त इलाज, लाल-पैथलेब द्वारा जाँच एवं मुफ्त दवा का वितरण किया गया. अस्पताल के चेयरमैन प्रमोद सिंह ने कहा कि इसी तरह लोगों का सहयोग मिलता रहा, तो प्रत्येक माह अस्पताल परिसर में अलग-अलग विशेषज्ञ चिकित्सकों को बुलाकर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आगे भी जारी रहेगा. हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना एवं कर्मचारी राज्य बीमा द्वारा मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया करायी जा रही है. शिविर में मुख्य अतिथि हाजी गुफ्ती खालिद, शवबीर हाजी शाह, अनवर शाह, हाकिम परवेज, निजाम शाह अजमल शाह, उस्मान शाह, पांडा स्कूल की निर्देशिका अनिता सिंह, रानी चिल्ड्रेन अस्पताल की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा (निदेशक पी एम सी एच), कार्डीफ यूनिवर्सिटी, यू० के० जे० एम० टी आई० ट्रेनिंग प्राप्त डा० भरत, जे० जे० अस्पताल मुम्बई से स्त्री एवं प्रसुती रोग विशेषज्ञ डॉ उम्मेहनी गुलाम रसूल, अस्पताल के अधीक्षक डॉ जयदेव शर्मा एवं डा. अरुण कुमार, पीकेए इंपका ने योगदान दिया.

### इमरजेंसी कोटा सीट के लिए रेलवे ने की व्यवस्था, जरूरतमंद यात्रियों को मिल सकेगा लाभ



**बोकारो(बिभा) :** अक्सर ट्रेनों में उपलब्ध सीट पर वेटिंग का सिलसिला जारी रहता है. ऐसे में कई बीमार, वृद्ध या अन्य तरह से जरूरतमंद लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है. कई बार अति विशेष कार्य के लिए मजबूरी वश लोगों को तकलीफ के बावजूद सफर करना आवश्यक हो जाता है. ऐसे विशेष परिस्थिति के लिए रेलवे द्वारा इक्यू (इमरजेंसी) कोटा की व्यवस्था रखी गई है. इस पर यात्री क्षेत्रीय प्रबंधक के नाम आवेदन देकर अपनी परिस्थितियों से अवगत कराते हुए, सीट उपलब्ध कराने का आग्रह कर सकते हैं. हालांकि इक्यू कोटा में उपलब्ध सीट बहुत ही सीमित होती है. जिसे क्षेत्रीय प्रबंधक अपने स्वविवेक से निर्णय लेकर सबसे अधिक जरुरतमंद यात्रियों के लिए कंफर्म करते हैं. ई-मेल से इक्यू कोटा के लिए आवश्यक डॉक्यूमेंट्स के साथ करें अप्लाई- बोकारो रेलवे स्टेशन से होकर यात्रा करने वाले यात्री अब कागज पर आवेदन देकर इक्यू कोटा में आवेदन करने के बजाय, ई-मेल के जरिए अपना आवेदन दे सकते है. इसके लिए bkscarm@gmail.com पर आवेदन करने पर उस आवेदन को विशेष महत्व दिया जायेगा. बोकारो के नये सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक विनीत कुमार ने ऑफलाइन के बजाय ऑनलाइन आवेदन के लिए पहल शुरू कर दी है. उनके अनुसार रेलवे सहित देश तेजी से डीजिटलाइजेशन की ओर अग्रसर है. इससे जहां लोगों को कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, वहीं रेलवे कभी भी इक्यू कोटा से संबंध अपनी जानकारी को भी खंगाल सकेगा.

### उत्पाद विभाग ने जरीडीह के टांडबालीडीह में किया छापेमारी, विदेशी शराब 199.5 लीटर किया जब्त



**बोकारो(बिभा) :** रविवार को उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश एवं सहायक आयुक्त उत्पाद के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने जरीडीह थाना अंतर्गत टांडबालीडीह ग्राम में छापेमारी किया। विधिवत तलाशी क्रम में जीवन लाइन होटल द्वारा उपयोग में लाए जा रहे गोदाम से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद हुआ। इस मामले में घटनास्थल पर मौजूद भोला साव को उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। छापेमारी अभियान में विदेशी शराब 199.5 लीटर जब्त किया गया। छापेमारी टीम में निरीक्षक उत्पाद श्री संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर श्री कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट सुश्री दीपिका कुमारी सहित गृहरक्षक बल शामिल थे।

# विस्थापितों ने ढुलू महतो का किया भव्य अभिनंदन, रखी मांगे

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट के विस्थापितों के हक के लिए संघर्ष करने वाले 13 संगठनों ने रविवार को अग्रसेन भवन में नव निर्वाचित सांसद ढुलू महतो के लिए अभिनंदन समारोह का आयोजित करके भव्य स्वागत किया। सांसद ढुलू महतो ने अभिनंदन समारोह में उपस्थित विस्थापितों और जो कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए उन सभी विस्थापितों को समर्थन में मतदान करने के लिए आभार प्रकट किया। कहा कि बोकारो के मतदाताओं ने हैं हमे एक लाख सरसठ हजार मत देकर ऋणी बना दिया है। इसका एहसान उतारने के लिए कोई भी त्याग के लिए हमेशा तैयार हैं। जहां तक विस्थापितों की बात है। हमने आपके दर्द और शोषण को लंबे समय से सुन रखा था, आज विस्तृत रूप से समझने का मौका मिला है। आपके सर्वस्व न्यौछावर







से पूरा देश महक रहा है । आपको भी बोकारो के विकारित व्यक्ति के बराबर जीवन यापन का हक है। आप विस्थापितों को विश्वास दिलाता हूं कि एकजुटता बनाए रखें, आपके हरेक वाजिब मांगों को हासिल करने के लिए कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। जो भी लिखित - मौखिक समझौते हुए है,उसे हासिल किया जाएगा। अभिनंदन समारोह को विस्थापितों ने एक सम्मेलन की तरह संचालन करते हुए कई प्रस्ताव पास किए। जिसमे चतुर्थ श्रेणी के पद की आरक्षण को कानूनी दर्जा मिले। 19 गांवों को पंचायत में शामिल किया जाय। पार्टी जमीन की वापसी, विस्थापित आयोग बने, अप्रेंटिस कराकर शतप्रतिशत की नियोजन का नियम बने। विस्थापित केलिए एक संगठन बने।

अध्यक्षता करते हुए मजदूर विस्थापित नेता साधु शरण गोप ने कहा कि जैसे एसटी एस सी कर्मचारियों को उत्पीड़न से बचाने के लिए उनके फेडरेशन को सेल ने मान्यता दे रखा है, वैसे ही विस्थापितों का एक संगठन बनना चाहिए तथा उस विस्थापित संगठन को बीएसएल से मान्यता मिले ताकि विस्थापित कर्मचारी और विस्थापित आवाम को उत्पीड़न से बचाया जा सके । एक संगठन के सहमति पर उसके पदाधिकारियों का निर्वाचन सभी गांवों के सदस्यों के मतदान से होगा। उसके निर्वाचन पदाधिकारी विस्थापित हुए सभी जातियों के सामाजिक संगठन के अध्यक्ष मंडली होंगे। संचालन हसनुल अंसारी और रघुनाथ महतो ने किया । सहदेव साव , बैजनाथ बेसरा, हक बाबू अंसारी, इरफान अंसारी, फुलचांद महतो, राजकुमार मोदक, शंकर लाल गोप, चंद्रकांत महतो, सरोज महतो, भगवान साव, मुनेश्वर महतो, टी डी मंडल, मो शाहिद, कमलेश ठाकुर, संतोष कर्मकार, सुरेंद्र महतो, मनोहर गोप, अयूब अंसारी, अयाज, जियाउल, दीपू मोदी, अब्दुल रब अंसारी , अनिता देवी,आरती देवी, सुषमा गुप्ता ,ममता गोस्वामी,वकील अग्रवाल, सुनील महतो ने संबोधित किया।

**डीपीएस बोकारो में दो-दिवसीय योगासन तकनीकी प्रशिक्षण संपन्न, विभिन्न विद्यालयों के 125 विद्यार्थियों ने सीखे योग स्पर्धाओं के गुर**

# तन, मन और आत्मा को जोड़ने की सनातन विद्या है योग : डॉ. गंगवार

बिभा संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो जिला योगासना स्पोर्ट एसोसिएशन की ओर से डीपीएस बोकारो में आयोजित योगासन संबंधी दो-दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण का समापन रविवार को हुआ। दो दिनों की इस अवधि में डीपीएस बोकारो सहित शहर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 125 छात्र-छात्राओं को योगासन से संबंधित तकनीकी गुर सिखाए गए। कार्यक्रम में बतौर रिसोर्स पर्सन झारखंड योग-रत्न से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक विकास गोप एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक शंकर राणा ने प्रतिभागी बच्चों को योगासनों से संबंधित सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक पहलुओं की



विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने अभ्यागत रिसोर्स पर्सन्स के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संगठन के उपाध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के वरीय उप प्राचार्य अंजनी भूषण, जिला सचिव एवं डीपीएस बोकारो के क्रीड़ा शिक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव एवं डीपीएस बोकारो की खेल शिक्षिका निभा कुमारी तथा कोषाध्यक्ष सह दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के प्रशासक राजन सिंह के अलावा विभिन्न विद्यालयों के क्रीडा शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में डॉ. गंगवार ने सभी प्रतिभागी बच्चों एवं शिक्षकों का स्वागत करते हुए योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग शरीर, मन एवं आत्मा को एक-दूसरे से जोड़ने की भारत की सनातन व प्राचीन विद्या है। यह हमारे शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक पहलुओं पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने क्रीड़ा के रूप में योग का प्रचार-प्रसार एक अभिनव प्रयास एवं महत्वपूर्ण बताया। यह भी कहा कि विद्यार्थियों के पठन-पाठन में एकाग्रता तथा उनकी अतः चेतना के विकास में योग काफी आवश्यक है। प्रशिक्षण के समापन पर उन्होंने विद्यालयवार प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र दिया, वहीं रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया।

## बोकारो एसपी ने मुहर्रम और सावन में पुलिस महकमा को सतर्क का दिया निर्देश



बिभा संवाददाता


**बोकारो :** पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने अपने कार्यालय सभागार में रविवार को चास तथा बेरमो अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारी, उपाधीक्षक, विभिन्न थाना के इंस्पेक्टर व प्रभारियों के साथ बैठक मासिक समीक्षा की. इस दौरान विशेष कर मुहर्रम पर्व को लेकर सभी थाना इंस्पेक्टर/प्रभारियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने दिशा-निर्देश दिया. चिन्हित स्थलों पर निगरानी रखने तथा मुस्तैदी से ड्यूटी करने की बात कही. वहीं, सभी थानों की मासिक अपराध समीक्षा की. इस दौरान जिला मे लंबित सभी तरह के अपराध (हत्या, लूट, रंगदारी, चोरी, महिला अपराध आदि) की समीक्षा की. लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया. बैठक के दौरान पोक्सो संबंधित कांडों को दो माह के अंतर्गत निष्पादित करने का निर्देश दिया गया. वहीं, सावन माह को लेकर भी सतर्कता बरतने को कहा. वहीं, चास के एक व्यवसायी को प्रिंस खान के गुर्गों के द्वारा मेजर नाम से मिली धमकी को लेकर चल रही जांच पर भी जानकारी ली.

## बीएकेएस की आम सभा मे कर्मचारियो की भीड़ ने बांधा समा

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ की आम सभा रविवार को जनवृत –2 कला केंद्र मे आयोजित किया गया । आमसभा मे बीएसएल कर्मियो की भारी उपस्थिति के बीच कर्मियों का साथ संवाद किया गया । कर्मचारियो ने यूनियन पदाधिकारियो को अपनी माँगो से अवगत कराया तो वही यूनियन पदाधिकारियो ने माँगो को पुरा कराने हेतु रोडमैप प्रस्तुत किया।

आम सभा में एनजेसीएस मे केवल निर्वाचित यूनियन नेताओ को ही सदस्य बनवाने तथा एनजेसीएस मे सुधार के लिए कोर्ट केस लड़ना । बोकारो इस्पात संयंत्र मे रिकॉगनाईज्ड यूनियन का चुनाव करवाकर कमेटी काउंसिल का गठन करवाना । 15% एमजीबी तथा 35 % पर्क्स का साथ वेज रीविजन का एमओए जल्द कराना



। 39 माह का फिटमेंट एरियर, 58 माह का पर्क्स एरियर का भुगतान करवाना । नन स्टैचुअरी बेनिफिट को लागु करवाना तथा बाकि महारत्ना कंपनियों के तर्ज पर नई सुविधाओं को शूरु करवाना । ग्रेड वाईज तथा कलस्टर वाईज पदनाम , शैक्षणिक योग्यता का अनुसार लागु करवाना । क्लब , बिजीएच, नगर सेवा, कैंटीन, कार्यस्थल पर सुरक्षा को सुदृढ़ करवाना । जूनियर अधिकारी पदोन्नती पॉलिसी को बदलवाना तथा 2022 और 2024 परीक्षा हेतु न्यायालय मे मुकदमा दायर करना । स्थांतरित कर्मचारियों की बोकारो इस्पात संयंत्र मे पुनः वापसी करवाना । पदोन्नती नीति मे बदलाव करवाना । आश्रित कर्मचारियो का जन्म तिथि को मैट्रिक प्रमाणपत्र का आधार पर लागु करवाना तथा बाकि बचे कर्मचारियो का प्रशिक्षण अवधि को सेवा काल मे जुड़वाना।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष हरिओम कुमार ने किया । वही मंच संचालन महासचिव दिलीप कुमार ने किया । विशेष सम्मानित अतिथि के रुप मे बोकारो माईंस में स्थांतरित किए गए राकेश गिरी तथा भावेश चंद्र सिंह ने अपने विचारो से कर्मचारियों को अवगत कराया ।

## पानी बांटने वाली गाड़ी के चपेट मे आया 2 वर्ष का बच्चा, स्थिति नाजुक आक्रोशित स्थानीय लोग

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के एलएच झोपड़ी कॉलोनी स्ट्रीट 13 में दिल बहलाने वाली घटना घटी छोटा हाथी में पानी की टंकी रखकर घर-घर पानी बांटने के क्रम में जब गाड़ी तेरा स्ट्रीट में रहने वाले प्रहलाद यादव के घर के पास रूकी उसी दरमियान प्रहलाद यादव की पत्नी राखी देवी पानी लेने के लिए अपने घर से बाहर निकाल कर पानी लिया इस बीच उनका 2 वर्ष पुत्र पुकारू नाम पोला घर से निकाल कर ना जाने कब गाड़ी के पास आ गया और गाड़ी वालों ने भी बजा इतनी जोर से बजा के रखा था कि उसने ध्यान देना यह न समझा कि गाड़ी बढ़ने से पहले यह जांच ले की गाड़ी के आसपास कोई है या नहीं उसी क्रम में उसने गाड़ी बढ़ा दी घटना सुबह लगभग 10 बजे के बीच की है गाड़ी चालक ने जैसे ही गाड़ी बधाई गाड़ी का चक्का बच्चों के सर पर चढ़ गया अचानक बच्चों की रोने की आवाज सुन मां ने जब देखा तो बच्चा को गाड़ी के नीचे पाया



जहां बच्चा का कर पूरी तरह फट चुका था और बच्चा खून से लतपथ हो गया था मां के शोर मचाने पर गाड़ी चालक भागने की कोशिश कर रहा था उसी स्थानीय लोगों ने दौड़कर गाड़ी चालक को पड़ा एवं तुरंत इसकी सूचना सिटी थाने को दे दी गई सूचना पाते ही मौके पर सिटी थाना पहुंच गई और चालक को अपने कब्जे में ले लिया स्थानीय लोगों ने बताया कि गाड़ी चालक के पास लाइसेंस भी नहीं है और वह गाड़ी बिना लाइसेंस का गाड़ी चला रहा है बच्चों का उचित इलाज के लिए तुरंत बोकारो जनरल अस्पताल ले गया ले जाया गया जहां उसका इलाज आईसीयू में चल रहा है स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन के कहने पर चालक को पुलिस के सबूत कर दिया परंतु गाड़ी अपने ही जिम रखा हुआ है और मांग कर रहा है कि जब तक बच्चे का पूरा खर्च और इलाज नहीं किया जाता तब तक जप्त किए हुए इस गाड़ी को नहीं छोड़ा जाएगा क्योंकि बच्चों का मां-बाप बहुत ही गरीब है बच्चों का पिता ड्राइवर का काम करता है अपना परिवार का गुजर बसर कर रहा है ज्ञानेश्वर प्रसाद उर्फ गुड्डु साहू पूर्व गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी ने बताया कि प्रशासन इस घटना को अनदेखा कर रही है और लगातार चालक को ले जाने के बाद गाड़ी छुड़ाने के जीत पर आदि है हम लोगों की मांग है कि जब तक बच्चे का उचित इलाज के लिए प्रशासन के द्वारा लिखकर आश्वासन नहीं दिया जाता है तब तक हम लोग गाड़ी को नहीं छोड़ेंगे क्योंकि गाड़ी थाने में जाने के बाद छूट जाती है कुछ दिन पूर्व ऋतुडीह मे भी इसी तरह की एक घटना यहां हुई थी और अभी भी प्रशासन उसकी जांच नहीं कर पाई है अगर हम लोगों की मांग पूरी नहीं होती है तो हम लोग रोड पे उतरेंगे ।

## बोकारो के डॉ उमा कांत सिंह अंडर 18 भारतीय बास्केटबॉल वूमेन टीम के कोच बने

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** जिला बास्केटबॉल संघ के पूर्व खिलाड़ी डॉ उमा कांत सिंह को अंडर -18 भारतीय वूमेन टीम का कोच नियुक्त किया गया है। उन्हें बास्केटबॉल के नये फॉर्मेट 373 के लिए अंडर 18 वूमेन नेशनल टीम का कोच बनाया गया है। इस नये कृतिमान के साथ डॉ उमाकांत सिंह ने साबित कर दिया कि बोकारो ना सिर्फ झारखंड की शैक्षणिक राजधानी है बल्कि खेल जगत की उभरती राजधानी का भी स्थान हासिल कर रहा है।

बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव संजीव सिंह ने अपार हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे लिये गौरव का क्षण है। डॉ उमाकांत के कठिन परिश्रम, लगन और एकाग्रता के कारण यह सफलता प्राप्त हुई है। आज खेल के क्षेत्रों में यह एक आदर्श एवं मिशाल है।

डॉ उमाकांत की सफलता पर बोकारो सहित झारखंड के खेल प्रेमियों में अपार खुशी है।

आज सेक्टर 12 के बास्केटबॉल कोर्ट पर सभी वरीय अधिकारियों





एवम खेल प्रेमियों द्वारा केक काटकर डॉ उमाकांत को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर सचिव संजीव सिंह के साथ साथ सुधीर कुमार, बिनोद कुमार, निखिल ओझा, हारून अंसारी, कौशल सिंह, ऋषिकेश कुमार, मुद्दसिर खान, रण विजय ओझा, निशांत, सचिन, सार्थक, आयुष, आकाश, रवि, सनी एवम अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

बोकारो के इतिहास में यह पहला मौका है, जब कोई बास्केटबॉल के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कोच का नियुक्त हुआ है।

26-30 अगस्त 2024 को हंगरी में वर्ल्डकप के लिए रवाना होने से पूर्व एक माह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हंगरी देश के डेब्रेसेन शहर में 26 से 30 अगस्त तक बास्केटबॉल के नये फॉर्मेट ३७३ के तहत अंडर 18 वूमेन टीम का वर्ल्डकप आयोजित होने वाला है। भारतीय टीम को 10 जुलाई से मध्यप्रदेश के इंदौर में डॉ उमाकांत सिंह को बतौर कोच प्रशिक्षण प्रारंभ कर चुके है । इसके लिए डॉ उमाकांत सिंह ने खिलाड़ियों के साथ तैयारी शुरू कर दी है। और भारतीय टीम के सर्वोच्च प्रदर्शन के लिए पूरे जोश, तकनीक के साथ प्रशिक्षण प्रारंभ कर चुके है।

### बोकारो से लेकर जर्मनी तक का सफलनामा

डॉ उमाकांत सिंह का खेल जीवन सेक्टर 12 के बास्केटबॉल कॉर्ट से आरम्भ हुआ। वो सफर आज तक निरंतर जारी है। डॉ उमाकांत सिंह की प्रारंभिक शिक्षा बोकारो के अयप्पा स्कूल में हुई. कक्षा 6 से 10 तक की पढ़ाई सेक्टर 12 अ इस्पात विद्यालय में की. इसके बाद सेक्टर 3 के प्लस टू स्कूल से हाई सेकेंडरी एजुकेशन प्राप्त की। डॉ उमा कांत आगे की पढ़ाई के लिए ग्वालियर चले गए। जहां से उन्हें 2013-14 में जर्मनी में स्कालरशिप मिला. जहां उनका प्रेक्टिकल सब्जेक्ट बास्केटबॉल तथा थ्योरी के रूप में बायोमैकेनिकल था। इसके बाद उन्होंने लगातार ऊंचाई छूते चले गए। उन्हें जर्मनी में स्थित विश्व का सबसे बड़ा खेल विश्वविद्यालय का साउथ और ईस्ट एशिया का रिप्रेजेंटेटिव भी है। वही मध्य प्रदेश गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज वेदान, सिंगरौली के स्पोर्ट्स ऑफिसर के तौर पर पद स्थापित है। डॉ उमा कांत सिंह के पिता बीरेंद्र सिंह बीएसएल प्लांट में कार्यरत थे, माता गृहणी। तीन भइयों में डॉ उमा कांत सिंह दूसरे नंबर पर है। बड़ा भाई सॉफ्टवेयर इंजीनियर, छोटा इंजीनियर सह बास्केटबॉल ट्रेनर है।

## अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हुआ बोकारो जनरल अस्पताल का नेत्र चिकित्सा विभाग



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो जनरल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी बी करुणामय ने नेत्र चिकित्सा विभाग में तीन नए अत्याधुनिक उपकरणों का उद्घाटन किया. उद्घाटन के मौके पर अस्पताल के वरीय चिकित्सक तथा चिकित्साकर्मी उपस्थित थे. नए उपकरणों की श्रृंखला में पहला उपकरण नवीनतम विजुअल फील्ड एनालाइजर (कार्ल जीस) है जो ग्लूकोमा और न्यूरोफथाल्मोजिक विकार के निदान और प्रबंधन के लिए एक आवश्यक उपकरण है और नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में काफी उपयोगी माना जाता है.

इसके अलावा दूसरा नया उपकरण स्लिट लैंप है जो कि एक त्रिविम बायोमाइक्रोस्कोप है जो विभिन्न ऊंचाई, चौड़ाई और कोण के साथ प्रकाश की एक केंद्रित किरण उत्सर्जित करता है. यह अनूठा उपकरण आंख के बारीक संरचना के त्रि-आयामी दृश्य और माप की जानकारी देता है.

तीसरा उपकरण पोर्टेबल रेटिनल कैमरा (नॉन मायड्रियाटिक) है जो पुतली को फैलाने की आवश्यकता के बिना तीन (03) सेकंड में रेटिना की तस्वीरें ले सकता है. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस यह डायबिटिक रेटिनोपैथी, ग्लूकोमा और उम्र से संबंधित धब्बेदार अधः पतन जैसी बीमारियों के लिए रिपोर्ट तैयार करता है. सेल संचालित अस्पतालों में पहली बार नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में इस प्रकार के आधुनिकतम उपकरणों का उपयोग बोकारो जनरल अस्पताल के नेत्र चिकित्सा विभाग में प्रारम्भ किया गया है जिसका लाभ मरीजों को मिलेगा.

# संक्षिप्त खबरें

## मारवाड़ी युवा मंच ने किया हुटार में पौधारोपण



**खूँटी(बिभा)।** प्रखण्ड क्षेत्र के हुटार में मारवाड़ी युवा मंच खूँटी नगर शाखा द्वारा रविवार को पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंच के वरीय सदस्य अशोक जैन ने किया। स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण संयोजिका युवा श्रीमती नेओहा सरावगी एवं युवा शिवांगी पीपुरिया ने बताया कि खूँटी नगर शाखा ने आज 201 पौधे लगाने के लक्ष्य को पूरा किया। युवा प्रवीण जैन ने वृक्षारोपण के लिए जमीन उपलब्ध कराई एवम पौधे के लिए खाद एवं पानी की व्यवस्था की। साथ ही, प्रवीण जैन ने सभी सदस्यों के लिए जलपान की व्यवस्था की। मौके पर मौजूद भूतपूर्व अध्यक्ष उदय भाला, पूर्व अध्यक्ष अंकित जैन, अध्यक्ष अखिल सरावगी, सचिव मुकुल पीपुरिया, कोषाध्यक्ष अनुराग प्रतीक, उपाध्यक्ष प्रियंका जैन एवं श्वेता भाला, पर्यावरण संयोजिका नेहा सरावगी, शिवांगी पीपुरिया, सह सचिव राजेश मिश्रा, मीडिया प्रभारी संदीप पीपुरिया, अमृतधारा संयोजक ओम शर्मा, कन्या भ्रूण संयोजिका काजल जगनानी, युवा विकाश एवं खेल कूद संयोजिका रिंकू जैन, नेकी की दीवार संयोजक हिमांशु अगरवाल, सदस्य रश्मि जैन, रुचि अगरवाल, अशोक जैन, सौरव जैन, अशोक जैन, शिवानी भाला, मंजू देवी अगरवाल एवं बच्चे उपस्थित थे। मंच के सभी सदस्यों ने प्रकृति के सानिध्य में पौधारोपण किया।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के विस्तार को लेकर चर्चा



**खूँटी(बिभा)** । सोदे बाजार टाँड़ में कुणाल भगत की अध्यक्षता मे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक की गयी। जिसमें एक दर्जन से अधिक लोगों ने झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की सदस्यता ग्रहण की, बैठक मे पार्टी के विस्तार पर चर्चा की गई, कर्रा प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण पहान ने बताया कि झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति मे जुड़ने को लेकर लोगों मे उत्साह है, सर्वसहमति से रनिया प्रखंड अध्यक्ष अटल सिंह, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, मंगल बरजो, सचिव गणपति महतो को चुना गया. वही बानो प्रखंड अध्यक्ष के रूप में नरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो, धनेश्वर सिंह, सचिव पुनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विक्की कुमार ओहदार को चुना गया. बैठक मे पार्टी के मनीष कुमार, अमनदीप मांझी, गोपाल सिंह, उमेश नायक, अशोक महतो, देवेन्द्र सिंह, अन्य उपस्थित रहे.

## सांसद सुखदेव भगत आज गुमला में विकास योजनाओं का करेंगे समीक्षा



**लोहरदगा(बिभा)।** लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत दिनांक 15 जुलाई 2024 दिन सोमवार को गुमला समाहरणालय में 11:00 बजे गुमला जिला में चल रहे केंद्र प्रायोजित एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं /परियोजनाओं का समीक्षा करेंगे इस समीक्षा बैठक में जिले के सभी पदाधिकारी अपने-अपने विभाग के प्रगति प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहेंगे। माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत बैठक से पूर्व गुमला परिसदन में कांग्रेसजनों एवं आम जनता से रूबरू होंगे।

## धालभूमगढ़ स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज और अंडरपास की मांग को लेकर होगा रेल चक्का जाम : लखन मार्डी



**जादूगोड़ा(बिभा):** धालभूमगढ़ के पटनायकशोल, बांसकाटिया, बांदघुटू, बाघासोल, तिरीलडीह, जोडशोल, सिदुकान्हु चौक आदि गांवों और आसपास के लोगों के साथ बैठक कर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई। लोगो ने बताया कि कैसे फुट ओवर ब्रिज और अंडरपास नहीं होने के कारण पटनायकशोल और आसपास के लोगो को ट्रेन के नीचे से होते हुए प्लेटफार्म पार कर अपने घर को आना -जाना पड़ता है। बच्चों को स्कूल से लेकर सब कुछ मार्केट की और है जो जाने - आने के क्रम में लोगो को नीचे होकर गुजरना पड़ता है ।छोटे बच्चे ट्रेन के नीचे स्कूल की बेग कंधे में लटकाकर पटरी पार करते है, महिलायें मार्केट जाती है तो ट्रेन के नीचे से होकर गुजरना पड़ता है । आये दिन इससे दुर्घटना होते रहती है। लोगो ने बताया फुट ओवर ब्रिज और अंडरपास की मांग बहुत पुरानी है सभी जनप्रतिनिधि और रेलवे के अधिकारियों को कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है लेकिन अभी तक ग्रामीणों की समस्या समाधान नहीं हो पाई है। लखन मार्डी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा फुट ओवर ब्रिज और अंडरपास की मांग को लेकर बहुत जल्दी होगी धालभूमगढ़ में रेलवे चक्का जाम। रणनीति के तहत लोगों की सुविधा के लिए आज हम लोग धालभूमगढ़ के स्टेशन मास्टर को लूप लाइन और प्लेटफार्म नंबर 6 के माध्यम से आम जनता को राहत देने के लिए तीन फीट गैप का आग्रह करेंगे, आम जनता से हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन आदरणीय सांसद महोदय को जमशेदपुर जाकर सौंपेंगे, उसके बाद रेलवे के अधिकारियों को फुट ओवर ब्रिज और अंडरपास की मांग को लेकर तय समय सीमा के अंतर्गत काम शुरू करने का आग्रह करेंगे मांगे नहीं माने जाने की स्थिति में हम बहुत जल्द ढोल नगाड़ा के साथ रेलवे पटरी पर उतरकर रेल चक्का जाम करेंगे। आप लोगों को वादा करता हूं नगाड़ा के साथ रेल चक्का जाम में पहली कतार में मैं रहूंगा। बैठक के बाद लखन मार्डी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने रेलवे स्टेशन मास्टर को ग्रामीणों की सुविधा के लिए डिब्बा काटकर 3 फीट का डिस्टेंस देने का ज्ञापन सोपा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ बेहरा, पवित्र मान्ना, चंदन मुखर्जी, सरोज साव, काजल धल, सुमित्रा साव आदि उपस्थित थे।

### भाजपा का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा का हुआ आयोजन

# बदल रहा है लोहरदगा का डेमोग्राफी: बिरंची नारायण

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा:** भारतीय जनता पार्टी का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा कार्यक्रम रविवार को नगर मंडल द्वारा टाउन हॉल में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता और अतिथि के रूप में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिरंची नारायण, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पूर्व मंत्री सधनु भगत, पूर्व विधायक रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति मुख्य रूप से शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर म किया गया। मौके विरंचि नारायण ने कहा की भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है।हम बूथ के कार्यकताओं का अभिनंदन करके अपना सम्मान बढ़ाना चाहते हैं। कार्यकताओं की मेहनत के दम पर ही मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। आसन विधानसभा में भाजपा 52 सीटों पर जीत हासिल करेगी। झाराखण्ड की भ्रष्ट सरकार पिछले पौने पांच साल से झारखंड की सत्ता पर काबिज है। झारखंड कराह रही है पीड़ा से तड़प रही है।और इसे लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ा जा रहा है।

इस बार के लोकसभा में एक लाख का खटाखट राशि की वायदे कर वोट ले लिया। झारखंड के पहाड़ों को लूट लिया, बालू घाट का टेंडर शेष है। कांग्रेस और जेएमएम गठबंधन के गुंडे लूट मचाये हुए हैं और प्रशासन जनता को परेशान कर रही है। इस सरकार से मुक्ति पाना ही राज्य की जनता का एकमात्र उद्देश्य है। विधानसभा चुनाव में भाजपा 52 सीटों पर आगे और जिन सीटों पर थोड़ी कमियां रह गई या हम थोड़े पीछे रहे हम उसको भूलकर वहां उसे सबक लेकर और बढ़िया करें और निश्चित तौर पर ठीक करेंगे और आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम सरकार बनाने जा रहे हैं। लोहरदगा को झारखण्ड सरकार ने बारूद के ढेर पर लाकर खड़ा कर दिया है।आए दिन दंगा-फसाद इस सरकार में होती रही है।यहां के सरना आदिवासी बहन-बेटियों के साथ उनके परिवार उनके इज्जत प्रतिष्ठा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिस तरह से जिले का डेमोग्राफी बदल गया, जिस तरह से आदिवासी बहन- बेटियों को बहला-फुसलाकर उनके साथ शादी ब्याह करके जनसंख्या बढ़ाई जा रही है, जमीनों की लूट हो रही है।जिस तरह से आतंक मचाया जा रहा है। आने वाले समय में स्थिति और विकट हो जाएगी। 1951 के सर्वे में जो आदिवासी जनसंख्या थी वह लगभग 50% की दक्षिण बिहार के और मुसलमान थे 3% लेकिन आज आदिवासी संख्या घटकर लगभग 26% हो गई और मुसलमान बढ़कर 15% हो गए। पूरे राज्य में संथाल साहिबगंज स्थिति के समान लोहरदगा जिले में आने वाला है। वह समय दूर नहीं है। यह सरकार वैसे एनजीओ और फाउंडेशन को आगे कर रही है जिसका धर्मांतरण कराना एक मात्र लक्ष्य है। झारखंड में एक फाउंडेशन है जिसे वन पट्टा के कार्य ,उसे चयनित करने , निर्धारण करने का जिम्मा दिया गया है। यह फाउंडेशन कोल्हान, संथाल में धर्मांतरण को बढ़ावा दे रहा है। सरकार ने सभी जिले के उपायुक्त को बुलाकर उसे कार्य देने की बात कही है। मौके पर समीर उरांव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संगठन के साथ-साथ समाज के सुख - दुख का साथी है। वह अपनी सांस्कृतिक विरासत समाज के लिए सदैव संघर्ष करती रहती और आगे भी ऐसे ही जारी रहेगी। कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि गुमराह की राजनीति लंबी नहीं होती और वह चुनाव के बाद वादा खिलाफी कर गठबंधन के लोगों ने दिखा दिया है। आदिवासी समाज साधारण एवं सरल जरूर हैं परंतु धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं करती इस बार आने वाले समय में वैसे लोगों को उसी की भाषा में जवाब समाज दिया जाएगा।

पूर्व विधायक सधनु भगत ने कहा कि यह सभा संकल्प हमारे विधानसभा चुनाव जल्द आ रहे हमें उस चुनाव में विजयी प्राप्त करने के लिए संकल्पित होकर क्षेत्र में जाना है। पूर्व विधायक रमेश उरांव ने कहा कि भाजपा ही आदिवासीयों का उत्थान कर सकती है। क्योंकि आदिवासी समाज सूदूरवर्ती क्षेत्र तक निवास करते हैं और भाजपा का ही अंतोदय विकास लक्ष्य है और वह लक्ष्य धरातल पर विकास दिख भी रहा है ।

ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि लोहरदगा विधानसभा केवल चुनाव की दृष्टि से ही नहीं वल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी हमारे विचारधारा का नेतृत्व आवश्यक है।कार्यक्रम में मौके पर संजय चौधरी, कलावती देवी, धनंजय तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने भी किया धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक राजमोहन राम ने की। कार्यक्रम में मंच पर श्रीचंद प्रजापति, अजातशत्रु, बबीता सिंह, राजकिशोर महतो, राजमोहन राम, सामेला भगत, नवीन कुमार टिंकू , नीरज कुमार नलिन, हर्षनाथ महतो, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह, अनिल उरांव, सरोज प्रजापति, भारती सिन्हा, जगनंदन पौराणिक, अजय पंकज, संगीता देवी सहित कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, विवेक सोनी, लखन उरांव, भरत किसान, अमरेश भारती बूथ अध्यक्ष सहित मंडल व जिला के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## साईबर हेल्पलाइन नंबर 130 एवं प्रोसेस ऑफ फ्रॉड रिपोर्टिंग को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा** । रविवार 14 जुलाई को सिविल कोर्ट लोहरदगा परिसर स्थित डालसा सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । यह प्रशिक्षण लोहरदगा डालसा द्वारा सीआईडी झारखंड द्वारा प्रशिक्षित सब इंस्पेक्टर आदर्श कुमार के द्वारा दिया गया । इस कार्यक्रम को करने हेतु झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची से निर्देश दिया गया था । इसी आलोक में कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा श्री अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि साइबर अपराध के मामलो में अभी भी जानकारी ही बचाव है । और जितना ज्यादा जागरूकता लोगों में होगी वे साइबर अपराधों से बच पाएंगे । उनके पैसे सुरक्षित रह पाएंगे । डालसा सचिव राजेश कुमार ने उपस्थित पीएलबी, पैनल अधिवक्ता, एलएडीसीएस के अधिवक्ता एवं मध्यस्तों को संबोधित करते हुए यह कहा कि दिनों - दिन अपराध की प्रकृति बदलती जा रही है । अब साईबर फ्रॉड के माध्यम से एक गलत लिंक पर क्लिक करने से आपके सारे पैसे अकाउंट से खाली हो सकते हैं । प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षक लोहरदगा थाना के सब इंस्पेक्टर आदर्श कुमार थे । जिन्हें सीआईडी झारखंड द्वारा झालसा रांची के सहयोग से साइबर अपराध को लेकर प्रशिक्षित किया गया था । आज के कार्यक्रम में आदर्श कुमार ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के इस्तेमाल की प्रक्रिया एवं किसी के साथ साइबर फ्रॉड करते हुए यदि बैंक अकाउंट से पैसे की निकासी हो गई है तो उसे कैसे रिपोर्ट दर्ज करना है और अपने पैसे को बचाना है, इस पर फोकस किया गया । प्रशिक्षक ने यह कहा कि ज्यों ही आपके अकाउंट से पैसा निकलता है, तुरंत आप साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 को कॉल करें । आवश्यक आवश्यक जानकारी उन्हें दें ताकि आपका ट्रांजैक्शन को होल्ड किया सके । ट्रांजैक्शन ब्लॉक होने के पश्चात आपके जिस अकाउंट से पैसे गए हैं, वह वापस आ सकता है , यदि त्वरित रूप से साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या cyber-crime.gov.in पर अपना कंप्लेंट दर्ज कराते हैं । साईबर क्राइम के दो माडल हैं - जामताड़ा माडल जो देशीय गिरोह है और चाईना माडल जो अंतरराष्ट्रीय गिरोह है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के सवाल- जवाब किए एवं अपने-अपने अनुभव भी साझा किए।

## गर्म कड़ाही में गिरी बच्ची, झुलसी

**लोहरदगा(बिभा):** सदर थाना क्षेत्र के सहेदा गांव में गर्म कड़ाही में गिर जाने से 3 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई है जिसे इलाज के लिए परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी अनुसार सहेदा गांव निवासी जीता उरांव की तीन वर्षीय पुत्री वर्षिका उरांव रविवार को खेल खेल में चूल्हा में चढ़े गर्म कड़ाही में जा गिरी जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई है।

## सर में गिरा ईंट मजदूर चोटिल

**लोहरदगा(बिभा):** सदर थाना क्षेत्र में सेटिंग खोलने के दौरान ईंट गिरने से एक मजदूर चोटिल हो गया है जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां मजदूर का इलाज चल रहा है। जानकारी अनुसार रविवार को रेलवे साइडिंग स्थित निमार्णाधीन मकान में सेटरिंग खोलने का काम चल रहा था,सेटरिंग खोलने के दौरान मजदूर के सर पर एक इंट गिर गया जिससे मजदूर चोटिल हो गया। मजदुर के अन्य साथी और स्थानीय लोगों द्वारा मजदूर को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। मजदूर की पहचान सदर थाना क्षेत्र के इस्लामनगर निवासी सिराजुद्दीन अंसारी के 35 वर्षीय पुत्र जियाउल अंसारी के रूप में हुई है।

## सासाराम एक्सप्रेस की चपेट में आया गौवंशीय, मौत

**लोहरदगा(बिभा)** : सदर थाना क्षेत्र के हेंदलासो भोक्ता बगीचा के समीप प्रातः 9:00 बजे सासाराम एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक गौ वंशीय मवेशी की मौत हो गई है। जानकारी अनुसार इन हेन्दलासो महुरंग टोली निवासी सोमरा उरांव की पत्नी राधा उरांव का गौवंशीय मवेशी चरने के क्रम में रेलवे ट्रैक पर जा पहुंचा जहां उसकी मौत ट्रेन के चपेट में आने से हो गई है।

## शांति समिति की बैठक आज

**कुडू(बिभा)।** थाना परिसर में सीओ मधुश्री मिश्रा के अध्यक्षता में सोमवार 15 जुलाई को मोहर्रम पर्व को लेकर शांति सीमिती का बैठक आयोजित होगी। उक्त जानकारी कुडू थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो ने जानकारी देते हुए कहा शांति सीमिती की बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि,प्रबुद्ध लोग,गणमान्य,सहित सभी समुदाय के लोग ,मोहर्रम कमिटी ,शांति सीमिती के सदस्यों को बैठक में भाग लेने अपील की है।

## बड़की चांपी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विभाग स्तरीय समिति सदस्य सम्मेलन का हुआ आयोजन

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में गुमला विभाग के विभाग स्तरीय समिति सदस्य सम्मेलन का आयोजन विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा दिनांक 14 जुलाई 2024 दिन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन,पुष्पार्चन एवं वंदना के साथ हुआ। इस विभाग स्तरीय सम्मेलन में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अखिल भारतीय मंत्री श्री ब्रह्मा जी राव और विद्या विकास समिति के प्रांत सचिव श्रीमान अजय कुमार तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इसमें गुमला विभाग के चार संकुल के कुल 46 पदाधिकारी एवं प्रधानाचार्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन गुमला विभाग प्रमुख माननीय अखिलेश कुमार द्वारा विधिवत किया गया। यह चार सत्रों में विभाजित दिन भर का कार्यक्रम था, सभी विद्यालयों के सचिव ने अपने विद्यालय का वृत कथन रखा। अखिल भारतीय मंत्री और प्रांत सचिव का सभी उपस्थित पदाधिकारी को विभिन्न बिंदुओं पर सुझाव एवं सानिध्य प्राप्त हुआ। अतिथि परिचय प्रधानाचार्य मनोहर मोदी द्वारा कराया गया। इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अपने उद्बोधन में अजय कुमार तिवारी ने कहा कि समिति के तमाम अधिकारी पवित्र कार्य में लगे हुए हैं, विद्या भारती योजना के अंतर्गत हम भारतीय संस्कृति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ भैया बहनों का समग्र विकास करते हैं। शिक्षा प्रदान करना सबसे बड़ा ईश्वरीय कार्य है, हम सब शिक्षा जैसे पुनीत कार्य में जो लगे हैं, यह हमारा सौभाग्य है। हम सक्रिय रूप से विद्यालय को समय और सुझाव देकर विद्यालय विकास के सारथी बने। इन्होंने संस्कृति ज्ञान परीक्षा, प्रश्न मंच प्रतियोगिता, प्रांतीय एवं अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता मैं भैया बहनों की भागीदारी बढ़ाने के लिए दिशा निर्देश दिए। जन सरोकारों से जुड़ा एक वार्षिक वृहद कार्यक्रम प्रत्येक विद्यालय में आयोजित करने की बात की। अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अखिल भारतीय मंत्री ने कहा कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसने विदेशी आक्रमण के बावजूद अपनी संस्कृति को अक्षुण रखा, कई सभ्यताएं उदाहरण है, जहां की मूल संस्कृति पूर्णतः नष्ट हो गई। उन्होंने आचार्यों को अध्ययन के साथ अध्यापन और बाह्य पाठ्यक्रम से भैया बहनों को जोड़ते हुए, विद्यालय की एक अलग पहचान स्थापित करने के लिए पदाधिकारी को प्रेरित किया। प्रत्येक विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं का निरंतर विकास होते रहना चाहिए। वर्तमान परिपेक्ष में यह अतिआवश्यक है। कार्यक्रम का समापन अखिलेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए शांति मंत्र के साथ किया।

## साइबर ठगी के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

बिभा संवाददाता



**जादूगोड़ा:** झालसा रांची के निर्देश पर डालसा जमशेदपुर के द्वारा सिविल कोर्ट जमशेदपुर अंतर्गत लोक अदालत सभागार में साइबर ठगी के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया इस प्रशिक्षण में पोटका, पटमदा, बड़ाम बहड़ागुड़ा, घाटशिला, मुसाबनी तथा जमशेदपुर के पी.एल.वी ने भाग लिया और इसके साथ ही अधिवक्ता गण संस्था के पदाधिकारी और बुद्धिजीवी लोग भी उपस्थित रहे प्रशिक्षक के रूप में बिस्तुपुर साइबर थाना के एस आई प्रेम चंद भगत एवम दामुदार साहू मौजूद थे जिनके द्वारा साइबर ठगी किस तरह से किया जाता है और इसे रोकने का क्या उपाय है यदि किसी के साथ साइबर ठगी होता है तो वो कहां शिकायत करें इस बात की जानकारी दी गई साइबर ठगी के शिकायत दर्ज कराने के लिए सभी को एक टोल फ्री नंबर 1930 उपलब्ध कराया गया जिसे कॉल कर के हम अपने शिकायत दर्ज करवा सकतें हैं साथ ही एक वेवसाइट भी बताया गया जिस पर अपनी समस्या ऑनलाइन दर्ज भी करा सकतें हैं अगर शिकायत पत्र में किसी प्रकार की कोई त्रुटि हो तो उसे चौबीस घंटे के भीतर सुधार भी किया जा सकता है किसी अनजान फोन कॉल पर या किसी अनजान व्यक्ति को किसी भी प्रकार कोई भी बैंक डिटेल,आधार नंबर,पिन नंबर ओ टी पी आदि की साझा करने के लिए मना किया गया अगर ठगी का मामला दो लाख रुपए से अधिक का हो तो इसकी शिकायत साइबर थाना में कर सकतें हैं इससे कम के मामले हो तो स्थानीय थाना में दर्ज करा सकते हैं अगर कोई थाना इस तरह का मामला दर्ज करने से इनकार करे तो उनके विभाग के वरीय पदाधिकारी से बात कर सकते हैं ठगी का पैसा रिकोबारी के लिए स्थानीय थाना की रिपोर्ट की आवश्यकता पड़ती है जिसके आधार पर कोर्ट ठगी के शिकार व्यक्ति को उसके पैसा दिलाने के लिए समंधित विभाग को आदेशित करती है।वर्ष 2023 में जमशेदपुर साइबर थाना ठगी का पैसा रिकोबरी करने में पूरे झारखंड में अव्वल रहा।ठगी से बचने के लिए हमें सतर्कता की आवश्यकता है और गांव देहात में व्यापक रूप से इस विषय पर लोगों को जागरूक करना है ताकि कोई भी साइबर ठग के झांसे में न आए।मौके पर साइबर थाना के एस आई डालसा के पैनल लॉयर,संस्था के पदाधिकारी गण,बुद्धिजीवी और पी एल वी मौजूद थे।

### गुणवत्ता एवं सुविधाओं की कमी को लेकर पोटका नव निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

# टीम द्वारा एक संयुक्त रिपोर्ट उपायुक्त को सौपा जाएगा ताकि सुविधाओं की कमी को दूर किया जा सके: बीडीओ अभय कुमार

बिभा संवाददाता



**जादूगोड़ा :** गुणवत्ता कमी को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थी जिसके मद्देनजर पोटका प्रखंड विकास पदाधिकारि अभय कुमार द्विवेदी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ रजनी महाकुड़ द्वारा टीम बनाकर नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया` निरीक्षण के दौरान नवनिर्मित भवन में सुविधाओं की भारी कमी देखी गई वही बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी एवं प्रभारी डॉ रजनी महाकुड़ ने कहा कि नवनिर्मित अस्पताल में कहीं भी वार्ड नहीं दिखाई दिया जहां मरीजों का इलाज किया जा सके साथ ही ना प्रशिक्षण हॉल है और ना ही बैठक करने के लिए कोई बड़ा कक्ष की व्यवस्था। जिसके कारण नवनिर्मित भवन में किस तरह से अस्पताल का संचालन किया जाएगा इसको लेकर काफी चिंतित नजर आ रहे थे वही पोटका प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि कार्य में घोर लापरवाही बरती गई है` गुणवत्ता की काफी कमी है साथ ही उन्होंने कहा कि कम मजदूरी की भी बातें सामने आ रही है वहीं उन्होंने कहा कि जब नवनिर्मित भवन में सुविधाओं की घोर कमी है तो किस तरह से मरीजों को सुविधा मिल पाएगा वहीं उन्होंने कहा कि ओपीडी एवं चिकित्साक कक्ष काफी छोटा होने से मरीज एवं चिकित्सकों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा वही भवन के बाहर नक्शा प्रदर्शित नहीं किया गया है। वर्षों से पोटका में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण को लेकर काफी जद्दोजहद के बाद भवन निर्माण शुरू हुआ वही पुराने नक्शे के आधार पर भवन का निर्माण किया जा रहा है` इस भवन का निर्माण की लागत 11 करोड रुपए है` जिसमें 9 करोड रुपए केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त है वही दो करोड़ राज्य सरकार की लागत से यह भवन तैयार होना है` इस मामले को लेकर टीम द्वारा एक संयुक्त रिपोर्ट उपायुक्त को सौपा जाएगा ताकि भवन में सुविधाओं की कमी को दूर किया जा सके ।

**कार्य में घोर लापरवाही बरती गई है गुणवत्ता की काफी कमी है: प्रभारी डॉ रजनी महाकुड़**

## चयन कि गई सेविका को नियुक्ति पत्र नहीं दिए जाने के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंची जिला उपायुक्त के पास

बिभा संवाददाता



**जादूगोड़ा:** पोटका प्रखंड के कालिकापुर गांव स्थित एक आंगन बाड़ी केंद्र का सेविका के रिक्त पद में चयन हेतु सरकार की विभागीय नियमानुसार पूर्व सूचना के आधार पर निर्धारित कार्यक्रम के तहत पंचायत मंडप में संबंधित केंद्र के पौषक क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ साथ पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वॉर्ड सदस्य, ग्राम प्रधान तथा प्रभारी सी.डी.पी.ओ. निकिता वाला तथा अन्यान्य कर्मियों के उपस्थिति में विधिवत सर्व सम्मति से शैक्षणिक उच्च योग्यता के आधार पर सेविका चयन का निर्णय लिया गया तथा उसी के तहत एम.ए.उत्तीर्ण गांव के ही एक बहु श्रीमती बसुमति भकत, पति - सुरेश भकत को चुना गया जिस पर किसी का कोई आपत्ती भी नहीं हुई। चयन प्रक्रिया पूर्ण किए जाने के बाद नियमतः सभास्थल में ही उन्हें नियुक्ति पत्र दे देना चाहिए था लेकिन सीडीपीओ पोटका द्वारा ऐसा नहीं किया गया जो अनुचित था। दो दिन बाद जब नव निर्वाचित सेविका श्रीमती बसुमति भकत द्वारा उनके प्रखंड कार्यालय में जाकर नियुक्ति पत्र की मांग कि गई तो उन्होंने बोले की गलती हुआ है फिर से 15 तारीख को ग्राम सभा करवाया जायेगा। आज इसी के शिकायत लेकर पोटका के पूर्व जिला पार्षद करुणा मय मंडल के साथ पीड़िता श्रीमती बसुमति भकत पंहुची जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल के पास दिए लिखित शिकायत, साथ में 257 ग्रामीणों तथा जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षर युक्त पत्र भी दिया गया जिसमें उक्त ग्राम सभा की सत्यता को सहस्ताक्षर प्रमाणित किया गया है।

# पोषणयुक्त आहार एवं कुपोषण मुक्त भारत के संकल्प के उजाले



ललित गर्ग

भारत सरकार एवं वैज्ञानिकों के प्रयास नि:संदेह सराहनीय हैं कि आर्थिक संकट में भी सस्ती वैक्सीन उपलब्ध कराने के सभी प्रयास जारी हैं। केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार भी स्वास्थ्य बजट में बढ़ोतरी कर अपने नागरिकों को सस्ता एवं स्वच्छ उपचार उपलब्ध करा सके तो कुपोषण, भूखमरी एवं बीमारियों से निजात मिल सकेगा। कुपोषण एवं भूखमरी से मुक्ति के लिये भी सरकारों को जागरूक होना होगा।

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा भारत सहित पूरे विश्व में भूख, कुपोषण एवं बाल स्वास्थ्य पर समय-समय पर चिंता व्यक्त की गई है। यह चिन्ताजनक स्थिति विश्व का कड़वा सच है लेकिन एक शर्मनाक सच भी है और इस शर्म से उबरना जरूरी है। कुपोषण और भुखमरी से जुड़ी वैश्विक रिपोर्टें न केवल चौंकाने बल्कि सरकारों की नाकामी को उजागर करने वाली ही होती हैं। इस विवशता को कब तक ढोते रहेंगे और कब तक दुनिया भर में कुपोषितों का आंकड़ा बढ़ता रहेगा, यह गंभीर एवं चिन्ताजनक स्थिति है। लेकिन ज्यादा चिंताजनक यह है कि तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद कुपोषितों और भुखमरी का सामना करने वालों का आंकड़ा पिछली बार के मुकाबले हर बार बढ़ा हुआ ही निकलता है। इन स्थितियों के बीच भारत में इस गंभीर स्थिति पर नियंत्रण पाने की दिशा में सरकार ने उल्लेखनीय कदम उठाये हैं। भारत सरकार पोषणयुक्त आहार एवं कुपोषणमुक्त भारत के संकल्प को आकार देने में जुटी है, आजादी के बाद मोदी सरकार ने इस दिशा में उल्लेखनीय सफलता पाई है, जो समस्या से मुक्ति की दिशा में सरकार के संकल्प का उजाला है।

कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिये सरकार विभिन्न योजनाओं का कार्यान्वयन कर रही है। हालाँकि उनके वित्तपोषण और कार्यान्वयन में अभी भी अंतराल मौजूद हैं। इस मुद्दे को समग्र रूप से संबोधित करने के लिये एक व्यापक दृष्टिकोण आवश्यक है। कुपोषण की स्थिति तब विकसित होती है जब शरीर विटामिन, खनिज और अन्य पोषक तत्त्वों से वंचित हो जाता है, भारत सरकार ने वर्ष 2022 तक 'कुपोषण मुक्त भारत' सुनिश्चित करने के लिये राष्ट्रीय पोषण मिशन अभियान शुरू किया था, जिसमें बड़ी सफलता मिली है। एनीमिया मुक्त भारत अभियान वर्ष 2018 में शुरू किया गया, मिशन का उद्देश्य एनीमिया की वार्षिक दर को एक से तीन प्रतिशत अंक तक कम करना है। मध्याह्न भोजन योजना का उद्देश्य स्कूली बच्चों के बीच पोषण स्तर में सुधार करना है, जिसका स्कूलों में नामांकन, प्रतिधारण और उपस्थिति पर प्रत्यक्ष एवं सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 का उद्देश्य अपनी संबद्ध योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से सबसे कमजोर लोगों के लिये खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना है, जिससे भोजन तक पहुँच कानूनी अधिकार बन जाए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के लिये बेहतर सुविधाएँ प्राप्त करने हेतु 6,000 रुपए सीधे उनके बैंक




खातों में स्थानांतरित किये जाते हैं। समेकित बाल विकास सेवा वर्ष 1975 में शुरू किया गया था और इस योजना का उद्देश्य 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों तथा उनकी माताओं को भोजन, पूर्व स्कूली शिक्षा, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण, स्वास्थ्य जाँच और अन्य सेवाएँ प्रदान करना है। इन सब योजनाओं का असर कुपोषण को नियंत्रित करने पर पड़ रहा है।

अंतरिम बजट 2024-25 में, केंद्रीय वित्त मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि अमृत काल के दौरान समावेशी विकास के लिए, बेहतर पोषण वितरण, प्रारंभिक बचपन की देखभाल और समग्र विकास में तेजी लाने के लिए एक ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। विजन इंडिया 2047 के प्रयासों को पूरा करने के लिए, फीडिंग इंडिया भूख को कम करने और कुपोषण मुक्त राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रमों को डिजाइन करने और लागू करने की दिशा में काम कर रहा है। एक बहुआयामी रणनीति के माध्यम से, फीडिंग इंडिया बड़े पैमाने पर व्यवस्थित हस्तक्षेप, कम आय वाले सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों को सीधे भोजन सहायता और युवाओं के नेतृत्व वाले स्वयंसेवी आंदोलन के माध्यम से कुपोषण के बारे में सामाजिक जागरूकता बढ़ाकर अपने मिशन को आगे बढ़ाता है। फीडिंग इंडिया एक ऐसे भारत के लिए प्रतिबद्ध है जो आर्थिक रूप से संपन्न हो, नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं को आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करे और जो कुपोषण मुक्त हो। अपनी स्थापना के बाद से, फीडिंग इंडिया ने 30 से अधिक शहरों में 150 कार्यान्वयन भागीदारों के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक भोजन उपलब्ध कराया है और 2030 तक वंचित समुदायों को अतिरिक्त 300 मिलियन पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।÷

असल में भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में हर इलाके की खास जरूरतों के हिसाब से अलग व्यवस्था की दरकार है, न कि सब जगह एक ही पैमाने पर बने कार्यक्रम को लागू करना। पिछले कई बरस से यही तरीका अपनाया जाता रहा है। देश से कुपोषण की समस्या जड़ से खत्म करने के लिए नए सिरे से हो रहे प्रयास तीन अहम बातों पर आधारित हैं- बर्ताव में बदलाव, संक्रमण रोकने का प्रबंधन और पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले कुपोषण के चक्र को तोड़ना। भुखमरी पर स्टैंडिंग टुगेदर फॉर न्यूट्रीशन कंसोर्टियम ने आर्थिक और पोषण डाटा इकट्ठा किया, इस शोध का नेतृत्व करने वाले सासकिया ओसनदार्प अनुमान लगाते हैं कि जो महिलाएं अभी गर्भवती हैं वो ऐसे बच्चों को जन्म देंगी जो जन्म के पहले से ही कुपोषित हैं और ये बच्चे शुरू से ही कुपोषण के शिकार रहेंगे। एक पूरी पीढ़ी दांव पर है।

कुपोषण के कई रूप हैं, जैसे बच्चों का नाटा रह जाना, कम वजन, एनीमिया प्रमुख हैं। इनमें से कुछ में समय के साथ सुधार हुआ है। ओडिशा, छत्तीसगढ़ जैसे गरीब राज्यों में भी सुधार देखा गया। यह किसी विडंबना से कम नहीं है कि कुपोषण के साथ भारत अधिक वजन, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी नई चुनौतियों का भी सामना कर रहा है, जिसे पोषण संबंधी गैर-संचारी रोग भी कहा जाता है। हर पांच में से एक महिला और हर सात में से एक भारतीय पुरुष आज बढ़ते वजन से पीड़ित हैं। शहरी क्षेत्र में दिनोंदिन यह प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास उसकी डाइट पर भी निर्भर करता है। विटामिन, मिनरल, कैल्सियम, प्रोटीन, फाइबर आदि भरपूर डाइट से बच्चे का विकास सही ढंग से होगा ही, वह तंदुरुस्त भी रहेगा। हकीकत ये है कि ज्यादातर माताएं संतुलित आहार व डाइट क्या है? जानती तक नहीं। विशेषज्ञों के अनुसार गर्भावस्था से लेकर किशोरावस्था की उम्र तक बच्चों की डाइट में परिवर्तन होता रहता है।

ग्रामीण क्षेत्रों व मलिन बस्तियों के बच्चों को उचित डाइट नहीं मिल पाती, नतीजतन वे कम वजन व लंबाई और बार-बार बीमारी से जूझते हैं। कई बार कुपोषण की चपेट में भी आ जाते हैं। बढ़ते बच्चों का डाइट चार्ट के अनुसार खानपान जरूरी है। शुरुआत भ्रूणावस्था से हो जाती है। इसके लिए गर्भवती को आयरन, कैल्शियम व फॉलिक एसिड लेना चाहिए। खजूर, गुड़, चना, दूध व दूध से बनी चीजें, चिकन-अंडा, मुरमुरे, अनार, सेब, चीकू, अमरूद, पनीर व दाल का सेवन करें। खूब पानी पीएं। इस उम्र में शिशु को चावल की खीर, दूध में साबूदाना, पिसे हुए पनीर को दलिया मिलाकर खिलाएं। खजूर भी अच्छा है, इसमें मैग्नीशियन, आयरन, फास्फोरस व अन्य पोषक तत्व होते हैं। उम्र बढ़ने के साथ रोटी व हरी सब्जियां भी शुरू कर दें। यह बढ़ती उम्र है, बच्चे को कैल्शियम की ज्यादा जरूरत होती है, इसलिए दूध ज्यादा दें। अंडा-पनीर भी कैल्शियम के अच्छे स्रोत हैं। हरी सब्जियां, मौसम के फल व अन्य भोजन खिलाएं। 12 से 13 साल तक बच्चे के भोजन में हर चीज शामिल कर लें।

भारत सरकार एवं वैज्ञानिकों के प्रयास नि:संदेह सराहनीय हैं कि आर्थिक संकट में भी सस्ती वैक्सीन उपलब्ध कराने के सभी प्रयास जारी हैं। केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकार भी स्वास्थ्य बजट में बढ़ोतरी कर अपने नागरिकों को सस्ता एवं स्वच्छ उपचार उपलब्ध करा सके तो कुपोषण, भूखमरी एवं बीमारियों से निजात मिल सकेगा। कुपोषण एवं भूखमरी से मुक्ति के लिये भी सरकारों को जागरूक होना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पोषणयुक्त आहार पर बल दे रहे हैं। कुपोषणमुक्त भारत बनाने की मुहिम में उनके प्रयासों एवं योजनाओं ने उम्मीदें के नये पंख लगाये हैं। आहार की गुणवत्ता को किसी भी व्यक्ति के जीवन में भोजन के सभी स्रोतों के संदर्भ में देखना जरूरी है। चाहे वह सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दिया गया भोजन हो, मिड-डे मील के तहत उपलब्ध कराया जा रहा भोजन हो, आइसीडीएस या देश के बाजारों में उपलब्ध खाद्य पदार्थ हो, वर्तमान चुनौती उच्च अनाज और कम प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों की है।

## संपादकीय

### सुनवाई जरूरी

न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित अन्य मांगों को लेकर किसान आंदोलन फिर शुरू किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा में शामिल अलग-अलग किसान संगठनों का कहना है कि वे प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता लोक सभा और राज्य सभा के सदस्यों को ज्ञापन सौंपेंगे। इस बार दिल्ली कूच करने की बजाय देशव्यापी विरोध की तैयारी कर रहे हैं। महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा को वे प्रमुखता देंगे। इन राज्यों में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं। फसल बीमा, किसानों को पेंशन बिजली के निजीकरण को बंद करने के साथ सिंधु और टिकरी सीमा पर शहीद किसानों का स्मारक बनाने की मांग भी कर रहे हैं।



समर्थन मूल्य को लेकर यह आंदोलन 2020 में शुरू हुआ था। यूं तो इसे बड़े किसानों का आंदोलन कहा जा रहा है लेकिन किसानों का एक वर्ग मोदी सरकार की कृषि नीतियों से संतुष्ट नहीं है। सरकार की तरफ से मिले आश्वासन और आम चुनाव के दौरान आंदोलन कुछ वक्त के लिए ठहर सा गया था। देश में छोटे किसानों की तादाद बहुत है। दूसरे वे लोग हैं, जो कृषि कार्यों के जरिए जीवन यापन करते हैं। उन सबको इन आंदोलनों या मांगों से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। हालांकि अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार हर देशवासी को है। वह सरकार के समक्ष अपनी कोई भी मांग रखने को आजाद है। मगर पिछले आंदोलन के दरम्यान प्रदर्शनकारियों के कारण कई स्थानों पर जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। आगजनी और पथराव हुआ था। सुरक्षाबलों पर हथियार भी प्रयोग हुए। इसी दरम्यान पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा के शंभू बार्ड़र पर धरनारत किसानों को हटाने के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार को भी बैरिकेड़ हटाने और चड़ीगढ़-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग खोलने का आदेश दिया है। पांच महीनों से अवरुद्ध इस मार्ग के खोलने से कारोबारियों और नियमित यात्रियों को होने वाली असुविधा से निजात मिल सकेगी। हम कृषि प्रधान देश हैं इसलिए उनकी जरूरतों और मांगों की अनदेखी नहीं की जा सकती। मगर उन्हें भी उग्र विरोध से बचना चाहिए। अड़ियल रुख दिखाने की बजाय सरकार को भी छोटे किसानों के हितों की रक्षा में कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए।

## चिंतन-मनन

### व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया

बदलाव का क्रम निरंतर चलता है। जैन दर्शन इस क्रम को पर्याय-परिवर्तन के रूप में स्वीकार करता है। पर्याय का अर्थ है अवस्था। प्रत्येक वस्तु की अवस्था प्रतिक्षण बदलती है। यह जगत की स्वाभाविक प्रक्रिया है।कुछ अवस्थाओं को प्रयत्नपूर्वक भी बदला जाता है।स्वभाव से हो या प्रयोग से, बदलाव की प्रक्रिया को बदलना संभव नहीं है।वस्तु बदल सकती है तो व्यक्ति भी बदल सकता है।इस आस्थासूत्र का आलंबन लेकर ही व्यक्ति व्यक्तित्व-निर्माण का लक्ष्य निर्धारित करता है।लक्ष्य निर्णीत होने के बाद उस दिशा में प्रस्थान करता है। आज का आदमी जेट युग की रफ्तार से चलता है। वह आकाश में सीढ़िया लगाने की बात सोचता है और समुद्र में सुरंग बनाने की कल्पना करता है।पर व्यक्ति-निर्माण का काम शॉर्टकट मेथड से पलक झपकते ही हो जाए, यह संभव नहीं है। व्यक्तित्व निर्माण की बात होती है तो प्रश्न उठता है कि किस प्रकार का व्यक्तित्व? इस प्रश्न का समाधान है आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व।व्यक्तित्व निर्माण के इस अनुष्ठान में जिन वर्गों को सहभागी होना है, उनमें एक वर्ग है- स्नातक।


एक विद्यार्थी स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर का अध्ययन करने में अपने जीवन के सत्रह-अठारह वर्ष लगा देता है। उस समय उसके अभिभावकों के मन में यह भाव नहीं पैदा होता कि उसके ये वर्ष व्यर्थ तो नहीं बीत रहे हैं।क्योंकि डिग्री के साथ जीविका का संबंध जोड़ा जाता है।जीविका जीवन की अनिवार्यता है।लेकिन जीविका से अधिक मूल्यवान जीवन है।जीविका जीवन का साध्य नहीं साधन है।जीवन का साध्य है- विकास की यात्रा में अग्रसर होना। बुद्धि व्यक्तित्व का महज एक घटक है।उसका दूसरा घटक है प्रज्ञा।प्रज्ञा के जागरण से बौद्धिक विकास के साथ भावनात्मक विकास का संतुलन रहता है।जब ये दोनों विकास समानांतर होते हैं, तब आध्यात्मिक वैज्ञानिक व्यक्तित्व का निर्माण हो सकता है। इस बात को स्वयं विद्यार्थी अनुभव करे या नहीं, अभिभावकों को ध्यान देने की अपेक्षा है।

# ट्रंप पर हमला अर्थात बैलेट पर बुलेट का प्रहार



डॉ हिदायत अहमद खान

अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में शनिवार शाम करीब 6:15 बजे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर उस वक्त जानलेवा हमला हुआ जबकि वो चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। इस हमले की जितनी भी निंदा की जाए वह कम ही होगी, क्योंकि लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि बिना हिंसा और खून-खराबे के सरकारें बदल जाती हैं। बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान बात-चीत से निकाल लिया जाता है। बावजूद इसके लोकतांत्रिक देशों में हिंसा बढ़ रही है, जो वाकई चिंता का विषय है। जहां तक पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर हुए हमले की बात है तो जब वो चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे तभी फायरिंग हुई और उनके दाहिने कान का ऊपरी हिस्सा जख्मी हो गया। अधिक मात्रा में बहते खून को रोकने ट्रंप ने कान में हाथ लगाया और एक सफल नेता की तरह लोगों को आश्वस्त किया कि कुछ नहीं हुआ है। इसके फौरन बाद ही उन्हें अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर अपनी कुशल-क्षेम समर्थकों और शुभचिंतकों को दी और विरोधियों को बतला दिया कि वो ऐसे हमलों से डरने वाले नहीं हैं। वो चुनाव मैदान में डटे हुए हैं और आगे भी बने रहेंगे। उन पर हमला करने वाला आरोपी युवक उसी वक्त मार गिराया गया। उसकी पहचान भी कर ली गई है। बहरहाल इस दुःखद घटना ने अमेरिका ही नहीं बल्कि दुनिया के उन तमाम लोकतांत्रिक देशों के लिए एक सवाल तो छोड़ ही दिया है कि जहां बैलेट से सरकारें बदली जा सकती हैं वहां बुलेट का क्या काम है? आखिर क्या वजह रही होगी कि एक नौजवान को देश के पूर्व राष्ट्रपति और मौजूदा चुनाव में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की यूं जान लेने की सूझ पड़ी थी? अमेरिका में इस तरह की यह पहली घटना नहीं है, बल्कि इससे पहले भी राष्ट्रपतियों, पूर्व राष्ट्रपतियों और उम्मीदवारों को निशाना बनाया गया और उनकी हत्या कर दी गई। अमेरिका के इतिहास पर सरसरी निगाह डालें तो मालूम चलता है कि यहां की राजनीति में भी हिंसा के स्याह पन्ने जुड़े हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स को यदि सही माना जाए तो राष्ट्रपति पद पर रहते हुए चार नेताओं की हत्या कर दी जाना कोई मामूली बात नहीं है। इस पर अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की हत्या की गुत्थी तो आज तक सुलझाई नहीं जा सकी है, जो कि अपने आप में अविश्वसनीय घटना लगती है। इनसे पहले अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की 14 अप्रैल, 1865 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद अमेरिका के 20वें राष्ट्रपति जेम्स गारफील्ड की 2 जुलाई, 1881 को गोली मारकर हत्या की गई। इसी तरह से 25वें राष्ट्रपति विलियम मैककिनले को 6 सितंबर, 1901 को गोली मारी गई और उनकी मौत इसी कारण 14 सितंबर 1901 को हुई। अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी को नवंबर 1963 में गोली मारी गई थी। इतिहास के पन्नों में दर्ज इस हत्या के कारणों का खुलासा आज तक नहीं हो सका, जिसे लेकर समय-समय पर दावे-प्रतिदावे भी किए जाते हैं। इसी तरह से राष्ट्रपति के अनेक उम्मीदवारों को वक्त-वक्त पर बंदूक की गोली का निशाना बनाया गया और उन्हें हलाक कर दिया गया। वैसे तो लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस तरह हिंसा और खून-खराबे की रत्तीभर भी इजाजत नहीं है, लेकिन अफसोस कि देखने में यही आता रहा है कि जब-जब चुनाव आते हैं, किसी न किसी तरह से बुलेट के हिमायती सिर उठाना शुरु कर देते हैं। इसे राजनीतिक हिंसा का नाम दिया जाता है, जबकि इसके पीछे के कारणों की अनदेखी कर दी जाती है। देश और दुनियां के बदलते हालात और नई-नई चुनौतियों को एक कारण माना जाता है, लेकिन इससे आगे भी कुछ है, जिस पर अब विचार करने की आवश्यकता आन पड़ी है। विचार करना होगा कि जिनके हाथों में देश की दशा और दिशा तय करने की ताकत होती है, जब वो चुनाव मैदान में उतरते हैं तो उनकी भाषा क्या



संयमित होती है? क्या वो हथियार उठाने और एक-दूसरे को चुनौती देने जैसे बयानों से बचते हैं? क्या वो वर्ग और जाति में बांटकर लोगों को आपस में लड़ाने और अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने से गुरेज करते हैं? क्या जनता से किए गए चुनावी वादे भी कभी सौ फीसद पूरे किए जाते हैं? और सबसे अहम सवाल यह कि जिस मकसद के लिए लोकतंत्र को अपनाया गया क्या उसे पूरा करने के लिए भी कभी जी-जान से मेहनत की गई है? यदि इन तमाम सवालों के जवाब हां में मिलने लगें तो फिर देखिए बुलेट पर कैसे बैलेट प्रभावी सिद्ध होता है। चुनाव के दौरान आगे इस तरह के जानलेवा हमले न हों, इस पर जरुर विचार करने और सार्थक हल खोजने की आवश्यकता है।

# भारतीय संस्कृति और मर्यादा का अंतस

प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना है। भारत के प्राचीनकाल में भी प्राकृतिक पर्यावरण की उपस्थिति मनमोहक थी। प्रकृति को देखते, उसके विषय में सोचते और सुनते मनुष्य ने भी सृजन कर्म में जाने अनजाने भागीदारी की। आज का भारत हमारे पूर्वजों, अग्रजों के सचेत कर्मों का परिणाम है। मनुष्य द्वारा किए गए सुंदर सत्कर्म संस्कृति हैं। प्रकृति स्वाभाविक है। लेकिन संस्कृति मनुष्य की रचना है। संक्षेप में विश्व के प्रत्येक जीव की लोकमंगल कामना और उसके लिए किए गए कर्म संस्कृति है। संस्कृति किसी एक व्यक्ति या समूह के कर्मफल का परिणाम नहीं होती।

भारतीय संस्कृति के विकास में विज्ञान और दर्शन की महत्ता है। कोई अंधविश्वास नहीं। रूप, रस, गंध, शब्द और स्पर्श प्रत्यक्ष इंद्रिय बोध के हिस्से हैं। पूर्वजों की 'मंगल भवन अमंगल हारी÷ कर्मठ चेतना से संस्कृति का विकास हुआ। सारांशतः भारत के बुद्धि विवेक और ज्ञान प्रज्ञान का सर्वोत्तम संस्कृति है। राष्ट्र के सभी अंगभूत घटक एक स्वर, एक लय, एक प्रीति, एक छंद और एक रस समरस स्पंदित होकर अपनी संस्कृति गढ़ते हैं। संस्कृति भारत के लोगों के दर्शन, भाषा, धर्म, कला, आशा, संवेदना, अनुभूति, प्रीति, धीरज, साहस संयम और मर्यादा का अंतस है। भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष की तपसाधना का सृजन है। मार्शल ने लिखा है, ÷अनेक प्रमाणों में भारत में एक अत्यंत विकसित संस्कृति की उपस्थिति का पता चलता है। इसके पीछे अवश्य ही भारत की धरती का लंबा इतिहास होना चाहिए।÷

ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अन्यत्र नहीं मिलता। यहां आस्था और वैज्ञानिक विवेक साथ-साथ चलते हैं। हिन्दू धर्म में एक साथ तर्क और प्रतिप्रश्न दिखाई पड़ते हैं। यहां धर्म का विकास हुआ है। यह इतिहास बड़ा मजेदार है। पहले प्रकृति का अध्ययन, विवेचन और विश्लेषण। फिर प्रकृति की शक्तियों का आदर। इन्हें देवता कहा गया। प्रकृति में नियमबद्धता देखी गई। वैदिक ऋषियों ने इस नियमबद्धता




को मनुष्य के जीवन के लिए मार्गदर्शी व प्रेरक बताया। भारत में इसी सबसे विश्वप्रिय दृष्टिकोण का विकास हुआ। कौटिल्य ने दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाकर दुनिया का पहला अर्थशास्त्र लिखा। इसी तरह अभिनय कला के सभी सरोकारों को समझते हुए भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र लिखा। चरक ने चरक संहिता और पाणिनि की अष्टाध्यायी और पतंजलि का योगसूत्र हिन्दुओं की ओर से सारी दुनिया के लिए पुरस्कार है।

ब्रिटिश सत्ता के दौरान यूरोपीय सभ्यता को श्रेष्ठ और भारतीय संस्कृति को छोटा और हेय बनाने का प्रयास किया गया है। पंडित नेहरू भी यूरोप की संस्कृति से प्रभावित थे। उन्होंने रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका में लिखा, ÷जब पश्चिम के लोग समुद्र पार से यहां आए, तब भारत के द्वार दरवाजे एक खास दिशा की ओर खुल गए। आधुनिक औद्योगिक सभ्यता बिना किसी शोरगुल के इस देश में प्रवेश कर गई। नए विचारों और नए भावों का हम पर हमला हुआ और भारतीय बुद्धिजीवी अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचने का अभ्यास करने लगे।÷ इस वक्तव्य के अनुसार भारतीय बुद्धिजीवियों द्वारा अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचना खास प्रतिष्ठा है।

अंग्रेज बुद्धिजीवियों के हित साम्राज्यवादी थे। उनके लक्ष्य ईसाईयत के प्रचार से जुड़े थे। सभ्यता इकहरी नहीं होती। प्रत्येक सभ्यता का एक दर्शन होता है। एक उद्देश्य होता है। स्वयं को प्रकट करने की अपनी शैली होती है। यह सारी बातें हिन्दू धर्म और परंपरा में पहले से मजबूत रही हैं। लेकिन नेहरू और उनसे प्रभावित बुद्धिजीवी यूरोप से वैचारिक आयात कर रहे थे। इसलिए इतिहास के अनेक प्रश्न महत्वपूर्ण हैं। हिन्दू इतिहास संकलन की शैली यूरोपीय इतिहास संकलन से भिन्न है। भारतीय बुद्धिजीवियों ने महाकाव्यों, पुराणों और वैदिक साहित्य के रूप में भारत की सभ्यता और संस्कृति की नीव मजबूत की थी। लेकिन प्राचीन भारत में यूरोपीय ढंग से इतिहास का संकलन नहीं हुआ।

अंग्रेजों ने अपनी सत्ता चलाने के लिए भारत के सम्यक अध्ययन को जरूरी पाया।


ब्रिटिश विद्वानों ने इतिहास की यूरोपीय शैली को अपनाते हुए भारतीय इतिहास का विवेचन किया। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय÷ (पृष्ठ 6) में लिखा है, ÷ब्रिटेन वालों ने जब यहां शासन कायम किया तब उन्हें औपनिवेशिक प्रशासन के हित में इसकी आवश्यकता प्रतीत हुई। जब 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आए, तब शासकों को हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था करने में कठिनाई का अनुभव हुआ। अतः 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से कराया गया।÷ यह सब बातें मार्क्सवादी विद्वान की हैं। 1784 में कोलकाता में 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना विलियम जोन्स ने की। उन्होंने 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। इसी समय वर्ष 1785 में विलकंस ने भगवदगीता का अंग्रेजी में अनुवाद किया। ब्रिटिश सत्ताधीश भारत को ठीक से समझने में लगे थे। वस्तुतः भारत की सभी संस्थाओं को अंग्रेजीराज की मजबूती के लिए इस्तेमाल करने का काम उस समय के आधुनिक विद्वानों के द्वारा किया जा रहा था।

रामशरण शर्मा ने लिखा है, ÷उन्हें महसूस हो गया कि जिन विदेशी लोगों पर उन्हें शासन करना है, उनके रीति-रिवाज और सामाजिक व्यवस्था का गहन ज्ञान प्राप्त करना होगा। क्रिश्चियन मिशनों के धर्म प्रचारकों ने भी हिन्दू धर्म की दुर्बलताओं को जानना आवश्यक समझा ताकि वे धर्म परिवर्तन करा सके और इसके द्वारा ब्रिटिश साम्राज्यवादियों को मजबूत बना सकें। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मैक्समूलर के संपादकतत्व में विशाल मात्रा में प्राचीन धर्म ग्रंथों का अनुवाद किया गया। ये अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ द ईस्ट' सीरीज में 50 खंडों में प्रकाशित हुआ। भारतीय इतिहास और समाज के अध्ययन का इनका उद्देश्य ब्रिटिश सत्ता का समर्थन था। पाश्चात्य विद्वानों ने भारतीय इतिहास और समाज की संरचना के सम्बंध में कई भ्रामक नतीजे निकाले थे। उनके मत में प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के अभ्यस्त रहे। वे आध्यात्मिक और पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे।÷ विंसेंट स्मिथ (1843-1920) ने 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' नाम का ग्रंथ लिखा। स्मिथ भी ईमानदार नहीं रहे।

ब्रिटिश विद्वानों के इतिहास ग्रंथ पक्षपातपूर्ण रहे हैं। उन्होंने इतिहास का विरुपण किया है। हम भारत के लोग जन्म से, अनुभव से, अध्ययन और परिश्रम से विश्व की प्रतिष्ठित संस्कृति के उपासक हैं। संप्रति विदेशी सभ्यता और संस्कृति को आधुनिकता बताकर तथ्य गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। हमारा वर्तमान हमारे भूत का विस्तार है और हमारे आज के श्रमतप भविष्य का भारत रच रहे हैं। आधुनिकता के नाम पर विदेशी संस्कृति का आह्वान और हिन्दू संस्कृति की उपेक्षा स्वीकार्य नहीं है। भारत की आधुनिकता भारत की परंपरा का ही विकास होनी चाहिए।

**- हृदयनारायण दीक्षित**

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)



# क्या हिंदू धर्म में हैं 33 करोड देवी-देवता

**हिंदू धर्म के बारे में कई ऐसी जानकारियां हैं जो बहुत ज्यादा लोगों को पता नहीं है। ऐसे में कुछ खास और गूढ जानकारियों को हम आपके साथ बांट रहे हैं**

देवभाषा संस्कृत में कोटि के दो अर्थ होते है, कोटि का मतलब प्रकार होता है और एक अर्थ करोड़ भी होता। हिन्दू धर्म का दुष्प्रचार करने के लिए ये बात उडाई गयी है कि हिन्दुओ के 33 करोड़ देवी देवता हैं। विद्वानों के अनुसार कुल 33 प्रकार के देवी देवता हैं हिंदू धर्म में - 12 प्रकार हैं आदित्य- धाता, मित, आर्यमा, शक्रा, वरुण, अँश, भाग, विवास्वान, पूष, सविता, तवास्था, और विष्णु...! 8 प्रकार में हैं वासु- , धर, ध्रुव, सोम, अह, अनिल, अनल, प्रत्युष और प्रभाष। 11 प्रकार हैं- रुद्र, हर, बहुरुप,त्रयँबक,अपराजिता, बृषाकापि, शँभू, कपार्दी, रेवात, मृगव्याध, शर्वा, और कपाली एवं दो प्रकार हैं अश्विनी और कुमार। कुल- 12+8+11+2=33

भारतीय संस्कृति के बारे में कुछ और भी जानना उचित रहेगा-

दो पक्ष- कृष्ण पक्ष, शुक्ल पक्ष।

तीन ऋण -देव ऋण, पितृ ऋण, ऋषि ऋण।

चार युग - सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग, कलियुग

चार धाम - द्वारिका, बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम धाम

चारपीठ - शारदा पीठ (द्वारिका), ज्योतिष पीठ (जोशीमठ बद्रिधाम), गोवर्धन पीठ (जगन्नाथपुरी), श्रन्गेरिपीठ!

चार वेद- ऋग्वेद, अथर्वेद, यजुर्वेद, सामवेद! चार आश्रम - ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ, संन्यास!

चार अंत:करण - मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार!

पंच गव्य - गाय का घी, दूध, दही,गोमूत्र, गोबर!

पञ्च देव - गणेश, विष्णु, शिव, देवी,सूर्य!

पंच तत्त्व - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश!

छह दर्शन - वैशेषिक, न्याय, सांख्य,योग, पूर्व मिसांसा, दक्षिण मिसांसा!

सप्त ऋषि - विश्वामित्र, जमदाग्नि, भरद्वाज, गौतम, अत्री, वशिष्ठ और कश्यप!

सप्त पूरी -अयोध्यापूरी,मथुरा पूरी, माया पूरी (हरिद्वार), काशी, कांची (शिन कांची - विष्णु कांची), अवंतिका और द्वारिका पूरी!

आठ योग - यम, नियम, आसन,प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधी !

आठ लक्ष्मी - आग्घ, विद्या, सौभाग्य, अमृत, काम, सत्य, भोग एवं योग लक्ष्मी!

नव दुर्गा -शैल पुत्री, ब्रह्मचारिणी,चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी एवं सिद्धिदात्री!

दस दिशाएं - पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, इशान, नेऋत्य, वायव्य, अग्नि, आकाश एवं पाताल!

मुख्य 11 अवतार - मत्स्य, कच्छप, वराह,नरसिंह, वामन, परशुराम,श्री राम, कृष्ण, बलराम, बुद्ध, एवं कल्कि!

बारह मास - चेत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, अषाढ, श्रावण, भाद्रपद, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ, फागुन!

बारह राशी - मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ, कन्या।

बारह ज्योतिर्लिंग - सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकाल, ओमकारेश्वर, बैजनाथ, रामेश्वरम, विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, केदारनाथ, घुष्नेश्वर,भीमाशंकर, नागेश्वर।

पंद्रह तिथियां- प्रतिपदा,द्वितीय, तृतीय, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी, नवमी,दशमी, एकादशी, द्वादशी, त्रयोदशी, चतुर्दशी, पूर्णिमा, अमावष्या!

19 स्मृतियां - मनु, विष्णु, अत्री, हारीत, याज्ञवल्क्य, उशना, अंगीरा, यम, आपस्तम्ब, सर्वत, कात्यायन, ब्रहस्पति, पराशर, व्यास, शांख्य, लिखित, दक्ष, शातातप, वशिष्ठ!

# मंगलवार व शनिवार को करें इन मंत्रों का जाप हनुमानजी करेंगे हर समस्या का समाधान



मंगलवार और शनिवार को रामभक्त हनुमान जी की पूजा की जाती है। इन दोनों दिन हनुमान जी का व्रत व पाठ करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। सुंदरकांड का पाठ करके हनुमान जी को प्रसन्न किया जा सकता है। यदि मंगलवार के दिन व्रत किया जाए तो मंगल दोष से भी मुक्ति मिलती है। यहां कुछ मंत्रों के बारे में बताया गया है जिनके जाप मात्र से व्यक्ति की विवाह, विद्या व रोग संबंधी सभी समस्याओं का हल हो जाता है।

इस मंत्र का जाप करने से विद्यार्थियों की बल बुद्धि में बढ़ौत्तरी होती है।

**बुद्धिहीन तनु जान के सुमिरो पवन कुमार**
**बल बुद्धि विद्या देहु मोहिं हरहु कलेश विकार।**

व्यक्ति को किसी प्रकार की पीड़ा या रोग है तो मंगलवार या शनिवार के दिन इस मंत्र के जाप मात्र से निवारण हो जाएगा।

**हनुमान अंगद रन गाजे हांक, सुनत रजनीचर भाजे।**

लड़की या लड़के के विवाह में विलंब हो रहा है तो किसी भी मंगलवार या शनिवार के दिन इस मंत्र का जाप करें। इससे विवाह शीघ्र होने के योग बनते हैं।

**मास दिवस महुं नाथु न भावा, तो पुनि मोहि जिअत नहि पावा।**



# घर में सुख शांति के लिए आजमाए ये सरल उपाय

हर इंसान चाहता है कि मेरे घर में सुख-शांति हमेशा बनी रही। लोग बहुत परेशान होते हुए भी कुछ नहीं समझ पाते की हमें अब क्या करना चाहिए। खबर यह है कि गृहस्थ व्यक्ति हमेशा कामना करता है कि उसके घर मे शांति हो, लेकिन उसके प्रयासों के बाद भी कोई न कोई बात ऐसी हो जाती है, जो उसके मन को अशांत कर देती है ऐसे में उसके कारणों की खोज परोक्ष रूप में करनी चाहिए। लहसुन की गांठ घर में रखने से सर्प कभी घर में प्रवेश नहीं करता। जो व्यक्ति यह समझता है कि घर के लोग उसकी बात को गंभीरता से नहीं लेते, जबकि वह हमेशा उसकी बात को गंभीरता से नहीं लेते, जबकि वह हमेशा सही होता है। ऐसे व्यक्ति को नियमित रूप से जल में थोड़ा-सा गुड मिलाकर निम्मलिखित मंत्र के साथ सूर्य को अर्घ्य देना चाहिए। यदि आपके घर में प्रतिदिन कभी भी किसी भी चीज की संपन्नता स्थिर नहीं रह पाती है तो अपने घर में महालक्ष्मी शंख को रखें, शाम में यंत्र को एकटक निहारते हुए श्रीं श्रीयेयै नम: का नियमित जप करें। जितनी अधिक संख्या में कर सकते हैं, उतना ही अच्छा है। यदि आपके घर में प्रतिदिन कोई न कोई मुसीबत आती है और आपको लगात है कि कोई आप पर तंत्र-मंत्र करवाता है तो आप किसी भी शुक्लपक्ष के सोमवार को नवदुर्गा यंत्र को घर के मुख्य द्वार पर लगाकर रोज 21 बार ऊँ ह्रीं दुर्गायै नम: का नियमित जप करें। गीता के 11वें अध्याय के 36वें श्लोक को गत्ते पर लाल स्याही से लिखकर टांग देने से घर की समस्त बाधाएं दूर हो जाती हैं। जिस घर में नियमित रूप से अथवा प्रत्येक शुक्रवार को श्रीसूक्त या श्रीलक्ष्मी सूक्त पाठ होता है। उस घर में सदा लक्ष्मी का वास होता है।





# गाय कैसे और क्यों करती है वास्तु दोषों का निवारण

वास्तु के अनुसार अगर भवन, घर का निर्माण करना हो यदि वहां पर बछड़े वाली गाय को लाकर बांधा जाए तो वहां संभावित वास्तु दोषों का स्वत: निवारण हो जाता है। वह कार्य निर्विघ्न पूरा होता है और समापन तक आर्थिक बाधाएं नहीं आतीं। गाय के रूप में पृथ्वी की करुण पुकार और विष्णु से अवतार के लिए निवेदन के प्रसंग बहुत प्रसिद्ध हैं। 'समरांगण सूत्रधार' जैसा प्रसिद्ध वृहद् वास्तु ग्रंथ गो रूप में पृथ्वी-ब्रह्दि के समागम-संवाद से ही आरंभ होता है। वास्तुग्रंथ 'मयमतम' में कहा गया है कि भवन निर्माण का शुभारंभ करने से पूर्व उस भूमि पर ऐसी गाय को लाकर बांधना चाहिए जो सवत्सा या बछड़े वाली हो। शास्त्रों में लिखा हैं की जब नवजात बछड़े को जब गाय दुलारकर चाटती है तो उसका फेन भूमि पर गिरकर उसे पवित्र बनाता है और वहां होने वाले समस्त दोषों का निवारण हो जाता है। यही मान्यता वास्तुप्रदीप, अपराजितपृच्छा आदि में भी आई है। महाभारत के अनुशासन पर्व में कहा गया है कि गाय जहां बैठकर निर्भयतापूर्वक सांस लेती है, उस स्थान के सारे पापों को खींच लेती है-

**निविष्टं गोकुलं यत्र श्वांस मुंचति निर्भयम।**
**विराजयति तं देशं पापं चास्याप कर्षति॥**

यह भी कहा गया है कि जिस घर में गाय की सेवा हो, वहां पुत्र-पौत्र, धन, विद्या, सुखादि जो भी चाहिए, मिल सकता है। यही मान्यता अत्रिसंहिता में भी आई है। अत्रि ने तो यह भी कहा है कि जिस घर में सवत्सा धेनु नहीं हो, उसका मंगल-मांगल्य कैसे होगा?


गाय का घर में पालन करना बहुत लाभकारी है। ऐसे घरों में सर्वबाधाओं और विघ्नों का निवारण हो जाता है। जिस घर में गाय रहती है उसमें रहने वाले बच्चों में भय नहीं रहता। विष्णु पुराण में कहा गया है कि जब श्रीकृष्ण पूतना के दुग्धपान से डर गए तो नंद दंपती ने गाय की पूंछ घुमाकर उनकी नजर उतारी और भय का निवारण किया। सवत्सा गाय के शकुन लेकर जाने से कार्य सिद्ध होता है। पद्मपुराण, और कूर्मपुराण में कहा गया है कि कभी गाय को लांघकर नहीं जाना चाहिए। किसी भी साक्षात्कार, उच्च अधिकारी से भेंट आदि के लिए जाते समय गाय के रंभाने की ध्वनि कान में पड़ना शुभ है। संतान लाभ के लिए घर में गाय की सेवा अच्छा उपाय कहा गया है। शिवपुराण व स्कंदपुराण में कहा गया है कि गो सेवा और गोदान से यम का भय नहीं रहता। गाय के पांव की धूली का भी अपना महत्व है। यह पाप विनाशक है, ऐसा गरुड़पुराण और पद्मपुराण का मत है।

# क्लेशों से मुक्ति दिलाता विश्रांति घाट

## श्री कृष्ण ने स्नान कर किया था विश्राम

**ततो विश्रांति तीर्थाख्यं तीर्थमहो विनाशनम। संसारमरू संचार क्लेश विश्रांतिदं नृणाम।**

संसार रूपी मरूभूमि में भटकते हुए, त्रितापों से पीड़ित हर तरह से निराश्रित, विविध क्लेशों से क्लांत होकर जीव श्री कृष्ण के इस महातीर्थ में स्नान कर विश्राम अनुभव करता है इसलिए इस तीर्थ का नाम विश्रांति या विश्राम घाट है। विश्राम घाट की संरचना दो-मंजिली है। इसे बनाने के लिए लखोरी ईंट व चूने, लाल एवं बलुआ पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। घाट को बुर्ज व खंभों पर बने अर्द्ध-गोलाकार, कांटेदार मेहराबों से सुसज्जित किया गया है। घाट का मध्य क्षेत्र खिले हुए आकर्षक रंगों से सजा हुआ है। यह तीन तरफ से मठों से घिरा हुआ है व चौथी तरफ सीढियां नदी में उतर रही हैं। मध्य क्षेत्र में संगमरमर से निर्मित श्री कृष्ण व बलराम की मूर्तियां नदी की ओर मुख करके स्थापित हैं। मूर्तियों के सामने पांच विभिन्न आकार के मेहराब हैं। बीच का मेहराब पत्थर के कुर्सी आधार व पत्थर के छोटे स्तंभ से निर्मित आयताकार है, जबकि नदी की तरफ वाले मेहराब ऊपरी मंजिल का सहारा लेकर छतरी की आकृति बनाते हैं। यहां अनेक संतों ने तपस्या की एवं अपना विश्राम स्थल बनाया। उक्त घाट पर भारत के धर्मभीरू राजाओं ने तुलादान (एक पलड़े में स्वयं व दूसरे में अपने वजन के सोना-चांदी जवाहरात) किए थे। तुला को लटकाने के मेहराब आज भी लगे हैं। विश्राम घाट के उत्तर में 12 और दक्षिण में 12 घाट हैं। दक्षिण दिशा के घाटों पर समाधियां जिनमें शंकरजी के मंदिर हैं। ये समाधियां सिंधिया परिवार से संबंधित हैं। देखभाल के अभाव में उक्त समाधियां जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच गई हैं। उत्तर दिशा के घाटों में गणेशतीर्थ घाट है, चक्रतीर्थ, कृष्णगंगा, स्वामीघाट, असिकुंड तीर्थ आदि हैं। जब शिवाजी महाराज आगरा किले से औरंगजेब की कैद से निकले तब मां जगदंबा (महाविद्या) की पूजा-अर्चना करके स्वर्ण छत्र चढ़ाया। तत्पश्चात गणेशजी का पूजन कर सीधे महाराष्ट्र के प्रतापगढ़ के लिए प्रस्थान किया। गणेशजी व मां जगदंबा के मंदिर आज भी उक्त स्थलों पर हैं। भगवान श्री कृष्ण ने कंस का वध कर इस स्थान पर विश्राम किया था इसलिए यहां की महिमा अपरंपार है। कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने महाबलशाली कंस को मारकर ध्रुव घाट पर उसका अंत्येष्टि संस्कार करवाकर बंधु-बांधवों के साथ यमुना के इस पवित्र घाट पर स्नान कर विश्राम किया था। किंतू भगवान से भूले-भटके जन्म-मृत्यु के अनंत, अथाह सागर में डूबते-उबरते हुए क्लांत जीवों के लिए यह अवश्य ही विश्राम का स्थान है।



## 3 लाख श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

जम्मू । अमरनाथ यात्रा में पिछले 15 दिनों में करीब तीन लाख श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। रविवार सुबह 4,889 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने कहा कि पिछले 15 दिनों के दौरान लगभग तीन लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए हैं। 4,889 यात्री रविवार सुबह दो सुरक्षा काफिलों में भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुए। पहला सुरक्षा काफिला 78 वाहनों में 1,896 तीर्थयात्रियों को लेकर सुबह 3ः05 बजे उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। दूसरा सुरक्षा काफिला 105 वाहनों में 2,993 तीर्थयात्रियों को लेकर सुबह 3ः55 बजे दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। यह पवित्र गुफा कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस वर्ष की यात्रा 52 दिनों के बाद 29 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन त्योहार के साथ संपन्न होगी।

## हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश, 12 सड़कें बंद

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में शनिवार को भारी बारिश होने के बाद 12 सड़कों को बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार बैजनाथ में शुक्रवार शाम से 32 मिलीमीटर बारिश हुई। उसके बाद धर्मशाला (22.6 मिमी), जुब्बरहट्टी (21.5 मिमी), मनाली (20 मिमी), कांगड़ा (19.2 मिमी), जोगिंदरनगर (19 मिमी), सलोनी (18.3 मिमी), पंडोह (15.5 मिमी), पालमपुर (14.4 मिमी), पच्छाद (12 मिमी), सुजानपुर टीरा (11.5 मिमी), भरारी (11.2 मिमी) और घमतूर (10.4 मिमी) का स्थान रहा। मानसून की शुरुआत के बाद से राज्य में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। शनिवार की शाम तक 12 सड़कें बंद हैं जिनमें मंडी में पांच, शिमला में चार और कांगड़ा जिले में तीन सड़कें हैं। मौसम कार्यालय ने 16 और 17 जुलाई को अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश, तूफान और बिजली गिरने के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और 19 जुलाई तक राज्य में बारिश की भविष्यवाणी की है। लाहौल और स्पीति के केलांग में न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हमीरपुर सबसे गर्म स्थान रहा जहां अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी

नई दिल्ली। दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में बारिश से माहौल खुशगंवार हो गया है। इस बारिश के बाद उमस ने लोगों को परेशान कर दिया है। वहीं, देश के कई हिस्सों में भारी बारिश से आई बाढ़ से लाखों लोग बेघर हो गए हैं और लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में लगातार बारिश के कारण 15 सड़कें पूरी तरह बंद हैं। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र में कई जिलों में भी भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक आज दिल्ली में बारिश होने की संभावना है। बारिश के कारण दिल्ली के तापमान में गिरावट आ सकती है। आज दिल्ली का न्यूनतम तापमान 25-26 डिग्री रह सकता है। वहीं, अधिकतम तापमान 35 डिग्री रहने की उम्मीद है। दिल्ली-एनसीआर में अगले कुछ दिनों तक हल्की बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने अपने पूर्वानुमान में कहा कि 17 जुलाई तक दिल्ली और नोएडा में हल्की बारिश जारी रहेगी। आईएमडी ने पश्चिमी महाराष्ट्र के तटीय जिलों रायगढ़ और रत्नागिरी तथा कोल्हापुर और सतारा में रेड अलर्ट जारी कर 14 जुलाई को भारी बारिश की चेतावनी दी है। वहीं, ठाणे जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट और मुंबई के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। केरल के कई इलाकों में हो रही भारी बारिश के बीच विभाग ने कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पथनमथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टयम, इडुक्की और एर्नाकुलम जिलों के कुछ स्थानों में भी तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

## ज्यादा मुआवजे के लिए हाईवे पर रातों रात बन गए घर

सिंगरौली। हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा था और यह जिले के 33 गांवों से होकर गुजरेगा। कुछ समय पहले यहां पर हरे भरे खेत दिखाई दे रहे थे लेकिन अब अचानक पूरा दृश्य बादल गया है। प्रस्तावित हाईवे पर लगभग 2,500 नए घर अचानक बन गए हैं। कृषि भूमि पर घर बनाने से ज़मीन के भुगतान की तुलना में मुआवज़ा काफी बढ़ जाता है। हालांकि खेतों में बनने वाली नए घर की दीवारें केवल 4 फुट ऊंचे हैं, जो बच्चों के लिए भी बहुत छोटी होती हैं। घर के ऊपर टिन की छत है। इसे अब स्थानीय स्तर पर 'मुआवजा उद्योग' कहा जा रहा है। इन घरों का निर्माण कथित तौर पर स्थानीय अधिकारियों और दलालों की मिलीभगत से किया जा रहा है, जिन्हें नए निर्माण या भूमि सौदों पर प्रतिबंध के बावजूद कटौती का बड़ा हिस्सा मिलेगा। मार्च में एक सर्वेक्षण के बाद मुआवजे के लिए क्षेत्र निर्धारित किए गए। प्रशासन ने अब कहा है कि नए मकानों के लिए कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा। चितरंगी और दुधमानिया क्षेत्रों के गांवों के ड्रोन फुटेज से हाईवे के रास्ते में बने घरों का पता चलता है, जिसका 70 किमी हिस्सा जिले से होकर गुजरेगा। निवासियों का कहना है कि दलालों ने स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों की भागीदारी के साथ निर्माण को अंजाम दिया है। भूमि अधिग्रहण मार्च में शुरू हुआ और प्रशासन ने नए निर्माण और भूमि लेनदेन पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन उसके बाद निर्माण की गति तेज हो गई। स्थानीय निवासी संकठा सिंह चौहान ने कहा, जैसे ही लोगों को मुआवज़े की जानकारी मिली, एक-दो महीने के भीतर मकानों का निर्माण शुरू हो गया। लगभग एक महीने में यहां 2,500 से अधिक मकान बन गए। इनमें से अधिकतर मकान सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से बनाए गए हैं, जैसे कि राजस्व विभाग के लोग।

## दक्षिण अफीका नौकरी करने गए राजकोट के युवक को बनाया बंधक, परिवार से मांगे 22.50 लाख

राजकोट । राजकोट के वावडी क्षेत्र का एक युवक नौकरी करने के उद्देश्य से दक्षिण अफीका गया था। युवक जिस कंपनी में युवक बतौर एकाउंटेंट नौकरी कर रहा था, वहीं उसे बंधक बना लिया गया है। कंपनी ने युवक पर चोरी का आरोप लगाते हुए उसके परिवार से रु. 22.50 लाख की मांग की है। जानकारी के मुताबिक राजकोट के वावडी क्षेत्र में रहनेवाला जय दिनेशभाई कारिया नामक युवक दक्षिण अफीका नौकरी करने गया था। दक्षिण अफीका के किनकासा क्षेत्र स्थित एक कंपनी में जय कारिया बतौर एकाउंटेंट नौकरी पर लगा था। जय ने सोचा भी नहीं होगा कि वह जहां नौकरी करने जा रहा है, वहीं उसे कैद कर लिया जाएगा। कंपनी ने चोरी का आरोप लगाकर जय कारिया को बंधक बना लिया है और उसके परिवार से रु. 22.50 लाख की मांग की है। दक्षिण अफीका में बंधक बनाए गए जय कारिया ने वीडियो कॉल के जरिए अपने परिवार से बात की और अपनी आपबीती बयां की। जय कारिया ने परिवार से कहा कि वह अब उसे भूल जाए और उसके लिए एक रुपया भी बर्बाद ना करें। बेटे की हालत को देख परिवार काफी चिंता है और उसे मुक्त कराने के लिए भारतीय एम्बेसी से बातचीत की है। लेकिन अब तक जय कारिया की रिहाई नहीं हुई।

## कनाडा के आतंकवादी लांडा के पांच सहयोगियों को पंजाब पुलिस ने पकड़ा

चंडीगढ़ । कनाडा के आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लांडा के पांच सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस प्रमुख ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि उनके पास से तीन पिस्तौलें बरामद की गईं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''संगठित अपराध के खिलाफ एक बड़ी सफलता के तहत जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने कनाडा स्थित आतंकवादी लखबीर उर्फ लांडा के पांच और सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।'' डीजीपी ने कहा कि लांडा गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों की संख्या बढ़कर अब 13 हो गई है। यादव ने बताया, ''यह गिरोह पंजाब के कई जिलों में हत्या, जबरन वसूली जैसे कई जघन्य अपराधों और कई अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल है।'' इसके पहले 10 जून को पुलिस ने बताया था कि उसने लांडा के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया। आतंकवादी के पांच और सहयोगियों को 30 जून को गिरफ्तार किया गया था।

# प्रधानमंत्री का एक पेड़ मां के नाम अभियान जलवायु परिवर्तन को उचित जवाब है: अमित शाह



**इंदौर। (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश के इंदौर में रविवार को उस अभियान में हिस्सा लिया, जिसका मकसद एक ही दिन में 11 लाख पौधे लगाने का विश्व रिकॉर्ड बनाना है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का उपयुक्त जवाब है। विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की थी। इसके तहत देशभर में लगभग 140 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें मध्य प्रदेश में 5.5 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे।

शाह ने कहा, ÷विकास हो रहा है और हम सुविधाएं बढ़ा रहे हैं। मोदी जी ने हमें पीछे देखने और आने वाली पीढ़ी के लिए भी काम करने को कहा है। पर्यावरण की चिंता सिर्फ देश के लिए ही नहीं, बल्कि हर जगह अहम हो गई है। कार्बन डाइऑक्साइड और मोनोऑक्साइड ने ओजोन के स्तर को कम कर दिया है और इसकी परत में छेद कर दिया है।÷ उन्होंने कहा, इससे तापमान में वृद्धि हुई है। जलवायु परिवर्तन को महसूस किया जा रहा है। मोदी जी द्वारा शुरू किया गया अभियान इसका उपयुक्त जवाब है। गृह मंत्री ने कहा कि देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 51 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सुबह में कहा, ÷आज एक विशेष दिन है, जब इंदौरवासी 11 लाख पौधे लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं।÷ उन्होंने कहा कि मोदी जी द्वारा शुरू किए गये 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वह भी आज इंदौर (मध्य प्रदेश) के रेवती रेंज के बीएसएफ परिसर में पौधे लगाएंगे।

शाह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण मोदी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में से एक रहा है और वृक्षारोपण को सरकार ने जन-जन की चेतना का विषय बनाया है। एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार शाम से ही सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अकादमी के रेवती रेंज में गड्ढे खोदे गए और आज सुबह प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा भूमि पूजन किए जाने के बाद पौधे लगाने का काम शुरू हो गया। इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि दोपहर तक 11 लाख में से सात लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने छह जुलाई को राज्य में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की थी।

## भाजपा के लिए बहुत अच्छा संदेश नहीं दे रहे विधानसभा के उपचुनाव

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में झटका खा चुकी भाजपा संभलती इससे पहले ही 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजों ने एक और बड़ा झटका दिया है। विपक्षी एकता की नींव ने बीजेपी के सभी समीकरणों को बिगाड़ कर रख दिया। इसी वजह से चुनाव में एक तरफ अगर बीजेपी सिर्फ दो सीटों पर जीत दर्ज कर पाई तो वहीं दूसरी तरफ दो राज्यों की 5 सीटों में से चार पर कांग्रे,स बंगाल की चारों सीटों पर टीएमसी और पंजाब की एक सीट पर आम आदमी पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की।

बड़ी बात यह है कि जो पांच दलबदलू नेता इस बार उपचुनाव में हारे हैं, उसमें से चार तो बीजेपी की तरफ से थे। इस कड़ी में सबसे पहले नाम आता है होशियार सिंह का जिन्होंने 2022 के विधानसभा चुनाव में देहरा सीट पर बतौर निर्दलीय जीत दर्ज की थी। लेकिन 2024 के मार्च में सबसे बड़ा सियासी खेल हुआ और होशियार सिंह ने बीजेपी का दामन थाम लिया। इस बार बीजेपी को बड़ी उम्मीद थी कि उपचुनाव में होशियार सिंह जीत दर्ज कर लेंगे, लेकिन उन्हें बड़ी हार का सामना करना पड़ा। माना जा रहा है बीजेपी में बड़े पद की वजह से उन्होंने पार्टी ज्वाइन की थी, लेकिन अब तो उनकी विधायकी भी हाथ से छिन चुकी है। बीजेपी की बात करें तो उसे सिर्फ दो ही सीटों पर जीत मिली है।

एक तरफ हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर सीट से जीत का स्वाद मिला है तो वही कमलनाथ के गढ़ अमरवाड़ा में भी पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया। अगर मोटा मोटा समझा जाए तो सात राज्यों की 13 सीटों में इंडिया गठबंधन एनडीए पर पूरी तरह भारी पड़ा है और उसने 10 सीटें हासिल की हैं। बिहार की रुपौली इकलौती ऐसी सीट रही जहां पर दोनों इंडिया और बीजेपी को झटका लगा और निर्दलीय उम्मीदवार ने वहां से जीत हासिल की।

## चार वर्षों में एक भी परीक्षा नहीं करा पाई एनआरए, मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा-आरएसएस पर लगाया युवाओं के भविष्य को तबाह करने का आरोप



**नयी दिल्ली। (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस ने ''शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने'' का बीड़ा उठाया है। उन्होंने पूछा कि राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) ने पिछले चार वर्षों में एक भी परीक्षा क्यों आयोजित नहीं की है। खरगे की प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शनिवार को मुंबई में की गई उस टिप्पणी पर आई है, जिसमें उन्होंने जोर दिया था कि पिछले तीन से चार वर्षों में आठ करोड़ नई नौकरियों के सृजन ने बेरोजगारी के बारे में फर्जी बातें फैलाने वालों को ''चुप'' कर दिया है।

खरगे ने 'एक्स' पर कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी, कल आप मुंबई में नौकरियां देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे। मैं आपको पुनः याद दिलाना चाहता हूं कि आपने एनआरए की घोषणा करते हुए क्या कहा था।'' उन्होंने कहा, ''अगस्त 2020 में आपने कहा था कि एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान साबित होगी और सामान्य पात्रता परीक्षा के माध्यम से, यह कई परीक्षाओं को समाप्त कर देगा तथा कीमती समय के साथ-साथ संसाधनों की भी बचत करेगा। इससे पारदर्शिता को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा।''

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''हमारे 3 सवाल हैं - एनआरए ने पिछले चार वर्षों से एक भी परीक्षा क्यों नहीं कराई? क्यों एनआरए को रू.1,517.57 करोड़ का फंड मुहैया कराने के बावजूद, 4 वर्षों में अब तक केवल रू.58 करोड़ खर्चा किया गया है? एनआरए सरकारी नौकरियों की भर्ती के लिए बनी संस्था थी। क्या जानबूझकर एनआरए को निष्क्रिय रखा गया, ताकि एससी, एसटी, ओबीसी व ईडब्ल्यूएस श्रेणी के युवाओं से उनके आरक्षण का हक छीना जा सके?''

खरगे ने आरोप लगाया कि एनटीए के जरिये ''धांधली, पेपर लीक व घोटाला कराया गया'' और एनआरए से परीक्षा ही नहीं करवाई गई। एनटीए नीट-यूजी जैसी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर विवाद में है। खरगे ने आरोप लगाया कि शिक्षा प्रणाली को तहस-नहस करने का और युवाओं के भविष्य को तंग-तबाह करने का बीड़ा भाजपा-आरएसएस ने उठाया है। उन्होंने कहा, ''हमने एनआरए का मुद्दा पहले भी उठाया था, पर मोदी सरकार मौनव्रत धारण कर के बैठी हुई है।''

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट में एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें दावा किया गया था कि एनआरए पिछले चार वर्षों में 58 करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद एक भी परीक्षा आयोजित नहीं कर पाई है। रमेश ने कहा, ''केंद्र सरकार ने 2020 में युवाओं के लिए 'एक देश, एक परीक्षा' की घोषणा की और इसकी जिम्मेदारी बड़े जोर-शोर से एनआरए को सौंप दी।'' रमेश ने कहा, ''लेकिन, यह एजेंसी पिछले चार वर्षों में 58 करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद एक भी परीक्षा आयोजित नहीं कर पाई है।''

## किसी भी नेता पर कटाक्ष न करें, राजनीति में हार-जीत लगी रहती है: अमेठी सांसद




**अमेठी (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बाद अब अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने भी सोशल मीडिया पर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर टिप्पणी करने वालों से कहा कि राजनीति में हार-जीत लगी रहती है। सांसद किशोरी लाल ने बातचीत के दौरान कहा कि राहुल गांधी हमेशा ही सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का पालन करते हैं। अमेठी सांसद ने कहा कि हमें ऐसी भाषा से बचना चाहिए। राहुल गांधी ने सही बात की है और मैं भी अपने आपको उसी में शामिल करता हूं। कुछ लोग मेरे नाम से भी कर रहे थे, वो भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीति में कोई हारता है, तो कोई जीतता है, लेकिन हमारे ये संस्कार नहीं हैं कि किसी के प्रति इस तरह की भाषा का प्रयोग करें और करना भी नहीं चाहिए। किसी भी राजनेता को इस तरह की भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। कांग्रेस सांसद शर्मा ने इस बार लोकसभा चुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को हराया था। इसके बाद से पूर्व केंद्रीय स्मृति ईरानी पर हमले बढ़ गए हैं। उन्हें खूब ट्रोल किया जा रहा है। हाल ही में उन्होंने दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास को खाली किया, जिसके बाद एक बार फिर सोशल मीडिया पर उन पर हमले शुरू हो गए। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर कहा कि स्मृति ईरानी और अन्य नेताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां न करें। जीवन में हार-जीत लगी रहती है। उन्होंने ये टिप्पणी ऐसे समय में की थी, जब अमेठी में हार के बाद स्मृति ईरानी अपना सरकारी बंगला खाली कर रही थीं। इस दौरान लोग सोशल मीडिया पर उन पर कटाक्ष कर रहे थे। स्मृति ईरानी अपने आक्रामक व्यवहार के लिए जानी जाती हैं। वह अपने भाषणों में कांग्रेस और गांधी परिवार को घेरती रही हैं।

## यदि दुख बांटने के लिए पैरोल मिलती है, तो खुशी के मौके पर क्यों नहीं : बॉम्बे हाई कोर्ट

**- दोषियों को थोड़े समय सशर्त रिहाई दी जाती है, ताकि वे पारिवारिक मामलों की व्यवस्था कर सकें**

**मुंबई (एजेंसी)।** बंबई उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति को पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रहे उसके बेटे को विदा करने के लिए पैरोल प्रदान की और कहा कि यदि दुख बांटने के लिये पैरोल दी जा सकती है तो, खुशी के अवसर पर यह मिलनी चाहिए। अदालत ने कहा कि दोषियों को थोड़े समय के लिए सशर्त रिहाई दी जाती है, ताकि वे बाहरी दुनिया से संपर्क में रह सकें और अपने पारिवारिक मामलों की व्यवस्था कर सकें, क्योंकि जेल में रहते हुए भी अपराधी किसी का बेटा, पति, पिता या भाई होता है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने नौ जुलाई के अपने आदेश में कहा कि पैरोल और फरलो के प्रावधानों को समय समय पर दोषियों के प्रति मानवतावादी दृष्टिकोण के रूप में देखा गया है। अदालत विवेक श्रीवास्तव नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने आस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालय में अपने बेटे की शिक्षा के लिए ट्यूशन फीस और अन्य खर्चों का प्रबंध करने तथा उसे विदा करने के लिए पैरोल मांगी थी। अभियोजन पक्ष ने इस दलील का विरोध करते हुए दावा किया कि पैरोल आम तौर पर आपातकालीन स्थितियों में दी जाती है और शिक्षा के लिए पैसे का इंतजाम करना व बेटे को विदा करना ऐसे आधार नहीं हैं जिन पर पैरोल दी जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि वह अभियोजन पक्ष के इस तर्क को समझने में विफल रहा। अदालत ने कहा, दुख एक भावना है, खुशी भी एक भावना है और अगर दुख साझा करने के लिए पैरोल दी जा सकती है, तो खुशी के मौके या पल को साझा करने के लिए क्यों नहीं। अदालत ने श्रीवास्तव को दस दिन की पैरोल मंजूर कर ली। श्रीवास्तव को 2012 के एक हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था और वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। उसे 2018 में दोषी ठहराया गया था और 2019 में उसने अपनी सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी।

# शहादत दिवस पर कश्मीर के नेताओं को किया नजरबंद, घर में डाले ताले

**-केंद्र सकरार हमारी यादों से उन्हें मिटाने की कोशिश कर रही है- महबूबा**



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के नेता उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती ने दावा किया कि उन्हें कश्मीर शहादत दिवस पर मजार-ए-शुहादा पर जाने से रोकने के लिए घर में नजरबंद कर दिया गया है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने घर के गेट पर लगे ताले की तस्वीर शेयर की।

उन्होंने कहा कि उन्हें मजार-ए-शुहादा जाने से रोकने के लिए मेरे घर के दरवाजे पर ताला लगा दिया गया है। महबूबा ने अपने ट्वीट में लिखा- आज इस दिन शहीद हुए प्रदर्शनकारियों की याद में इसे मनाना भी अपराध घोषित कर दिया गया है। हर साल 13 जुलाई को जम्मू-कश्मीर की मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियों के नेता उन प्रदर्शनकारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए श्रीनगर में मजार-ए-शुहादा जाते हैं, जिन्हें 1931 में तत्कालीन राजा की सेना ने गोली मार दी थी। केंद्र पर निशाना साधते हुए पूर्व सीएम महबूबा ने कहा कि यह हमारी यादों से उन्हें मिटाने की कोशिश कर रहे हैं।

महबूबा ने कहा कि 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को खंडित कर शक्तिहीन कर दिया गया और वह सब कुछ छीन लिया जो हमारे लिए पवित्र था। इस तरह के हमले केवल हमारे अधिकारों और सम्मान के लिए लड़ाई जारी रखने के हमारे दृढ़ संकल्प को मजबूत करेंगे।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने भी अपने एक्स अकाउंट पर जम्मू-कश्मीर में न्यायसंगत, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक शासन स्थापित करने के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वालों को श्रद्धांजलि देने से रोकने के लिए पुलिस की कार्रवाई पर नाराजगी जताई है। उमर ने कहा कि एक और 13 जुलाई शहादत दिवस पर दरवाजे बंद करने का एक और दौर...देश में हर जगह इसे मनाया गया होगा, लेकिन जम्मू-कश्मीर में प्रशासन इन बलिदानों को नजरअंदाज करना चाहता है। यह आखिरी साल है जब वे ऐसा कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि इंशा अल्लाह अगले साल हम 13 जुलाई को इसे गंभीरता और सम्मान के साथ मनाएंगे।

बता दें 13 जुलाई 1931 को श्रीनगर में सेंट्रल जेल के बाहर डोगरा सेना की ओर से की गई गोलीबारी में 22 प्रदर्शनकारी मारे गए थे। घाटी की मुख्यधारा की दोनों राजनीतिक पार्टियां और अलगाववादी समूह इस बात का दावा करते हैं कि डोगरा शासन से कश्मीर की आजादी की पहली लड़ाई इसी दिन शुरू हुई थी।

# अब ऊंचे इलाकों में तैनात रहेगी भारतीय सेना, आतंकियों पर रखेगी पैनी नजर

**गोरखपुर (एजेंसी)।** जम्मू(ईएमएस)। कई बार देखने में आया है कि आतंकी किसी ऊंची पहाड़ी पर बैठ जाते हैं और वहीं से फायरिंग करते हैं। इससे भारतीय सेना को उन्हे ध्वस्त करने में काफी कठिनाई होती है। इससे निजात पाने के लिए अब सेना ऊंचे पहाड़ों पर तैनात रहेगी और वहीं से गतिविधियों पर पैनी नजर रखेगी। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों में हालिया वृद्धि के लिए केवल पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने अवैध गतिविधियों को भी इसके लिए लिए जिम्मेदार ठहराया। जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार एक नई रणनीति लागू कर रही है, जिसमें कठुआ में एक हफ्ते के भीतर शांति बहाल करने के लिए ऊंचे इलाकों में सेना की तैनाती शामिल है।

प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कठुआ में पत्रकारों से कहा, पाकिस्तान से घुसपैठियों द्वारा हाल ही में (जम्मू क्षेत्र में) की गई आतंकवादी घटनाएं निंदनीय हैं। लेकिन बार-बार यह कहना कि पाकिस्तान ने ऐसा किया है, पर्याप्त नहीं है। हमें खुद से और अपनी अंतरात्मा से पूछना होगा कि हमने उन सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए क्या किया है, जिनसे आतंकवाद को फायदा हो रहा है। जितेंद्र सिंह ने कहा, जब कश्मीर में (आतंकवादियों पर) दबाव बढ़ा, तो उन्होंने अपना ध्यान जम्मू पर केंद्रित कर दिया। हमारा प्रयास सेना को लाने का था जबकि अर्धसैनिक बल पहले से ही वहां मौजूद हैं। सेना की तैनाती के बाद (आतंकवाद से लड़ने के लिए) एक नई रणनीति बनाई जा रही है। सेना ने पहाड़ियों पर मोर्चा संभाल लिया है ताकि आतंकवादी आगे हमले नहीं कर सकें।

जितेंद्र सिंह ने कहा, सरकार पहले से ही (आतंकवाद के खिलाफ) सख्त कार्रवाई कर रही है लेकिन समाज की भी अपनी जिम्मेदारी है। यह दोहराना कि वे पाकिस्तान से आए हैं, पर्याप्त नहीं है। पाकिस्तान 1947 से ही शरारतें करता आ रहा है और आगे भी करता रहेगा यह नहीं सुनेगा। लेकिन सवाल यह है कि हम क्या कर रहे हैं और हमें यह खुद से पूछना होगा?÷ जितेंद्र सिंह ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध खनन, गोवंश तस्करी के साथ-साथ सरकार और गरीबों की जमीन पर कब्जा करने का उभरता नया फैशन एक दुष्चक्र है जो कुछ हद तक आतंकवाद को बढ़ावा देता है और कठुआ को बदनाम करता है। मंत्री ने कहा कि वह गृह मंत्रालय के साथ लगातार संपर्क में हैं और हाल के हमलों के बाद जम्मू में मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर चर्चा करने के लिए थल



सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी से भी मुलाकात की। बता दें कि आतंकवादियों ने 9 जून से 30 दिनों के अंदर शांतिपूर्ण जम्मू क्षेत्र के रियासी, डोडा और कठुआ जिलों में पांच हमले किए, जिसमें सात तीर्थयात्रियों और छह सुरक्षाकर्मियों सहित 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने पांच आतंकियों को भी मार गिराया है।

# कंपनियों के नतीजे और वैश्विक रुख से तय होगी बाजार की चाल: विश्लेषक

## जून के थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े से भी बाजार की धारणा पर असर पड़ेगा

**नई दिल्ली।**

इस सप्ताह इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी कई बड़ी कंपनियों के नतीजों के अलावा वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों के वै श्विक रुख से शेयर बाजार की चाल तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि जून के थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े सोमवार को जारी` किए जाएंगे। इन आंकड़ों से भी बाजार की धारणा पर असर पड़ेगा। मुहर्रम के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। बाजार के जानकारों ने कहा कि सप्ताह के दौरान एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, बजाज ऑटो, बीपीसीएल, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियां अपने जून तिमाही के नतीजों की घोषणा करेंगी। इस सप्ताह सभी की निगाह कंपनियों के पहले तिमाही के नतीजों पर रहेगी। सप्ताह के दौरान इन्फोसिस और रिलायंस सहित कई कंपनियां अपने नतीजे घोषित करेंगी। इसके अलावा बजट-पूर्व चर्चाओं से बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर चीन पर सभी का ध्यान रहेगा। चीन सप्ताह के दौरान अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) तथा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों की घोषणा करेगा। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन के संबोधन, अमेरिका के खुदरा बिक्री के आंकड़े और जापान के वृहद आर्थिक आंकड़े बाजार को दिशा देंगे। इस बीच, आईटी सेवा कंपनी एचसीएल टेक का जून तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 20.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,257 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी के तिमाही नतीजों की घोषणा शुक्रवार को हुई। बाजार` विशेषज्ञों ने कहा` कि सोमवार को बाजार भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देगा। इस सप्ताह जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, एचडीएफसी लाइफ, एशियन पेंट्स, एलटीआईमाइंडट्री, इन्फोसिस, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, पेटीएम के तिमाही नतीजे आने हैं। साथ ही वैश्विक स्तर पर निवेशक चीन के जीडीपी आंकड़ों, अमेरिका के खुदरा बिक्री के आंकड़ों और यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के ब्याज दर पर निर्णय से दिशा लेंगे। उन्होंने कहा` कि चालू तिमाही नतीजों के सत्र की वजह से सप्ताह के दौरान शेयर विशिष्ट गतिविधियां देखने को मिलेंगी। तिमाही नतीजों के सत्र की अच्छी शुरुआत की वजह से आईटी शेयर आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इस सप्ताह चीन के जीडीपी, यूरो क्षेत्र के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े, ईसीबी के नीतिगत निर्णय तथा अमेरिकी केंद्रीय बैंक के प्रमुख के संबोधन पर सभी की निगाह रहेगी।

# मर्सिडीज बेंज भारत में और इलेक्ट्रिक वाहनों को असेंबल करेगी

**नई दिल्ली ।**

जर्मनी की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी मर्सिडीज-बेंज भारत में अपने संयंत्र में अधिक संख्या में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को असेंबल करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया फिलहाल अपने चाकन संयंत्र में अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक लक्जरी सेडान ईक्यूएस को असेंबल करती है। कंपनी मांग के आधार पर अन्य मॉडल के स्थानीयकरण पर भी विचार कर रही है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा` कि हमारा आखिरी लक्ष्य शून्य उत्सर्जन वाला परिवहन और कार्बन निरपेक्षता है। इसका मतलब न केवल ईंधन उत्सर्जन को कम करने से है, बल्कि कारों के पुनर्चक्रण से भी है। हम कारों के उत्पादन से होने वाले कॉर्बन उत्सर्जन को भी कम करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमें इसे समग्र रूप से देखना होगा। इसलिए ईवी का उत्पादन तार्किक कदम है




और हम बाजार की मांग में बदलाव के साथ उस दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने अक्टूबर, 2022 से चाकन संयंत्र में ईक्यूएस को असेंबल करना शुरू किया था। यह भारत में बिकने वाले चार ईवी मॉडल - एसयूवी ईक्यूए, ईक्यूबी और ईक्यूई तथा सेडान ईक्यूएस - में स्थानीय स्तर पर असेंबल किया जाने वाला एकमात्र मॉडल है। इनकी कीमत 66 लाख रुपये से 1.6 करोड़ रुपये के बीच है।

# बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लि. बोर्ड प्रेफरेंशियल इशू से फण्ड जुटाने पर करेगा विचार -

**मुम्बई/इन्दौर ।**

प्रमुख प्रेसिजन इंजीनियरिंग कंपनी बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लि. (बीएसईः 531112, एनएसईः बालूफोर्ज) (बीएफआईएल), जो क्रैंकशाफ्ट और जाली घटकों के निर्माण में लगी हुई है, ने घोषणा की है कि कंपनी के बोर्ड की बैठक 16 जुलाई 2024 को कंपनी के शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन आवश्यक हो सकने वाली नियामक/व वैधानिक स्वीकृतियों के अधीन, प्रेफरेंशियल इशू /प्राइवेट प्लेसमेंट से धन जुटाने के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए होगी।

इससे पहले, कंपनी ने हैमर्स एंड प्रेसेस के कॉम्बिनेशन में 72,000 टन प्रति वर्ष भारी जाली उत्पादों का उत्पादन करने में सक्षम तीन फोर्जिंग लाइनों के सफल अधिग्रहण की घोषणा की थी। इन नवीनतम अधिग्रहीत फोर्जिंग लाइनों को बेलगावी, कर्नाटक में हमारे आगामी विनिर्माण परिसर में हो रहे सटीक इंजीनियरिंग विस्तार के साथ मूल रूप से एकीकृत किया जाएगा, जिससे क्क्नद्धरु रेलवे, रक्षा, तेल और गैस, खनन, एयरोस्पेस, रक्षा, एल्यूमीनियम और अन्य महत्वपूर्ण सटीक उद्योगों जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों के लिए एडवांस मशीनिंग सोल्यूशन के लिए एक इंटीग्रेटेड वन-स्टॉप सोल्यूशन प्रोवाइडर बन जाएगा।

इस कॉम्प्रेहेंसिव सेटअप में 16-टन का क्लोज्ड डाई फोर्जिंग हैमर, 10-टन का क्लोज्ड डाई फोर्जिंग हैमर और 8,000ञ्ज क्षमता का मैकेनिकल प्रेस शामिल है। यह सेटअप नवीनतम तकनीक के साथ पूरी तरह से स्वचालित होगा, लाइक एंटीवाइब्रेशन सिस्टम प्रेस लाइन विथ रोबोटिक हैंडलिंग कॉम्प्लाइन्स विथ इंडस्ट्री 4.0 मॉडल, जिसे कंपनी की बेलगाम, कर्नाटक में आगामी ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट में स्थापित किया जाएगा।

न्यू फोर्जिंग यूनिट को हाल ही में प्राप्त मर्सिडीज बेंज की प्रिसिशन मशीनिंग यूनिट के साथ निर्बाध रूप से एकीकृत किया जाएगा। इससे कंपनी की प्रोडक्ट इंजीनियरिंग और मजबूत होगी और महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग और सुरक्षा घटक उद्योग में काम करने वाली वैश्विक प्रमुख कंपनियों को एक छत के नीचे संपूर्ण समाधान के साथ प्रिसिशन प्रोडक्ट की ऑफरिंग बढ़ेगी।

वित्त वर्ष 24 के लिए, कंपनी ने शानदार 71.40त्न की आय वृद्धि दर्ज की और वित्त वर्ष 24 में परिचालन से आय वित्त वर्ष 23 में रु. 3,266.39 मिलियन की तुलना में रु. 5,598.56 मिलियन रही।

# देश से वाहनों का निर्यात पहली तिमाही में 15.5 फीसदी बढ़ा

## - समीक्षाधीन अवधि में 69,962 इकाइयों के निर्यात के साथ मारुति सुजुकी इंडिया सबसे आगे रही

**नई दिल्ली ।** देश से वाहनों का निर्यात चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में सालाना आधार पर 15.5 प्रतिशत बढ़ा है। तिपहिया को छोड़कर सभी अन्य वाहनों का निर्यात बढ़ा है। वाहन विनिर्माताओं के एक संगठन के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून की तिमाही में कुल वाहन निर्यात 11,92,577 इकाई रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 10,32,449 इकाई के आंकड़े से 15.5 प्रतिशत अधिक है।पहली तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 1,80,483 इकाई रहा। पिछले साल समान तिमाही में यह आंकड़ा 1,52,156 इकाई था। समीक्षाधीन अवधि में 69,962 इकाइयों के निर्यात के साथ देश की प्रमुख वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया सबसे आगे रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में मारुति ने 62,857 वाहनों का निर्यात किया था। अप्रैल-जून में हुंदै मोटर का निर्यात 42,600 इकाई रहा। पिछले साल की समान अवधि में कंपनी ने 35,100 इकाइयों का निर्यात किया था। तिमाही के दौरान देश से दोपहिया वाहनों का निर्यात 17 प्रतिशत बढ़कर 9,23,148 इकाई पर पहुंच गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 7,91,316 इकाई रहा था। इस दौरान वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 15,741 इकाई हो गया। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 14,625 इकाई था। हालांकि, समीक्षाधीन तिमाही में तिपहिया वाहनों का निर्यात तीन प्रतिशत घटकर 71,281 इकाई रह गया। एक साल पहले समान तिमाही में 73,360 तिपहिया का निर्यात हुआ था। संगठन के एक अधिकारी ने कहा कि यह उद्योग के लिए अच्छा संकेत है कि निर्यात का आंकड़ा बेहतर रहा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छा संकेत है कि निर्यात अपने निचले स्तर से उबर आया है, खासकर वाणिज्यिक वाहन खंड। इस साल पहली तिमाही से वृद्धि दिखनी शुरू हो गई है। पिछले साल तक ट्रक और बस के निर्यात में भारी गिरावट देखने को मिली थी। उन्होंने कहा कि पहली तिमाही दोपहिया और यात्री वाहनों के लिए भी अच्छी रही है।

# आईएमएफ ने पाकिस्तान को 2 लाख करोड़ का लोन मंजूर किया

## - आमलोगों और किसानों को चुकानी होगी बड़ी कीमत

**इस्लामाबाद ।** कंगाली का सामना कर रहे पाकिस्तान के लिए राहत भरी खबर है। पाकिस्तान महीनों से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास बेलआउट पैकेज के लिए लगातार हाथ फैला रहा था। कुछ सप्ताह पहले आईएमएफ की हाई-लेवल कमेटी ने पाकिस्तान का दौरा कर सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की समीक्षा की थी। अब जाकर आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए 7 अरब अमेरिकी डॉलर (194570 पाकिस्तानी रुपया) के लोन पैकेज को अपनी मंजूरी दे दी। हालांकि, इसके लिए पाकिस्तान को बड़ी कीमत चुकानी होगी। आर्थिक और वित्तीय सुधारों के साथ ही टैक्स बेस को भी बढ़ाना होगा। सब्सिडी में भी रिफॉर्म करना होगा। आमलोगों के साथ ही खासकर किसानों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। दुनियाभर में आतंकवादियों के लिए पनाहगाह के तौर पर कुख्यात पाकिस्तान की आर्थिक हालत सालों से बेहद खराब है। एक रिपोर्ट के अनुसार पीएम शाहबाज शरीफ ने आईएमएफ से लोन सेक्योर करने के लिए वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब की तारीफ की है। साथ ही कहा कि हमें इसके लिए कुछ बलिदान करने होंगे। पीएम शाहबाज ने कहा, अब हमें अपनी बेल्ट टाइट करते हुए जनता के लिए काम करना होगा। हमें पहली और आखिरी बार राष्ट्र हित में काम करने की जरूरत है। यदि जरूरत पड़ी तो मैं पद भी छोड़ दूंगा, लेकिन किसी दबाव में नहीं आऊंगा। मैं इसे पूरी तरह से स्पष्ट कर देना चाहता हूं। आईएमएफ ने पाकिस्तान को तीन साल के लिए 7 अरब डॉलर की सहायता राशि लोन के तौर पर देने के लिए सहमत हुआ है। डील डन होने के बाद आईएमएफ के पाकिस्तान प्रमुख नाथन पोर्टर की ओर से भी बयान जारी किया गया है।

# नई दिल्ली में 9 अगस्त को लांच होगी लेम्बोर्गिनी एसई

**नई दिल्ली ।** लेम्बोर्गिनी यूआरयूएस एसई 9 अगस्त को नई दिल्ली में लांच की जाएगी। लेम्बोर्गिनी यूआरयूएस एसई में 4.0-लीटर, ट्विन-टर्बोचार्ज्ड वी8 इंजन दिया गया है, जिसे



प्लग-इन हाइब्रिड सिस्टम के साथ जोड़ा गया है, जो 800एचपी अधिकतम पावर और 950एनएम मैक्स टॉर्क जेनरेट करता है। इसमें 25.9केडब्ल्यूएच लिथियम-आयन बैटरी पैक भी है। लेम्बोर्गिनी का कहना है कि इसे केवल इलेक्ट्रिक पावर का उपयोग करके 60 किमी तक चलाया जा सकता है। इसमें ऑल-व्हील-ड्राइव सिस्टम है। यह एसयूवी महज 3.4 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटे की स्पीड पकड़ लेती है। इसकी टॉप स्पीड 312 किमी प्रति घंटा है।



# एफपीआई ने इस महीने अब तक शेयर बाजारों में 15,352 करोड़ डाले

## एफपीआई ने मई में शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे

**नई दिल्ली ।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 12 जुलाई तक घरेलू शेयर बाजारों में 15,352 करोड़ रुपये का निवेश किया है। सरकार की सुधारों को जारी रखने की प्रतिबद्धता और मजबूत घरेलू मांग की वजह से एफपीआई का भारतीय बाजार में प्रवाह बढ़ा है। बाजार के जानकारों ने कहा` कि विदेशी निवेशकों के लिए आगामी आम बजट आर्थिक वृद्धि के लिए सरकार की योजनाओं को समझने का सबसे प्रमुख घटनाक्रम है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने 12 जुलाई तक शेयरों में 15,352 करोड़ रुपये डाले हैं। इससे पहले जून में उन्होंने शेयरों में 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया था। वहीं आम चुनाव को लेकर असमंजस के बीच एफपीआई ने मई में शेयरों से 25,586 करोड़ रुपये निकाले थे। मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि की चिंता के बीच अप्रैल में एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की थी। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने शेयरों के अलावा ऋण या बॉन्ड बाजार में 8,484 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे इस साल अब तक बॉन्ड बाजार में उनका निवेश 77,109 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) 2024 में जहां हर महीने शेयर बाजार में लिवाल रहे हैं, वहीं एफपीआई के प्रवाह में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। एफपीआई ने जनवरी, अप्रैल और मई में कुल मिलाकर 60,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। वहीं फरवरी, मार्च और जून में उन्होंने 63,200 करोड़ रुपये की खरीदारी की है।

# डीमार्ट का मुनाफा 17.5 फीसदी बढ़ा, आय भी बढ़ी

**नई दिल्ली ।** रिटेल चेन डीमार्ट संचालित करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स की वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में मुनाफा बढ़कर 773.82 करोड़ रुपए रहा है। सालाना आधार पर इसमें 17.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 658.75 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया था। अप्रैल-जून 2024 तिमाही में कंपनी ने 14,069.14 करोड़ रुपए का कॉन्सोलिडेटेड रेवेन्यू दर्ज किया है। सालाना आधार पर इसमें 18.6 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले कंपनी ने 11,865.40 करोड़ रुपए की कमाई की थी। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 के पहली तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयर ने पिछले 5 दिन में 1.47 फीसदी, एक महीने में 6.30 फीसदी, 6 महीने में 28.30 फीसदी और एक साल में 29.53 फीसदी का रिटर्न दिया है। केवल इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक की बात करें तो कंपनी ने 21.78 फीसदी का रिटर्न दिया है। कंपनी का मार्केट कैप 3.22 लाख करोड़ रुपए है। सुपरमार्केट चेन डीमार्ट के फाउंडर राधाकिशन दमानी हैं। उन्होंने डीमार्ट की शुरुआत 2002 में मुंबई के पवई इलाके से की थी। यहां उन्होंने डीमार्ट का पहला स्टोर खोला था। 1999 में दमानी ने नई मुंबई के नेरूल में अपना बाजार की एक फ्रेंचाइजी की शुरुआत की थी, पर उन्हें यह मॉडल जमा नहीं था। डीमार्ट सुपरमार्केट चेन को एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड संचालित करती है। 68 साल के राधाकिशन दमानी की कंपनी डिमार्ट ने 2017 में शेयर बाजार में डेब्यू किया था। डी-मार्ट 21 मार्च 2017 को शेयर बाजार में लिस्ट हुई थी, उस दिन कंपनी मार्केट कैप 39,988 करोड़ रुपए था। अब 3 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का मार्केट कैप 1.72 लाख करोड़ बढ़ा

**मुंबई ।**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,72,225.62 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 62,393.92 करोड़ रुपये बढ़कर 15,14,133.45 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस का जून तिमाही का शुद्ध लाभ 8.7 प्रतिशत बढ़कर 12,040 करोड़ रुपये रहा है। इसके बाद शुक्रवार को टीसीएस का शेयर लगभग सात प्रतिशत चढ़ गया। बीते सप्ताह आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 31,858.83 करोड़ रुपये बढ़कर 5,73,258.78 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 26,905.14 करोड़ रुपये बढ़कर 7,10,827.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जबकि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 22,422.12 करोड़ रुपये बढ़कर 6,64,947.01 करोड़




रुपये हो गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 17,668.92 करोड़ रुपये बढ़कर 6,16,156.81 करोड़ रुपये पर और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 9,066.19 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 21,60,628.75 करोड़ पर पहुंच गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 1,910.5 करोड़ रुपये बढ़कर 8,15,705.36 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के विपरीत एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 18,069.29 करोड़ रुपये घटकर 12,35,825.35 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 356.99 करोड़ रुपये घटकर 7,67,204.26 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 210.5 करोड़ रुपये घटकर 8,67,668.16 करोड़ रुपये रह गया। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

# केंद्र ने झारखंड सरकार से 10 खनिज ब्लॉक नीलाम करने को कहा

**नई दिल्ली ।** खान मंत्रालय ने झारखंड सरकार से एक सोने की खदान से हित 10 खनिज ब्लॉक की नीलामी करने को कहना है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि वह ऐसा नहीं कर सकता तो केंद्र इन खानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू कर देगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये ब्लॉक खोज के जी2 (सामान्य) और जी3 (प्रारंभिक) स्तर के हैं। 10 ब्लॉक में एक तांबे की खदान, एक चूना पत्थर की खदान और एक ग्रेफाइट खदान शामिल है। 2021 में खनन नियमों में संशोधन के अनुसार, यदि राज्य सरकार पारस्परिक रूप से सहमत अवधि के भीतर खदानों की नीलामी करने में विफल रहती है, तो केंद्र के पास खनिज ब्लॉक की नीलामी करने का अधिकार है। सूत्रों ने कहा कि जब खनिज ब्लॉकों की नीलामी की बात आती है, तो झारखंड सरकार अन्य राज्यों से पिछड़ रहा है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा झारखंड सरकार को सौंपी गई 38 भूवैज्ञानिक रिपोर्टों में से अबतक केवल पांच का उपयोग नीलामी के लिए किया गया है। राज्य सरकार ने दिसंबर, 2021 तक 15 ब्लॉक को नीलामी के लिए अधिसूचित करने का आश्वासन दिया था। हालांकि, राज्य द्वारा इनमें से केवल चार ब्लॉक को नीलामी के लिए अधिसूचित किया गया है। शेष 11 खदानों में से एक पोटाश ब्लॉक महत्वपूर्ण है और केंद्र द्वारा इसकी नीलामी की जाएगी। शेष 10 ब्लॉक को अब भी राज्य द्वारा नीलामी के लिए अधिसूचित किया जाना बाकी है। चालू वित्त वर्ष में अब तक 12 खनिज ब्लॉक की सफलतापूर्वक नीलामी की जा चुकी है। नीलाम किये गये सभी ब्लॉक राजस्थान में हैं। ये ब्लॉक अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड और जेके सीमेंट लिमिटेड जैसी कंपनियों को मिले हैं।



# देश से वाहनों का निर्यात पहली तिमाही में 15.5 फीसदी बढ़ा

## - समीक्षाधीन अवधि में 69,962 इकाइयों के निर्यात के साथ मारुति सुजुकी इंडिया सबसे आगे रही

**नई दिल्ली ।**

देश से वाहनों का निर्यात चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में सालाना आधार पर 15.5 प्रतिशत बढ़ा है। तिपहिया को छोड़कर सभी अन्य वाहनों का निर्यात बढ़ा है। वाहन विनिर्माताओं के एक संगठन के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून की तिमाही में कुल वाहन निर्यात 11,92,577 इकाई रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 10,32,449 इकाई के आंकड़े से 15.5 प्रतिशत अधिक है।पहली तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 1,80,483 इकाई रहा। पिछले साल समान तिमाही में यह आंकड़ा 1,52,156 इकाई था। समीक्षाधीन अवधि में 69,962 इकाइयों के निर्यात के साथ देश की प्रमुख वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया सबसे आगे रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में मारुति ने 62,857 वाहनों का निर्यात किया था।

अप्रैल-जून में हुंदै मोटर का निर्यात 42,600 इकाई रहा। पिछले साल की समान अवधि में कंपनी ने 35,100 इकाइयों का निर्यात किया था। तिमाही के दौरान देश से दोपहिया वाहनों का निर्यात 17 प्रतिशत बढ़कर 9,23,148 इकाई पर पहुंच गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 7,91,316 इकाई रहा था। इस दौरान वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 15,741 इकाई हो गया। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 14,625 इकाई था। हालांकि, समीक्षाधीन तिमाही में तिपहिया वाहनों का निर्यात तीन प्रतिशत घटकर 71,281 इकाई रह गया। एक साल पहले समान तिमाही में 73,360 तिपहिया का निर्यात हुआ था।

संगठन के एक अधिकारी ने कहा कि यह उद्योग के लिए अच्छा संकेत है कि निर्यात का आंकड़ा बेहतर रहा है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छा संकेत है कि निर्यात अपने निचले स्तर से उबर आया है, खासकर वाणिज्यिक वाहन खंड। इस साल पहली तिमाही से वृद्धि दिखनी शुरू हो गई है। पिछले साल तक ट्रक और बस के निर्यात में भारी गिरावट देखने को मिली थी। उन्होंने कहा` कि पहली तिमाही दोपहिया और यात्री वाहनों के लिए भी अच्छी रही है। हम बहुत सकारात्मक हैं कि निर्यात में सुधार शुरू हो गया है।

विभिन्न विदेशी बाजारों में मौद्रिक संकट के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से वाहन निर्यात में 5.5 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

पिछले वित्त वर्ष में कुल वाहन निर्यात 45,00,492 इकाई रहा था, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में यह आंकड़ा 47,61,299 इकाई रहा था।

# डांस रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर के चौथे सीजन के साथ वापस आ गया है

**करिश्मा कपूर, टेरेंस लुईस और गीता कपूर के साथ जज पैनल में शामिल हुई हैं, जबकि जय भानुशाली और पूर्व प्रतियोगी अनिकेत चौहान इस सीजन के होस्ट होंगे**

मुंबई : डांस करने से कई तरह की भावनाएं सामने आती हैं, जिससे यह भावनात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक बहुमुखी और डायनेमिक माध्यम बन जाता है। बॉलीवुड की डांसिंग दीवा करिश्मा कपूर शो में जज की भूमिका निभाते हुए, ग्लैमर का पहलू बढ़ाती नजर आएंगी।




असाधारण प्रतिभाओं और दमदार डांस मूव्स के आकर्षक सफर का वादा करते हुए, इस बहुचर्चित डांस रियलिटी शो के चौथे सीजन से दर्शकों से अनुरोध किया है। प्रतियोगियों को मनोरंजन, नयापन और तकनीक के मानदंडों के आधार पर जांचा जाएगा।

# टीम इंडिया ने 4-1 से जीती टी20 सीरीज, शुभमन रहे लीडिंग स्कोरर

**हरारे (एजेंसी)।** भमन गिल के नेतृत्व में टीम इंडिया ने जिमबाब्वे के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज में 4-1 से जीत हासिल कर ली है। भारत ने सीरीज का पहला मुकाबला 13 रन से गंवा दिया था लेकिन इसके बाद टीम इंडिया ने जोरदार वापसी की। यशस्वी जायसवाल और अभिषेक शर्मा की ताबड़तोड़ पारियां, रवि बिश्नोई की फिरकी और मुकेश कुमार की तेज गेंदबाजी के कारण भारतीय टीम ने लगातार 4 मुकाबले जीतकर सीरीज का सुखद अंत कर दिया। 5वें टी20 में भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए पावरप्ले में 3 विकेट गंवा दिए थे लेकिन सैमसन ने 58 रन बनाकर स्कोर 167 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी जिमबाब्वे की टीम 125 रन पर आऊट हो गई और मैच 42 रन से गंवा दिया। मुकेश ने 4 विकेट लिए।

यशस्वी जायसवाल ने टीम इंडिया को बढ़िया शुरूआत दी। उन्होंने रजा की पहली दो गेंदों पर छक्के जड़े। जायसवाल (12), अभिषेक शर्मा (14), शुभमन गिल (13) पावरप्ले में ही आऊट हो गए। इसके बाद सैमसन और पराग ने पारी को आगे बढ़ाया। सैमसन ने रजा पर छक्का जड़ा। पराग ने ब्रेंडन मावुता पर 107 मीटर का अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला छक्का मारा। सैमसन ने 13वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 45 गेंदों पर 4 छक्कों की मदद से 58 रन बनाए। इसके बाद रियान पराग ने 24 गेंदों पर 22, शिवम दुबे ने 12 गेंदों पर 26 तो रिंकू सिंह ने 11 रन बनाकर स्कोर 167 तक पहुंचा दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिमबाब्वे को पहले ही ओवर में झटका लगा जब वेस्ले 0 पर मुकेश की गेंद पर बोल्ड होगे। तीसरे ओवर में मुकेश ने ब्रियान को भी पवेलियन की राह दिखा दी। मारुमनि ने 27 तो डियोन मायर्स ने 32 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 34 रन बनाकर पारी संभाली लेकिन इनके विकेट गिरते ही जिमबाब्वे की पारी लड़खड़ा गई। कप्तान सिकंदर रजा 8, जोनाथन कैम्बेल 4, क्लाइव 1 रन बनाकर आऊट हो गए। फराज अकरम (27) ने एक छोर संभालकर जोर लगाया लेकिन पुछल्ले बल्लेबाजों से सहयोग न मिलने के कारण वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। भारत के लिए मुकेश कुमार ने कुल 4 विकेट लिए।

### टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर

170 रन : शुभमन गिल
133 रन : ऋतुराज गायकवाड़
141 रन : यशस्वी जायसवाल
124 रन : अभिषेक शर्मा

गेंदबाजी में मुकेश कुमार 8 विकेट के साथ टॉप विकेटटेकर बने।



## कपिल की अपील का असर, अंशुमान गायकवाड़ को मिली 1 करोड़ की सहायता

### -बीसीसीआई सचिव जय शाह ने परिवार से की बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट टीम के पूर्व कोच और क्रिकेटर अंशुमान गायकवाड़ वर्तमान में ब्लड कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। 71 साल के दिग्गज का इलाज लंदन में चल रहा था और इसकी जानकारी मिलते ही भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से मदद का हाथ बढ़ाया गया। गायकवाड़ के इलाज के लिए बोर्ड की ओर से 1 करोड़ रुपये की राशि तुरंत दिए जाने का फैसला लिया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह की ओर से इसकी जानकारी मिलने के साथ ही तुरंत एक्शन हुआ। उन्होंने परिवारजनों से बात कर दिग्गज के तबीयत का हाल जानकर मदद की घोषणा की।

दरअसल भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव की ओर से बताया गया था कि उनके साथी अंशुमान कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। कपिल ने बताया कि उनके साथ खेल चुके अंशुमान को बेहद तकलीफ से गुजरना पड़ रहा है। कपिल ने बीसीसीआई से मदद की गुहार लगाई थी। इस खबर के सामने आने के साथ ही बीसीसीआई सचिव ने अंशुमान गायकवाड़ को 1 करोड़ की मदद पहुंचाने की घोषणा की।



बीसीसीआई का यह फैसला पूर्व कप्तान कपिल देव और संदीप पाटिल की भावनात्मक अपील के बाद आया है, जिन्होंने बीसीसीआई से गायकवाड़ की मदद करने का आग्रह किया था। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद ने कहा, ''(सचिव) जय शाह ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को कैंसर से जूझ रहे पूर्व क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड़ को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल एक करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश दिया है। भारत के पूर्व कप्तान डीके गायकवाड़ के बेटे अंशुमन गायकवाड़ लंदन के किंग्स कॉलेज अस्पताल में रक्त कैंसर का इलाज करा रहे हैं। बीसीसीआई बयान के अनुसार, सचिव शाह ने गायकवाड़ के परिवार से भी बात कर स्थिति का जायजा लेकर सहायता प्रदान की। बोर्ड संकट की घड़ी में गायकवाड़ के परिवार के साथ है तथा गायकवाड़ के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए जो भी आवश्यक होगा, वह करेगा।

## जब... धोनी से मैं साइना नेहवाल का पति कहकर मिले पारुपल्ली कश्यप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पारुपल्ली कश्यप ने हाल ही में महान क्रिकेटर एमएस धोनी से मुलाकात के बारे में बताया। कश्यप राष्ट्रमंडल खेलों में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। उनकी शादी दुनिया की नंबर एक रह चुकी बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल से हुई है। हाल ही में कश्यप ने बताया कि उन्हें एक शादी में से मिलने का मौका मिला। कश्यप को लगा कि हर कोई बैडमिंटन नहीं देखता, इसलिए उन्होंने खुद का परिचय धोनी से साइना के पति के रूप में करवाया। फिर धोनी ने जो जवाब दिया उसकी कश्यप को उम्मीद नहीं थी।

दरअसल धोनी ने उन्हें पहचान कर उनसे बात जैसे वे उनके किसी साथी खिलाड़ी से बात कर रहे हों। कश्यप ने बताया, मैं हाल ही में एक



शादी में धोनी से मिला। मैंने धोनी से अपना परिचय साइना के पति के रूप में करवाया। मुझे लगा कि शायद कुछ खेल देखने वाले लोग मुझे पहचान ले। मैं क्रिकेट और धोनी का बड़ा फैन हूं। जब मैं उनसे मिला, उन्होंने मुझसे कहा-पता है भाई। मैं भी बैडमिंटन खेलता हूं। मैं जानता हूं आप कौन हैं और आपको यह बताने की जरूरत नहीं है कि आप साइना के पति हैं। वहां मुझसे एक दोस्त की तरह बात करते थे, मानो मैं उनकी टीम का खिलाड़ी हूं।

## भारत-पाक मैच में देखने को मिला खेल भावना अद्भुत उदाहरण, उथप्पा ने चोटिल मिस्बाह की मदद की




**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच बर्मिंघम में खेले गए वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के फाइनल मुकाबले में खेल भावना अद्भुत उदाहरण देखने को मिला जब पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह-उल-हक को 15 गेंदों पर 18 रन बनाने के बाद चोटिल होकर रिटायर होना पड़ा। खेल भावना दिखाते हुए भारत के चैंपियंस विकेटकीपर रॉबिन उथप्पा को मिस्बाह की मदद करते हुए देखा गया जिन्होंने उन्हें मैदान से बाहर जाने के लिए कंधा दिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच इस घटना ने दुनिया भर के प्रशंसकों का दिल जीत लिया जिससे क्रिकेट की भावना और भी बढ़ गई।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भारत चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के फाइनल में पाकिस्तान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना। हालांकि, अनुरीत सिंह की अगुवाई में भारतीय तेज गेंदबाजों ने 43 रन देकर तीन विकेट लिए और पाकिस्तान को निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। शोएब मलिक ने 36 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 41 रन बनाकर पाकिस्तान के लिए शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि सोहेल तनवीर ने 9 गेंदों पर नाबाद 19 रनों का योगदान दिया, जिससे पाकिस्तान चैंपियंस 150 का आंकड़ा पार करने में सफल रहा।

भारत के लिए अनुरीत सिंह के प्रभावशाली प्रदर्शन के अलावा, इरफान पठान (12 रन पर 1 विकेट), पवन नेगी (24 रन पर 1 विकेट) और विनय कुमार (36 रन पर 1 विकेट) महत्वपूर्ण विकेट लेने में प्रभावी रहे। प्रतिस्पर्धी भावना और खेल भावना के यादगार क्षणों से भरे इस मैच ने प्रशंसकों को खुश होने के कई कारण प्रदान किए। इस फाइनल ने न केवल दिग्गज खिलाड़ियों के क्रिकेट कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि क्रिकेट की स्थायी भावना को भी रेखांकित किया।

## भारतीय ओलंपिक अभियान का जश्न मनाने के लिए 'पेरिस में भारत' मैराथन शुरू

नई दिल्ली। भारत के ओलंपिक अभियान और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) से ईस्पोट्र्स को मान्यता मिलने का जश्न मनाने के लिए रविवार को यहां 'पेरिस में भारत' मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद मनोज तिवारी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। भारत के कुल 118 खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे। इनमें भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। आइओसी ने हाल में ईस्पोट्र्स को मान्यता प्रदान की थी। आईओसी और सऊदी अरब सरकार के बीच अगले साल सऊदी अरब में ईस्पोट्र्स ओलंपिक के आयोजन को लेकर करार भी हुआ है। यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, 'पेरिस में भारत कार्यक्रम पारंपरिक खेलों के बीच ईस्पोट्र्स को मान्यता प्रदान करता है। इस दौड़ का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को तेजी से बढ़ते भारतीय ईस्पोट्र्स के साथ जोड़ना है।' इस अवसर पर गिरिराज ने कहा, 'डिजिटल इंडिया के बढ़ते अवसर ईस्पोट्र्स जैसे नए खेलों का लाभ उठाने की बहुत संभावनाएं प्रदान करते हैं।'



## हर कोई भूल गया कि मैंने ही रोहित शर्मा को कप्तान बनाया था : सौरव गांगुली



बेंगलुरू। भारत के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया। बंगाली दैनिक 'आजकल' के साथ बातचीत में, गांगुली ने 2021 टी20 विश्व कप से भारत के जल्दी बाहर होने के बाद सभी प्रारूपों से विराट कोहली के इस्तीफे के बाद रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त करने के अपने फैसले का बचाव किया। भारतीय क्रिकेट में उथल-पुथल भरे दौर के दौरान, कोहली के सार्वजनिक बयान के बाद गांगुली को सोशल मीडिया पर प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ा, जिसमें उन्होंने उन्हें भारतीय वनडे कप्तान के पद से हटाने का दावा किया था। गांगुली ने शुरू में मीडिया को बताया था कि कोहली और बीसीसीआई के बीच सौहार्दपूर्ण चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है। इसके बाद गांगुली ने अपने विरोधियों से रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम द्वारा हासिल की गई सफलता को स्वीकार करने का आग्रह किया। गांगुली ने टी20 विश्व कप 2024 पर करते हुए सभी को याद दिलाया कि उन्होंने ही मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी को कप्तान नियुक्त किया था। गांगुली ने कहा कि जब मैंने रोहित शर्मा को भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी तो सभी ने मेरी आलोचना की। अब जब भारत ने रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप जीत लिया है तो सभी ने इसके लिए मुझे गाली देना बंद कर दिया है। वास्तव में, मुझे लगता है कि हर कोई भूल गया है कि वह मैं ही था जिसने उन्हें भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया था।

## 'हमने अपना सबसे महान गेंदबाज खो दिया', एंडरसन के संन्यास पर बोले जो रूट

**लंदन (एजेंसी)।** जो रूट को उम्मीद है कि गस एटकिंसन की गेंद से यादगार शुरुआत के बाद इंग्लैंड की गेंदबाजी इकाई का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने संन्यास ले चुके जेम्स एंडरसन को भी 'अब तक का सबसे महान गेंदबाज' बताया। एंडरसन ने 12 जुलाई, शुक्रवार को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया।

तेज गेंदबाज एंडरसन ने अपने आखिरी टेस्ट पारी में चार विकेट लेकर अपने करियर का शानदार अंत किया। उनका करियर 21 साल तक चला और 41 वर्षीय यह खिलाड़ी 704 विकेट के साथ टेस्ट क्रिकेट में तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, जो शेन वार्न (708) और मुथैया मुरलीधरन (800) से ठीक पीछे हैं। लॉर्ड्स में उसी टेस्ट मैच में गस एटकिंसन ने पदार्पण किया और गेंद से चमकते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता उन्होंने टेस्ट में 12 विकेट लिए और 106 रन दिए और एंडरसन के करियर के सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों को पार कर लिया। इसने इंग्लैंड क्रिकेट के एक नए युग की ओर एक आदर्श बदलाव की नींव रखी, जिसकी अगुआई एटकिंसन जैसे खिलाड़ी कर सकते हैं।

इंग्लैंड के गेंदबाजी विभाग के भविष्य के बारे में रूट की टिप्पणी एटकिंसन के यादगार प्रदर्शन के बाद आई। उन्होंने एंडरसन को 'अब तक का सबसे महान गेंदबाज' बताया, लेकिन उन्होंने यह भी महसूस किया कि इंग्लैंड की टीम को कुछ नई प्रतिभाओं के लिए रास्ता बनाने की जरूरत है। रूट ने कहा, 'मुझे लगता है कि गेंदबाजी विभाग में भविष्य बहुत उज्ज्वल दिखता है। हमने अपना सबसे महान गेंदबाज खो दिया है, लेकिन गस के आने और ऐसा करने से पता चलता है कि हम एक टीम के रूप में कहां हैं। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।'

इंग्लैंड दो और टेस्ट मैचों के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा, उसके बाद श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगा। हालांकि रूट ने कहा कि इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुप्रतीक्षित एशेज सीरीज के लिए कमर कस रही है, जो वर्ष 2025 के उत्तरार्ध में शुरू होगी। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी के तौर पर एशेज वह सीरीज है जिसका आप




हमेशा इंतजार करते हैं, यह वह सीरीज है जिसके लिए आप हमेशा तैयार रहते हैं। जब टीमें मैदान पर उतरती हैं, तो उन्हें उन परिस्थितियों के लिए गस जैसे किसी खिलाड़ी की जरूरत होती है जो 80 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सके और फिर भी गेंद को इधर-उधर घुमा सके और तेज गति से गेंदबाजी कर सके।'

## पेरिस ओलंपिक की एथलेटिक्स स्पर्धा में उतरेगी सिक्योरिटी गार्ड की बेटी

नई दिल्ली। ट्रैक और फील्ड एथलीट ज्योति याराजी को पेरिस ओलिंपिक के लिए भारतीय दल में जगह मिली है। ज्योति के नाम 100 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। उसने कठिन हालातों के बीच भी यहां तक का सफर तय किया है। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम की ज्योति के पिता एक सिक्योरिटी गार्ड हैं जबक मां घरेलू सहायक के रूप में काम करती हैं। ज्योति ने सबसे पहले हैदराबाद में भारतीय खेल प्राधिकरण के छात्रावास में कोच एन रमेश से दो साल तक ट्रेनिंग ली थी। उसके बाद में वह उत्कृष्टता केंद्र में शामिल होने के लिए गुंटूर गईं थीं। इसके बाद साल 2019 से ही वह भुवनेश्वर में रिलायंस एथलेटिक्स हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में ब्रिटेन के कोच जेम्स हिलियर से ट्रेनिंग लेती रही हैं। ज्योति ने चीन के हांगझोउ में 2022 के एशियाई खेलों में 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता था। इसके अलावा साल 2023 की शुरुआत में इस एथलीट ने कजाकिस्तान में 2023 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत जीता था।




## वर्ल्ड चैंपियंस ऑफ लीजेंड्स में यूसुफ पठान और रायुडू ने दिखाया दम, जीती ट्राफी



नई दिल्ली। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स ट्रॉफी में इंडिया चैंपियंस टीम ने पाकिस्तान चैंपियस को हराकर ट्रॉफी जीत ली है। भारत ने पाकिस्तान की ओर से रखे गए 157 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.1 ओवर में पांच विकेट खोकर 159 रन बनाकर फाइनल अपने नाम कर लिया। इंडिया चैंपियंस की जीत में ओपनर अंबाती रायुडू और हाल में टीएमसी की ओर से सांसद बने यूसुफ पठान ने ताबड़तोड़ पारी खेलकर मैच में अहम भूमिका निभाई। फाइनल बर्मिंघम में खेला गया। इस लीग में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके खिलाड़ी खेल रहे थे। इंडिया चैंपियंस टीम को रॉबिन उथप्पा और अंबाती रायुडू ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 34 रन बनाए। उथप्पा ने दस रन बनाए। उथप्पा के आउट होने के बाद सुरेश रैना भी आउट हो गए। रैना 4 रन ही बना सके। रैना जब आउट हुए उस समय भारत का स्कोर 38 था। इसके बाद रायुडू को गुरकीरत सिंह का साथ मिला। दोनों ने स्कोर को 98 पर पहुंचाया। गुरकीरत 34 रन बनाकर आउट हुए। रायुडू ने 30 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से अर्द्धशतक लगाया। यूसुफ पठान 16 गेंदों पर 30 रन बनाकर आउट हुए वहीं कप्तान युवराज सिंह ने नाबाद 15 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से आमिर यमीन ने सबसे ज्यादा दो झटके। इससे पहले यूनिस खान की कप्तानी वाली पाकिस्तान चैंपियंस ने 6 विकेट पर 156 रन बनाए। अनुभवी शोएब मलिक ने 36 गेंदों पर 41 रन बनाएं। वहीं ओपनर कामरान अकमल ने 24 रन का योगदान दिया। मकसूद 21 रन बनाकर आउट हुए तो मिस्बाह उल हक 18 रन बनाकर रिटायर्ड हुए। भारत की ओर से पेसर अनुरीत सिंह ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। विनय कुमार, पवन नेगी और इरफान पठान ने एक-एक विकेट चटकाया। इस टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, विंडीज और साउथ अफ्रीका की टीमों ने हिस्सा लिया था। रायुडू को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## भविष्य में सीमित ओवरों की टीम के सलामी बल्लेबाज होंगे फेजर : वार्नर

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने युवा बल्लेबाज जेक फेजर-मैकगर्क की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह आने वाले दिनों में सीमित ओवरों के प्रारुप में सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाएंगे। फेजर ने घरेलू क्रिकेट के साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में भी शानदार प्रदर्शन कर अपने को साबित किया था। टी20 विश्वकप में उन्हें रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा गया था हालांकि उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला था। वार्नर ने कहा कि टी20 और एकदिवसीय में आने वाले समय में फेजर ही सलामी बल्लेबाज होंगे वार्नर ने कहा कि 50 ओवर क्रिकेट कैसे खेलना है। यह एक चीज है जो मैंने ट्वेंटी 20 से सीखी है। मुझे सात मैचों के बाद बाहर कर दिया गया क्योंकि मैं वास्तव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। फिर मैंने समझा कि एकदिवसीय क्रिकेट कैसे खेलना है और टी20 क्रिकेट कैसे खेलना है। इस साल की शुरूआत में इस युवा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के दौरान 2 मैचों में 23 गेंदों पर 51 रन बनाए थे। इससे पहले उन्होंने मार्श कप में मात्र 29 गेंदों में शतक लगाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था और सबका ध्यान खींचा था। इसके अलावा आईपीएल में भी 36.66 की औसत और 234.04 की जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए थे। इसमें चार अर्धशतक शामिल थे।

# अगर प्लेयर सुरक्षित महसूस नहीं करते तो न जाएं पाकिस्तान : हरभजन सिंह

**मुम्बई (एजेंसी)।** पाकिस्तान में फरवरी माह में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत की भागीदारी पर पूर्व खिलाड़ी हरभजन सिंह ने बयान दिया है। 103 टेस्ट के अनुभवी खिलाड़ी ने कहा कि अगर भारत अपने खिलाड़ियों को सुरक्षित महसूस नहीं करता है तो वह उन्हें पाकिस्तान नहीं भेजेगा। वहीं, पाकिस्तान आगे बढ़ सकता है और भारत के बिना ही टूर्नामेंट को आगे बढ़ा सकता है। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में बोलते हुए हरभजन ने कहा कि यदि हमारे खिलाड़ी पाकिस्तान में सुरक्षित नहीं हैं, तो हम टीम नहीं भेजेंगे। यदि आप खेलना चाहते हैं, तो खेलें; यदि नहीं, तो न खेलें। भारतीय क्रिकेट पाकिस्तान के बिना भी जीवित रह सकता है। यदि आप लोग भारतीय क्रिकेट के बिना जीवित रह सकते हैं, तो इसे करें।

बीते दिनों खबर आई थी कि बीसीसीआई पाकिस्तान टीम भेजने पर विचार कर रहा है। लेकिन इस पर फौरन बाद ही बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का बयान सामने आ गया। उन्होंने इस विषय पर उठ रही तमाम अफवाहों पर विराम लगाने की कोशिश की है। शुक्ला ने एक चैनल पर दी इंटरव्यू में कहा कि हमें नहीं पता कि किस स्रोत ने ऐसी जानकारी दी। बीसीसीआई ने इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

बता दें कि 2008 के एशिया कप के बाद टीम इंडिया ने पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। समय के साथ दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। इनके बीच आखिरी द्विपक्षीय सीरीज जनवरी 2013 में हुई थी। तब से, आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप ही ऐसे आयोजन हैं जहां प्रशंसकों को कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच मैच देखने को मिलता है। अगर भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी से हटती है, तो श्रीलंका उनकी जगह लेगा, जो 2023 वनडे विश्व कप स्टैंडिंग में 9वें स्थान पर रहा था। पिछले साल, पाकिस्तान के पास एशिया कप 2023 की मेजबानी का अधिकार था लेकिन भारत सरकार ने टीम को यात्रा करने की मंजूरी नहीं दी और उनके मैच श्रीलंका में स्थानांतरित कर दिए गए।

### 2 ग्रुप में आठ टीमें

भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं। हाल ही में आईसीसी के इवेंट प्रमुख क्रिस टेटली ने पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी से इस्लामाबाद में मुलाकात की थी, जब सुरक्षा टीम ने आयोजन स्थलों और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया था।



## शाहीन के बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलने की संभावनाएं नहीं : गिलेस्पी

कराची। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी अगले माह बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में शायद ही खेलें। इसका कारण है कि वह पापा बनने वाले हैं और ऐसे समय में अपने परिवार के साथ रहना चाहते हैं। शाहीन और उनकी पत्नी अंशा अपने पहले बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं। पाकिस्तान की टेस्ट टीम के मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने कहा, शाहीन बच्चे के जन्म के कारण बांग्लादेश के टेस्ट मैचों से बाहर हो सकते हैं। अगर वह तब तक अपनी पत्नी के साथ रहना चाहते हैं, तो हम उन्हें आराम दे सकते हैं। हाल ही में, शाहीन पाकिस्तान के कोचों के साथ अपने दुर्व्यवहार के बारे में सामने आई रिपोर्टों के कारण सुर्खियों में रहे हैं। इसके अलावा इंग्लैंड के पाकिस्तान के टी20आई दौरे के दौरान शाहीन की बल्लेबाजी कोच मोहम्मद यूसुफ के साथ तीखी बहस भी हुई थी हालांकि बाद में शाइन ने उनसे माफी मांग ली थी। तब टीम प्रबंधन ने कहा था कि ये मामला हल कर लिया गया है। पाकिस्तान की टीम को सीमित ओवरों की अगली सीरीज नवंबर में ऑस्ट्रेलिया से खेलनी है।

# कोड़ा दंपती ग्रामीणों की समस्या को दूर करने के लिए राज्य सरकार से लड़ेंगे लड़ाई, ग्रामीणों की समस्याएं हर हाल में करायेगें दूर

संतोष वर्मा

**चाईबासा।** राज्य में होने वाली विधानसभा चुनाव कि जैसे जैसे नजदीक आ रही है, वैसे वैसे विभिन्न राजनितिक दल के नेताओं द्वारा अभी से तैयारी में जूटने लगे है।लेकिन इस जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता किस करवट लेगी और किसको पहनायेगी ताज यह तो समय ही बतलाएगा। लेकिन राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधुः कोड़ा व सिंहभूम की एक मात्र पूर्व सांसद गिता कोड़ा ग्रामीणों की समस्याओं को दुर करने के लिए पुरी तरह कमर कस ली है,चाहे झारखण्ड सरकार से लड़ाई लड़ना पड़े तो भी वह भी तेयार है।सारंडा क्षेत्र के गांवों में रहने वाले अत्यंत गरीब ग्रामीणों की जरुरी मांगों को वर्तमान हेमंत सोरेन व तत्कालीन चंपाई सोरेन सरकार ने पूरा नहीं किया है. इसके खिलाफ सारंडा के ग्रामीणों के साथ कोड़ा दंपती पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं पूर्व सांसद गीता कोड़ा सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करेंगे. सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम, राजाबेड़ा के मुंडा जामदेव चाम्पिया, जोजोगुटु मुंडा कानुराम देवगम, जामकुंडिया के मुंडा कुशु देवगम, छोटानागरा के मुंडा बिनोद बारिक आदि ने इसका ऐलान भी करघ दिया है. ग्रामीण मानकी-मुंडा ने कहा कि मधु एवं गीता कोड़ा ने भी हमारी महत्वपूर्ण मांगों को लेकर सार्वजनिक मंच से बड़ा आंदोलन करने की घोषणा की है.





### खदानें बंद होने से लोग हुए बेरोजगार

सारंडा में वर्ष 2021 से पहले दर्जनों खदानें चालू थीं. इस कारण यहां के हजारों बेरोजगारों को रोजगार मिलता था. खदानें बंद होने से अचानक लोग बेरोजगार हो गये. उनके परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई. सारंडा से रोजगार हेतु पलायन बढ़ गया है. जो खदानें चालू हैं उसमें बाहरी को रोजगार मिलने लगा और स्थानीय लोग रोजगार से वंचित हो गये. इसके खिलाफ मधु कोड़ा के नेतृत्व में सेल, गुवा प्रबंधन के खिलाफ बड़ा आंदोलन हुआ, जिसमें सफलता मिली. खदानों में स्थानीय बेरोजगारों को ही नौकरी देने की लड़ाई तेज होगी.

### वनाधिकार का पट्टा के लिए हैं संघर्षरत

सारंडा के ग्रामीण वर्षों से वनाधिकार का पट्टा के लिए संघर्ष कर रहे हैं. वर्तमान सरकार भी पट्टा दिलाने के नाम पर वोट प्राप्त कर जीत हासिल की थी. लेकिन आज तक वनाधिकार का पट्टा ग्रामीणों को नहीं मिला. सरकार ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों से वनाधिकार का पट्टा के लिए आवेदन भी पिछले दो वर्षों से लिया है, लेकिन एक भी पट्टा देने का कार्य नहीं किया. वर्ष 2011-12 में पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयराम रमेश के प्रयास से सारंडा के कुछ ग्रामीणों को बिना नक्शा व चौहद्दी के फर्जी पट्टा दिया गया था, जिसे बाद में निरस्त कर दिया गया।

### राशन व पेंशन की नहीं मिल रही सुविधा

सारंडा के हजारों ग्रामीणों को आज भी सही तरीके से राशन और वृद्धों को पेंशन नहीं मिल रहा है. राशन डीलर चार-पांच महीने से लाभुकों को राशन नहीं दे रहे हैं. ऐसी स्थिति गंगदा पंचायत के दुईया, दोदारी, कुम्बिया, चुर्गी, ममार आदि गांव के ग्रामीणों के साथ है. इसके अलावे अन्य गांवों के लाभुकों को राशन की कटौती कर दी जाती है. कई गांवों के ग्रामीण संयुक्त रूप से बैठक कर बड़ा आंदोलन मुखिया राजू सांडिल के नेतृत्व में अलग से छेड़ने वाले हैं.

### बालू की जारी है तस्करी

सारंडा समेत पूरे झारखंड में बालू की तस्करी बडे.पैमाने पर जारी है. बालू के अभाव में या महंगी बालू होने के कारण गरीबों का पीएम आवास व अन्य विकास योजनाएं प्रभावित हैं. मधु कोड़ा और गीता कोड़ा ने बालू घाटों को गरीबों के लिये फ्री करने की मांग करते हुये आंदोलन तेज करने की बात कही है.

### अब तक नहीं मिला राजस्व ग्राम का दर्जा

सारंडा के 10 वन ग्रामों को अब तक राजस्व ग्राम नहीं मिल पाया, जिससे यहां के ग्रामीणों को तमाम प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. दसों गांवों के ग्रामीण लंबे समय से इसके खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं. एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मिला था, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला. अब इन मांगों के लिये भी आंदोलन तेज होगा.

### कुछ माह से नहीं बन रहा जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र

पिछले कुछ माह से सारंडा के लोगों का जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र आदि नहीं बन पा रहा है. आधार अपडेट की कोई सुविधा नहीं है. इस कारण राशन कार्ड, बैंक पासबुक आदि का केवाईसी नहीं हो रहा है. इससे ग्रामीण परेशान हैं. इस कार्य हेतु मोटी रकम की मांग की जा रही है. गरीब जनता देने में असमर्थ है. सारंडा में चिकित्सा व पेयजल की समस्या की स्थिति दयनीय है. थोलकोबाद के ग्रामीण जलमीनार हेतु वर्तमान सांसद से गुहार लगा चुके हैं,6 लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है. ऐसे तमाम मुद्दों को लेकर आंदोलन तेज व राजनीति गरमाने वाली है.

# हम सभी अपने स्थान पर मिशनरी हैं:महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद

बिभा संवाददाता

**रांची/लपरा:** राँची से 63 किमी दूर लपरा (मैकलुस्कीगंज)पल्ली में आज रांची के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद ने पल्ली के 23 कैथोलिक बच्चें बच्चियों को पहला परमप्रसाद और 41 बच्चें बच्चियों को दृढ़करण संस्कार प्रदान किया।



आज महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद रांची महाधर्मप्रांत के लापरा पल्ली गए जहां उन्होंने पल्ली के कैथोलिक विश्वासियों के लिए रविवार का मिस्सा बलिदान अर्पित करने के साथ ही 64 बच्चें बच्चियों को पहला परमप्रसाद और दृढ़करण संस्कार प्रदान किया। महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद के आने पर पल्ली के माता- पिता और भाई - बहनों ने चामा गांव के पास रास्ते में ही हांथ धो कर एवं मधुर संगीत में झूमते हुए महाधर्माध्यक्ष का स्वागत किया। तत्पश्चात मोटर साईकिल से पुरोहित निवास स्थान तक उनका स्कोर्टिंग किया गया।

मिस्सा बलिदान की अगुवाई आर्चबिशप विंसेट आइंद ने की इस दरम्यान उन्होंने धर्मोपदेश में कहा किः ₹इस छोटानागपुर में विदेश से मिशनरी आकर सुसमाचार का प्रचार किया जिसका फल हम सभी खीस्तीय हैं। किंतु दूर जा कर प्रचार करना ही मिशन कार्य नहीं है लेकिन हम प्रत्येक खीस्तीय अपने स्थान में ही मिशनरी हैं। अपने मधुर वचन, प्रेम, निः स्वार्थ सेवा व अच्छे व्यवहार से दूसरों के जीवन में अच्छा प्रभाव लाया जा सकता है यही मिशन कार्य है और यह हम अपने साधारण जीवन और अपने स्थान पर रह कर भी कर सकते हैं।₹ साथ ही उन्होंने बच्चों को पवित्र आत्मा के वरदान का मर्म भी समझाया। मिस्सा के अंत में महाधर्माध्यक्ष और सभी पुरोहितों का पल्लीवासियों और बच्चे बच्चियों ने अपने मधुर संगीत से स्वागत किया और उनका आभार प्रकट किया । इस अवसर पर पल्ली वासियों ने महाधर्माध्याक्ष के सम्मुख समस्याओं और प्रस्ताव का ब्यौरा भी दिया। इसके एवज में आर्चबिशप ने समस्याओं और प्रस्तावों के परिपेक्ष में बात विचार कर निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। स्वागत समारोह में राँची के महाधर्माध्याक्ष ने दृढ़करण संस्कार और पहला परमप्रसाद लेने वाले बच्चें बच्चियों को संस्कार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं एवं बधाईयां भी दीं साथ ही अच्छा जीवन जीने का संदेश दिया। यह अवसर फा विल्फ्रेड वेइगस को विदाई देने का भी रहा क्योंकि उनका तबादला कुरकुरिया के पल्ली पुरोहित के रुप में हो गई है।

इस दृढ़करण संस्कार समारोह में रांची के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आइंद के आलावा, लपरा के पल्ली पुरोहित फाङ्ग ह्यूबरतुस बेक, सहायक पल्ली पुरोहित फाङ्ग विल्फ्रेड वेइगस, खलारी के पल्ली पुरोहित फाङ्ग हिलारियूस तिग्गा, आर्चबिशप के सेक्रेटरी फाङ्ग असीम मिंज, मायापुर पंचायत की मुखिया पुष्पा खालको, संत अन्ना की धर्मबहनें एवं हजारों की संख्या में खीस्त विश्वासी शामिल हुए।

# कौन है एक माफिया जो कोल्हान के चाईबासा, सरायकेला एवं जमशेदपुर में अवैध शराब की फैक्टरी सिडिकेट बनाकर चलाया जा रहा है

**भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नें एसपी को पत्र लिख कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने कि की मांग**

संतोष वर्मा

**चाईबासा।** कौन है एक माफिया जो कोलहान के तिन जिलों यानी चाईबासा, जमशेदपुर व सरायकेला में चला रहा है नकली शराब का कारोबार और उक्त माफिया की नहीं हो रही अब तक गिरफ्तारी।जबकी पिछले दिनों चाईबासा में हुई विदेशी नकली शराब बनाने और बेचने का चार चार कारखाना का भड़ाफोड़ किया गया और दो लोगों को स्कुटी में नकली विदेशी शराब ले जाने के समय रंगे गिरफ्तार किया गया था।वहीं गिरफ्तार लोगों द्वारा पुलिस को मुख्य आरोपी का जानकारी भी दी गई लेकिन गिरफ्तार नहीं किया गया है अब तक.वहीं उत्पाद विभाग के कार्यशैली भी संदेह के घेरे में.चर्चा येही है की बगैर उत्पाद विभाग और स्थानिय पुलिस के सहयोग के बगैर नहीं चलता है नकली शराब का कारोबार। इसी मामले को लेकर पश्चिमी सिंहभूम जिला के भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शतीश पुरी नें पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस कप्तान को पत्र लिख कर मांग किया है की विगत दिनों चाईबासा के लुपुंगुटू पंचायत के पाताहातु गाँव के अर्न्तगत नकली विदेशी शराब बनाने वाले मुख्य अपराधी को गिरफ्तार करने का।जिलाध्यक्ष संजू पाण्डेय के द्वारा लिखा गया शिकायत पत्र में कहा गया है की विगत दिनों 08/07/2024 को पाताहातु गाँव जाने वाले पुल पर सरकार के उत्पाद् मद्य निषेद विभाग के द्वारा खोले गये शराब दुकान के कर्मचारी द्वारा अवैध रूप से नकली विदेशी शराब ले जाते हुए पकडे गये थे। उन दोनों कर्मचारियों को उत्पाद विभाग के पदाधिकारी द्वारा अपने साथ ले जा कर पूछताछ के दौरान शराब बोतलों के साथ सरकारी नियमानुसार चालान कर दिया गया तत्पश्चात मुफ्फसिल थाना प्रभारी, सदर अनुमण्डल पदाधिकारी एवं एस०डी०पी०ओ० सदर चाईबासा एवं हम सभी गाँववासी के खोजबीन के बाद पाताहातु गाँव में 4 अवैध रूप से संचालित शराब की फैक्टरी तथा झारखण्ड सरकार के लोगो, विभिन्न ब्रांड के बोतलें, लाईफलाईन पानी के खाली बोतल में कैमिकल, झारखण्ड सरकार के लोगो एवं विभिन्न ब्रांड के खाली एवं भरी बोतले, बोतलों की ढक्कन, शराब बनाने की अन्य सामग्री काफी मात्रा में पकड़ी गई। जिसे जिला पुलिस प्रशासन अपने कस्टडी में लेकर जाँच शुरू की। जहाँ तक उन दो कर्मचारियों को तुरंत बिना पुछताछ के उत्पाद विभाग के पदाधिकारी द्वारा चालान कर देने से जो नकली शराब बनाने के मुख्य कर्ता धर्ता है वो आज भी पकड़ से बाहर है। हम सभी शहरवासी और ग्रामवासी आपसे मांग करते है कि गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पुछताछ किया जाये ताकि शराब बनाने वाले माफिया का गिरोह तक पहुँचा जा सके। मुझे जो जानकारी मिली है एक माफिया द्वारा चाईबासा, सरायकेला एवं जमशेदपुर में अवैध शराब की फैक्टरी सिडिकेट बनाकर चलाया जा रहा है इसलिए हम सबों का अनुरोध है कि आप अपने स्तर से मुजरीम को पकड़कर जेल के सलाखों में डालने की कृपा करें, ताकि इस तरह का कोई दोबारा कार्य न कर सके।

# जल, जंगल को बचाने के लिए ग्राम सभा को जागरूकता जरुरी : मुखिया



बिभा संवाददाता

**गुमला :** ज्ञात हो की पिछले ग्राम सभा बैठक में निर्णय लिया गया था कि गांव को समग्र विकास के लिए प्राकृतिक संसाधन जंगल को बचाने के लिए पहल करना चाहिए ।मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए ने मुखिया ज्योति बाहेर देवी कहीं की पवित्र रक्षाबंधन में एक बहन अपने भाई के हाथ में रक्षा सूत्र बांधते हैं , उसी तरह हम लोग भी पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर जंगल की रक्षा का संकल्प लें, जंगल है तो जीवन है हर खुशी के मौके पर एक पौधा जरूर लगाएं ।

वन रक्षा महोत्सव में उपस्तिथ लोगो प्रेरित करते हुए फिया फाउंडेशन के समन्वयक श्री ललन साहू ने कहा की वन महोत्सव 1950 में कृषि मंत्रालय द्वारा पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने में पेड़ों और जंगलों के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए शुरू किया गया था। आप सभी लोग मिलकर जंगल को बचाने का यह अच्छा प्रयास है इसे हमेशा जारी रखें और जंगल को बचाने का हर संभव प्रयास करें। उपस्थित सभी लोगों ने मिलकर सर्व समिति से जंगल को बचाने के लिए एक नियम भी बनाए जिससे जंगल को सरक्षण किया जा सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वन अधिकार समिति के अध्यक्ष चोन्हस मिंज , सचिव प्रेमिका बड़ा, ग्राम सभा के सदस्य -नेम्हा बड़ा ,नूतन मिंज ,जेम्स टोप्पो ,बिपिन बड़ा कमला बड़ा ,फिया फाउंडेशन सदस्य आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पुलिस महकमे में होगा फेरबदल

**रांची।** झारखंड पुलिस में बड़े पैमाने पर अधिकारियों के फेरबदल किये जाने की तैयारी है। जल्द ही आधा दर्जन जिले के एसपी के बदले जाने की सूची जारी होने की संभावना है। इस तबादले में हजारीबाग, लातेहार, चतरा, बोकारो, खूंटी, चाईबासा, जामताड़ा के एसपी बदले जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि गृह विभाग ने अफसरों की लिस्ट तैयार कर ली है। इस सप्ताह यह लिस्ट जारी हो सकती है। राज्य में लगातार आपराधिक घटनाओं को ने लेकर पुलिस पर तमाम तरह के सवाल उठे। बढ़ते क्राइम के चलते बात कई जिलों के एसपी के बदले जाने की बात कही जा रही है।

# चक्रधरपुर अनुमंडल न्यायालय हुआ आरम्भ

**झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री डॉ विद्युत रंजन षाड़ंगी ने किया उद्घाटन**

बिभा संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला वासियों के लिए 14 जुलाई का दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण दिवस के रूप में याद किया जाएगा, यह दिन जिले में ऐतिहासिक रूप से स्थान इसलिए प्राप्त कर रहा है कि आज ही के दिन चाईबासा व्यवहार न्यायालय से पृथक चक्रधरपुर अनुमंडलीय न्यायालय का विधिवत उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री डॉ विद्युत रंजन षाड़ंगी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नारियल फोड़ कर किया, इस मौके पर उनके साथ झारखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सुजीत नारायण प्रसाद और क्षेत्र के प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री दीपक रोशन भी उपस्थित थे ।







उद्घाटन के पश्चात आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए अपने संबोधन में माननीय मुख्य न्यायाधीश ने जिलावासियों को बेहद विनम्रता और सहजता से अंग्रेजी हिंदी और उड़िया भाषा में संबोधित कर उनका दिल जीत लिया, अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्होंने इसे एक महत्वपूर्ण कार्य बताया, उन्होंने कहा कि यह लोगों को न सिर्फ सहूलियत देगा बल्की इससे न्याय और भी सुलभ होगी,

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री दीपक रोशन ने भी कहा कि छह प्रखंडों और संबंधित थानों वाला यह अनुमंडलीय क्षेत्र पश्चिमी सिंहभूम के बड़े भूभाग का हिस्सा है, जहां की जनता की चिर परिचित और लंबित मांग आज इस न्यायालय के उद्घाटन के साथ पूरी होती है, उन्होंने मंच पर उपस्थित उपायुक्त महोदय को न्यायालय परिसर की कमियों को आगामी 6 माह तक पूरा करने का निर्देश भी दिया।

इस मौके पर चक्रधरपुर की जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने एक स्व रचित और प्रेरक रचना भी साझा की

कामयाबियों का सफर, सदा
चलता रहे
बना रहे जन-मन का, न्याय पर
विश्वास
गढ़ते रहे हम सब मिल, नये
मील के पत्थर
रहे रौशन सदा जग, जगा रहे
इंसाफ पर आस

सभा को उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने भी संबोधित किया।

धन्यवाद ज्ञापन उपायुक्त श्री कुलदीप चौधरी ने किया जबकि स्वागत भाषण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विश्वनाथ शुक्ला ने किया।

इस मौके पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में जिला के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, अपर उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी चाईबासा सदर, चाईबासा न्यायिक पीठ के सभी न्यायिक पदाधिकारी, चक्रधरपुर और चाईबासा बार के अध्यक्ष, सचिव सहित काफी संख्या में अधिवक्तागण, चक्रधरपुर अनुमंडल की एसडीओ रीना हासदा, एल ए डी सी, और चक्रधरपुर व चाईबासा शहर के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित हुए।

# जगन्नाथपुर विधायक के समक्ष नोवामुण्डी प्रखंड से काफी संख्या में कार्यकर्ताओं नें कांग्रेस पार्टी का दामन थामा

**विधायक सोना नें कहा कार्यकताओं का सम्मान के लिए जिस तरह 24 घंटा फोन खुला रहता है उसी तरह क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है**





बिभा संवाददाता

**चाईबासा।** जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकु के समक्ष काफी संख्या में पार्टी में शामिल हुआ। विधायक सोनाराम सिंकु ने कांग्रेस पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किए। साथ ही कार्यकताओं नें अपनी अपनी समस्याओं को भी रखा जिसे विधायक नें समस्याओं का निदान करने का आश्वासन भी दिया।इस दौरान विधायक सोना नें कहा की कार्यकर्ता ही पार्टी संगठन का रिड़ होता है जो पार्टी को मजबूती प्रदान करता है।यह भी कहा गया की आज हो समुदाय के लोगों का अस्तित्व खतरे में है जिससे बचाना है। कांग्रेस पार्टी नें ही सिंहभूम लोकसभा से सांसद देने का काम किया लेकिन पूर्व सांसद गिता कोड़ा पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गई।गीता कोड़ा नें विकास का काम किया लेकिन आदिवासी हो सामाज को छोड़ दिया।आज वहीं कार्यकर्ता महागठबंधन के प्रत्याशी जोबा माझी को भाड़ी बहुमत से जिता कर सांसद में भेजने का काम किया है।पार्टी कार्यकताओं नें संकलप लिया की हम लोग भी कांग्रेस पार्टी को मजबुत ना कर ब फिर एक बार जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक सोनाराम सिंकु को भारी मतों से जिताकर बिधानसभा भेजने का काम करेगें। कांग्रेस पार्टी में सम्मिलित लोगों की सूची- आसमान चाम्पिया, विदेश्वर पुरती, जोगना लागुरी, सुबेदार पुरती,रासिका बोबोंगा,ओ सुखदेव नाग, बुधराम बोबोंगा, गुरुचरण बालमुचु, नवल किशोर तिरिया, बिरेंद्र बालमुचू, गणेश मुन्डुईया, संतोष लागुरी, विशु चाम्पिया, पूर्ण चन्द्र बोबोंग, सन्नी रजक, प्रदीप तिरिया, राउतू तिरिया, जेना पूर्ति आदि ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।

## संक्षिप्त खबरें

### जनजातीय क्षेत्रों में प्रचलित नियमों, अधिनियमों को अनदेखी कर बन रही ईचा डैम रद्द हो : भारत कुम्हार



**चाईबासा(बिभा)**। प्रखण्ड राजनगर अंतर्गत कुजू पंचायत के ग्राम बोनदोडीह में जन जागरण सह जनांदोलन ईचा खरकई बांध विरोधी संघ कोल्हान के माध्यम से चलाया गया। जिसका नेतृत्व संघ के अध्यक्ष बिर सिंह बुड़ीउली और उपाध्यक्ष रेयांस सामड द्वारा किया जा गया। और इस बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान भारत कुम्हार ने की। जन जागरण के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष ने कहा कि स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना संविधान के उपबंधों से असंगत, नियम अधिनियमों की अनदेखी तथा झारखंड जनजाति सलाहकार परिषद द्वारा गठित उपसमिति के निर्णयों का उल्लंघन तहत सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का अवहेलना है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भारत कुम्हार ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में प्रचालित नियमों/अधिनियमों की अनदेखी कर बन रही ईचा खरकई बांध को अविलंब रद्द किया जाए। परियोजना हेतु अनाधिकृत रूप से कृषि भूमि,धार्मिक स्थल,कब्रिस्तान, नदी इत्यादि से अपना आधिपत्य हटाया जाय साथ ही रैयतों को उनकी भूमि वापसी सुनिश्चित किया जाय। जनजागरण अभियान में बिर सिंह बुड़ीउली, रेयांस सामड,हरीश चंद्र अल्डा, सुनील बाड़ा,बिरसा गोडसोरा, मोतीलाल कालुंडिया,कृष्ण बानरा,मिलन कुमार कालुंडिया,गणेश मोदक,बासुदेव मोदक, तुबलू परेया, कालीपादो तांती,शंकर सिंह मोदक,शुबोल खंडाईत, यशवंत खंडाईत और ग्रामीण उपस्थित थे।

### आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ेगी कांग्रेस पार्टी : प्रीतम बांकिरा

**चाईबासा(बिभा)**। युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी इशिता सेढा और प्रदेश अध्यक्ष अभीजित राज के द्वारा पिछले दिनों रांची में युवा कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में मिले निर्देश और कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की द्वारा जिला स्तरीय नेताओं के साथ बैठक करने के बाद मिले निदेर्शानुसार के बाद युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने पश्चिमी सिंहभूम जिला के संगठन को धारदार करने के लिए दो दिवसीय 16 और 17 जूलाई को पश्चिमी जिला के सभी पांच विधानसभा में विधानसभा स्तरीय बैठक का कार्यक्रम तय कर दिया है। युवा कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय बैठक से संबंधित जानकारी देते हुए प्रीतम बांकिरा ने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा सभी जिला में कॉर्डिनेटर को नियुक्त किया गया है।और बैठक में सभी जिला कमेटी,विधानसभा कमेटी और प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर ठोस रणनीति बनाई जाएगी और सभी पदाधिकारियों को बूथ स्तर संगठन को मजबूत करने के लिए जरूरी टिप्स दिए जाएंगे। युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता डोर टू डोर अभियान चलाकर झारखंड सरकार द्वारा जनता के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता को देंगे । जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव हेतु कांग्रेस पार्टी तैयारियों में कोई कमी नहीं छोड़ेगी और जिला के सभी विधानसभा में जीत दर्ज करने के लिए पार्टी ने कमर कस लिया और इसका परिणाम 2024 के विधानसभा चुनाव में निश्चित रूप से देखने को मिलेगा।

### शिक्षको की मांग को अनदेखी कर अगले बैच का प्रशिक्षण फिर चैनपुर में आयोजित किया जा रहा है

सोमवार को उपायुक्त से करेंगे वार्ता ,बात नही बनी तो भाजपा करेगी आंदोलन : गगराई

**जैंतगढ(बिभा)**। पूरे जिले के शिक्षको का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का मुद्दा काफी गरमाने लगा है।पूर्व मंत्री बड़कुंवर गगराई, मानव अधिकार संगठन, महिला संगठन और शिक्षको की मांग को दरकिनार कर विभाग ने फिर से पूरे जिले के शिक्षको का एक ही स्थान चैनपुर शिक्षक प्रशिक्षण स्कूल में अगले बैच का प्रशिक्षण करने जा रही है।इसे लेकर शिक्षको सामाजिक संगठनों और भाजपा नेताओं में काफी रोष है।इस मामले को लेकर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गगराई सोमवार को उपायुक्त से वार्ता करेंगे।

**क्या है मामला** : पूरे जिले के शिक्षको को बारी बारी से हेल्थ एंड वेलनेस का प्रशिक्षण चल रहा है।पहले शिक्षा विभाग के प्रशिक्षण प्रखंड स्तर पर प्रखंड मुख्यालय में ही आयोजित किए जाते थे।इस बार विभाग ने पूरे जिला के शिक्षको के लिए एक ही केंद्र चैनपुर शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र को बनाया है।शिक्षको खास कर महिला शिक्षको को केंद्र तक आने जाने में काफी परेशानी हो रही है।केंद्र से कई स्थानों की दूरी 100 से 150 किमी तक है।शिक्षको को मोटी कीमत चुका कर प्राइवेट वाहन बुक करके केंद्र तक पहुंचना पड़ता है।बहुत से शिक्षक चक्रधरपुर में होटल बुक कर रहकर प्रशिक्षण पूरी कर रहे है।जगन्नाथपुर, नोवामुंडी, आनंदपुर, मझगांव, मंझारी, तंतनगर, मनोहरपुर, गोइलकेरा आदि प्रखंड के शिक्षको को बहुत कष्ट झेलना पड़ रहा है। गुदुडी प्रखंड के शिक्षको को तो केंद्र तक पहुंचना लोहे के चने चिबाने के समान है।इस मामले को लेकर शिक्षको और विभिन्न राजनीतिक सामाजिक संगठनों ने मांग की है चैनपुर प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण को होल्ड करते हुए इसे प्रखंड स्तर पर सभी प्रखंड मुख्यालय में आयोजित की जाए।पर विभाग ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है।

झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ0 विद्युत रंजन षाड़ंगी ने चक्रधरपुर पोड़ाहाट अनुमंडल व्यवहार न्यायालय भवन का किया विधिवत उद्घाटन

# हमसब मिलकर आपसी सामंजस्य से न्यायपालिका व्यवस्था को और अधिक मजबूत कर सकते हैं : मुख्य न्यायाधीश

संतोष वर्मा

**चाईबासा**। रविवार को झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ० विद्युत रंजन षाड़ंगी के द्वारा जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद झारखंड उच्च न्यायालय, जिले के प्रशासनिक न्यायाधीश जस्टिस दीपक रोशन झारखंड उच्च न्यायालय, मो०शाकिर महानिबंधन झारखंड उच्च न्यायालय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला की



उपस्थिति में चक्रधरपुर आसनतलिया स्थित नवनिर्मित पोड़ाहाट अनुमंडल व्यवहार न्यायालय भवन का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात पारंपरिक रूप से पूजा-पाठ करके शीलापट का अनावरण किया गया। झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ० विद्युत रंजन षाड़ंगी के द्वारा नवनिर्मित पोड़ाहाट अनुमंडल व्यवहार न्यायालय भवन परिसर का अवलोकन कर भवन में अधिष्ठापित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ० विद्युत रंजन षाड़ंगी ने कहा कि आज पोड़ाहाट अनुमंडल व्यवहार न्यायालय भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया है। न्यायालय क्रियाशील होने के बाद से पोड़ाहाट अनुमंडल क्षेत्र के नागरिकों को न्याय के लिए जिला मुख्यालय तक का सफर नही करना होगा। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका का प्रयास रहेगा की सभो नागरिकों को एकसमान और कम से कम समय में न्याय दिया जाए। हमसब मिलकर आपसी सामंजस्य से न्यायपालिका व्यवस्था को और अधिक मजबूत कर सकते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी, उप विकास आयुक्त श्री संदीप कुमार मीणा, अपर उपायुक्त कमलेश्वर नारायण, अनुमंडल पदाधिकारी पोड़ाहाट चक्रधरपुर सुश्री रीना हांसदा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर चाईबासा अनिमेष रंजन, बार एसोसिएशन के अधिवक्ता गण सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कर्मचारियों की समस्याओं को संसद और राज्य सरकार के समक्ष रखूंगी : जोबा माझी

झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने सांसद का किया अभिनंदन, समस्याओं से कराया अवगत

बिभा संवाददाता

**चाईबासा** : झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने रविवार को सिंहभूम की नव निर्वाचित सांसद जोबा माझी का अभिनंदन किया। संत जेवियर्स ब्वायज स्कूल सभागार में आयोजित समारोह में कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। इससे पूर्व पारंपरिक तरीके से सांसद का नृत्य एवं गीत के साथ स्वागत किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष मार्टिन मुर्मू ने अभिनंदन समारोह के दौरान सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा पूर्व में



विभागीय मंत्री के रूप में कर्मचारियों के हित में मानदेय वृद्धि समेत किये गये अन्य कार्यों को संघ और कर्मचारी हमेशा याद रखेगा। इस दौरान उन्होंने सांसद के समक्ष सेविका-सहायिका व अन्य कर्मचारियों के वास्तविक मानदेय, बीएलओ कार्य से मुक्त करने, नियमावली त्रुटि में सुधार करने, सेवा शर्त एवं प्रोन्नति से संबंधित आदि समस्याओं को दूर करने की मांग की। अभिनंदन से अभिभूत सांसद जोबा माझी ने कहा आंगनाबाड़ी कर्मचारी समाज को सही दिशा देने का काम कर रहे है। कुपोषण और एनीमिया जैसी समस्याओं को आंगनबाड़ी केंद्र से ही दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा भले ही वह आज इस विभाग की मंत्री नहीं है, लेकिन कर्मचारियों की दुख-दर्द से भली भांति परिचित हूं। सांसद के रूप में भी कर्मचारियों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करती रहेगी। जोबा माझी ने कहा आंगनबाड़ी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर जल्द ही सूबे की मंत्री और सचिव के साथ बैठक कर बातों को रखूंगी। वहीं केंद्र सरकार से संबंधित मामलों को लेकर संसद में प्रखर होकर रखूंगी। उन्होंने कहा सीडीपीओ और पर्यवेक्षिकाओं की समस्याओं को भी प्राथमिकता से निदान करने का विचार रखती हूं। संघ की प्रदेश अध्यक्ष अनीता बिरूवा, मार्टिन मुर्मू, हरदेव सिंह यादव ने संबोधित करते हुए सांसद के कार्यों की प्रशंसा की। अभिनंदन समारोह में झूमा मिश्रा, श्याम रजक, रामचंद्र रजक, अजय शर्मा, उर्मिला पिंगुवा, माया मेलगांडी, कमला लागुरी, अर्चना महतो, सुमित्रा समेत पश्चिमी सिंहभूम व सरायकेला-खरसावां जिले के विभिन्न प्रखंडों की सेविका- सहायिका व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा की विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा आज से

**चाईबासाः** 15 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी के चाईबासा विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह बिजय संकल्प सभा पिल्लईहाल चाईबासा मेंदिन के 11 बजे से होगी,जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह हजारीबाग जिला प्रभारीअभय सिंह भाग लेंगे।दिनाक 16 जुलाई को कुमारडूंगी के वन विश्रामागर परिसर में मझगाँव विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह बिजय संकल्प सभा मे मुख्य अतिथि प्रदेश उपादयक्ष जवाहार पासवान होगें।दिनांक 17 जुलाई को चक्रधरपुर के पोड़ाहाट स्टेडियम में चक्रधरपुर विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह बिजय संकल्प सभा होगी जिसमें खूंटी के विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।कार्यक्रम की जानकारी हेमन्त कुमार केशरी, जिला मीडिया प्रभारी ने दी।

# पश्चिमी सिंहभूम में तीन विधानसभा सीटों पर कांग्रेस ने ठोका दावा

बिभा संवाददाता

**चाईबासा**। रविवार को जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास के अगुवाई में, जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सार्वजनिक रूप से संयुक्त बयान जारी कर पश्चिमी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी ने तीन विस सीटों से मजबूती के साथ चुनाव लड़ने का धावा ठोंका। उक्त जानकारी मीडिया प्रेस वार्ता के माध्यम से जारी किया गया।उस बात की जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता जगदीश सुन्डी ने कहा, विस की तीन सीटों की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी एवं जिला के रहने वाले प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों ने प्रदेश नेतृत्व के समक्ष अपनी बात मजबूती के साथ रखी है। परिचर्चा में कांग्रेसियों ने कहा चूंकि कांग्रेस का लोकसभा सीट कांग्रेस का सीटिंग सीट था,जिस सीट से गठबंधन के तहत जेएमएम चुनाव लड़ा था, इसलिए इस बार पश्चिमी सिंहभूम जिला में विधानसभा के तीनों सीटों पर अब कांग्रेस पार्टी ने चुनाव लड़ने का धावा ठोंका।आज के मीडिया प्रेस वार्ता कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास और राजीव गांधी पंचायती राज प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर कहा अब प्रदेश कांग्रेस



कमिटी पूर्ण रूप से विधानसभा चुनाव को लेकर सजग और सक्रिय हो चुका है। इसलिए अब हर कार्यकताओं को पश्चिमी सिंहभूम जिला में भी बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कमिटी को मजबूती प्रदान करने का काम करने में लग जाएं ताकि जहां से भी मौका मिले जीत शत प्रतिशत सुनिश्चित हो सके। वार्ता के क्रम में जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास ने कहा पिछले दिन प्रदेश नेतृत्व के अगुवाई में हुए प्रदेश कार्यालय में स्पष्ट निर्देशित किया गया था कि जिला के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक पांच -पांच नेताओं की सूची प्रदेश कार्यालय को उपलब्ध कराएं ताकि मजबूती के साथ चुनाव लड़ा जा सके इस पर जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर ने कहा इस बार जिला कमिटी पूरी तरह से तैयार है।

मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी सह जिला महासचिव राज कुमार रजक ने प्रेस बयान में कहा, कांग्रेस जिला कमिटी की ओर से उपचुनाव में विजय हुए गठबंधन दल के प्रत्याशीयों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। और उन्होंने आगे चर्चा करते हुए कहा अब देश में लोगों का सोच और नजरिया बदल चुका है। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास, राजीव गांधी पंचायती राज प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा, जिला महासचिव राज कुमार रजक, मासुम रजा,जिला प्रवक्ता सह जिला सोशल मीडिया कार्डिनेटर जगदीश सुन्डी, वरिष्ठ कांग्रेसी इम्तियाज खान,यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव सह भारत जोड़ो यात्री दीनबंधु बोयपाई,यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव सुरेश सावैया, जिला सचिव मोहन सिंह हेम्ब्रम, सचिव सह जिला सोशल मीडिया कार्डिनेटर मोहम्मद सलीम, जहांगीर आलम,सिकुर गोप, रुप सिंह बारी, दिकु सावैया, चंद्र भूषण बिरुवा, बामिया सुन्डी, सुशील कुमार दास इत्यादि मौजूद थे।


### सारंडा जंगल में नक्सली कैंप ध्वस्त, सामग्री बरामद, सुरक्षाबलों को देखते ही फायरिंग करते जंगल में भागे नक्सली

बिभा संवाददाता

**चाईबासा**। पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर थाना क्षेत्र में सारंडा जंगल के पत्थरबासा ईलाकों में रविवार तड़के सुबह नक्सली और सुरक्षा बलों को बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों को देखते ही नक्सली फायरिंग करते हुये जंगल में भाग खड़े हुये। इसके बाद सुरक्षाबलों द्वारा सारंडा जंगल में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक चाईबासा पुलिस के गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी कि पत्थरवासा ईलाकों में कुछ नक्सली अस्थायी कैंप बना कर रुके हुये है।इसके बाद शनिवार की तड़के सुबह मनोहरपुर डीएसपी जयदीप लकड़ा, सीआरपीएफ 134 बटालियन के द्वितीय कमान



अधिकारी बीरेन्द्र कुमार, एसी भानू प्रकाश, मनोहरपुर थाना प्रभारी अमीत कुमार, जराईकेला थाना प्रभारी सुर्य कांत, एएसआई मयंक कुमार की अगुआई में चाईबासा पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा और झारखंड जगुआर की एक टीम रविवार तड़के सुबह पत्थरबासा पहुंची, जहां सुरक्षाबलों को देखते ही नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जबाबी फायरिंग की। दोनों ओर से करीब आठ-दस राउंट फायरिंग हुई।इसके बाद नक्सली जंगल में भाग खड़े हुये। मौके से सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के दैनिक इस्तेमाल की सामाग्री बरामद की है। वहीं घटना स्थल और आस पास के ईलाकों में सुरक्षाबलों द्वारा सर्च अभियान जारी है।




# भाजपा का सरायकेला विधानसभा स्तरीय सभा में दिग्गजों ने किया हेमंत सरकार पर कटाक्ष, मंडल व बूथ अध्यक्ष हुए सम्मानित

बिभा संवाददाता

**सरायकेलाः** भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्थानीय टाउन हॉल में सरायकेला विधानसभा स्तरीय अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा आयोजित।

सभा में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड की हेमंत सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष झूठ पुलिंदा के सहारे राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि नई तरीके से विजय संकल्प के जरिए इस सरकार को आईना दिखाने का काम करें। हर बूथ अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में कार्यकताओं के साथ बैठक करें।



इससे पहले पूर्व सांसद भाजपा नेत्री गीता कोड़ा ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को जीताना है। झारखंड में इंडिया गठबंधन सरकार ने बड़े-बड़े वादे किए थे। एक भी घोषणा धरातल में नहीं उतरा। फ्री बिजली के नाम पर लोगों को ठगने का काम किया जा रहा है। समय पर रीडिंग नहीं।अनाप-सनाप बिल से जनता परेशान है। कार्यकर्ता अभियान में जुट जाएं इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना है। मौके में विधानसभा प्रभारी गणेश महाली ने कहा कि सिंहभूम लोकसभा चुनाव में सरायकेला विधानसभा क्षेत्र में बीस हजार से अधिक वोट से बीजेपी जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें। एक दूसरे का सहयोगी बने। नई मतदाता सूची में वोटरों को जोड़ने का काम करें। उन्होंने कहा कि झामुमो गठबंधन चुनाव से पहले हर साल 5 लाख नौकरी, या बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। ना रोजगार मिला, ना ही भत्ता। ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंके।

कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से उत्कृष्ट कार्य करने वाले मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्षों को भाजपा के दिग्गजों के कर कमलों से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व विधायक अरविंद सिंह, पूर्व विधायक अनंत राम टुडू, भाजपा प्रदेश कार्यकारी सदस्य शैलेंद्र सिंह, भाजपा नेता दिनेश कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंहदेव, आदित्यपुर के पूर्व मेयर विनोद श्रीवास्तव, सरायकेला नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी पटनायक, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज चौधरी आदि गणमान्य की उपस्थिति में भाजपा के सिद्धार्थ शंकर सिंहदेव उर्फ राजा सिंहदेव ने मंच संचालन किया। सभा में सरायकेला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र से आए मंडल व बूथ अध्यक्षों, कार्यकताओं की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com